ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


शनिवार, 7 जून 2025
वर्ष 6, अंक 69, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भगदड़ के जिम्मेदारों पर कार्रवाई शुरू 12

क्रूज ने सर्वाधिक छलांग लगाने का बनाया रिकॉर्ड 14

## तीन अगस्त को होगी नीट पीजी की परीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड को दी अनुमति

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) को शीर्ष अदालत के निर्देशों के अनुरूप तीन अगस्त को एक पाली में नीट-पीजी 2025 परीक्षा आयोजित कराने की अनुमति दे दी।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने शुरू में एनबीई द्वारा परीक्षा आयोजित करने के लिए दो महीने से अधिक का समय देने के अनुरोध पर सवाल उठाया था। पीठ ने कहा कि बोर्ड की दलील उचित प्रतीत होती है। हालांकि, शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि नीट-पीजी 2025 परीक्षा कराने के लिए एनबीई को और समय नहीं दिया जाएगा। एनबीई ने दलील दी कि शीर्ष अदालत के 30 मई के आदेश के अनुसार परीक्षा एक पाली में आयोजित की जानी है, इसके लिए लगभग 1,000 परीक्षा केंद्रों की आवश्यकता है। एनबीई की याचिका में कहा गया है कि वह 15 जून को होने वाली परीक्षा तीन अगस्त को सुबह नौ बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे के बीच आयोजित करेगा।

## पहलगाम में इंसानियत व कश्मीरियत पर हुआ था हमला

कटरा (जम्मू), एजेंसी

- प्रधानमंत्री मोदी ने कश्मीर घाटी के लिए पहली रेल लाइन और चिनाब नदी पर निर्मित दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल का किया लोकार्पण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पाकिस्तान पर आरोप लगाया कि उसने पहलगाम में पर्यटकों को निशाना बनाकर इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया। इस हमले का मकसद भारत में सांप्रदायिक दंगे भड़काना और पर्यटन पर निर्भर कश्मीरी लोगों की आजीविका छीनना था।

प्रधानमंत्री ने कश्मीर घाटी के लिए पहली रेल सेवा को हरी झंडी दिखाने और चिनाब नदी पर बनाए गए दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल और भारत के पहले केबल-स्टेड अंजी पुल सहित कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद कटरा में आयोजित एक जनसभा में पाकिस्तान पर जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पर्यटन रोजगार उपलब्ध कराता है और लोगों को जोड़ने वाली कड़ी का काम करता है, लेकिन दुर्भाग्य से पड़ोसी देश मानवता, सद्भाव और पर्यटन का दुश्मन है। मोदी ने कहा कि मानवता के साथ पाकिस्तान गरीबों की रोजी-रोटी का भी दुश्मन है। 22 अप्रैल को पहलगाम में जो हुआ, वह इसका उदाहरण है।

मोदी ने कहा कि पिछले पांच वर्षों से जम्मू-कश्मीर में पर्यटन जोर पकड़ रहा था और रिकॉर्ड संख्या में पर्यटक आ रहे थे। कहा कि पर्यटन जम्मू-कश्मीर में गरीबों की रसोई का ईंधन है और पाकिस्तान ने जानबूझकर इस क्षेत्र को निशाना बनाया। कहा कि पाकिस्तान पर्यटन पर निर्भर पर्यटक गाइड, टट्टू संचालकों, गेस्ट हाउस मालिकों, दुकानदारों और ढाबा संचालकों की आजीविका के साधन को नष्ट करना चाहता था। आदिल, जिसने आतंकवादियों को चुनौती दी थी, वह भी रोजी-रोटी कमाने के लिए वहां गया था।



चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी, रेल मंत्री वैष्णव, राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला। ● एजेंसी

### नई रेल लाइन सशक्त जम्मू-कश्मीर का प्रतीक

प्रधानमंत्री ने कहा कि उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लाइन परियोजना एक नए और सशक्त जम्मू-कश्मीर का प्रतीक है तथा भारत की बढ़ती ताकत का स्पष्ट उद्घोष है। कहा कि चिनाब और अंजी पुल जम्मू-कश्मीर के लिए समृद्धि के प्रवेश द्वार के रूप में काम करेंगे। 272 किमी लंबी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक परियोजना के पूरा होने के उपलक्ष्य में वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने से पहले मोदी ने दो अत्याधुनिक पुल का उद्घाटन किया। रियासी जिले में वैष्णो देवी मंदिर के आधार शिविर कटरा के लिए 46,000 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

## 5 साल बाद रेपो रेट में सबसे बड़ी कटौती

### भारतीय रिजर्व बैंक ने 0.5% घटाकर किया 5.5, आवास, वाहन ऋण समेत सभी तरह के कर्ज होंगे सस्ते

मुंबई, अमृत विचार नेटवर्क/एजेंसी

- एमपीसी के छह सदस्यों में पांच ने दरें घटाने के पक्ष में किया मतदान

भारतीय रिजर्व बैंक ने आर्थिक वृद्धि तेज करने के मकसद से शुक्रवार को प्रमुख नीतिगत दर रेपो को उम्मीद से अधिक 0.5 प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया। रेपो दर में पांच साल में की गई यह सबसे बड़ी कटौती है।

इसके साथ ही अप्रत्याशित रूप से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में भी एक प्रतिशत की कटौती की घोषणा की गई है। पहले यह 4 प्रतिशत थी, जो अब 3% होगी। यह कटौती चार हिस्सों में 6 सितंबर, 4 अक्टूबर, 1 नवंबर और 29 नवंबर से 0.25 प्रतिशत की दर से होगी। इससे बैंकिंग सिस्टम में 2.5 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी मिलेगी। आरबीआई के इस कदम से बैंकों के पास कर्ज देने के लिए अधिक नकदी उपलब्ध होगी जो अर्थव्यवस्था को गति देने का काम करेगी। इससे मकान, वाहन और अन्य कर्ज सस्ते होने की उम्मीद है।

आरबीआई ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब मुद्रास्फीति अप्रैल में घटकर लगभग छह साल के निचले स्तर 3.16 प्रतिशत और आर्थिक वृद्धि दर 2024-25 में चार साल के न्यूनतम स्तर 6.5 प्रतिशत पर आ गई है।

आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अगुवाई वाली छह-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने प्रमुख ब्याज दर रेपो दर 0.50 प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत करने का निर्णय किया। समिति के छह में से पांच सदस्यों ने इसके पक्ष में मतदान किया। इस कटौती के साथ आरबीआई इस साल फरवरी से लेकर अबतक रेपो दर में कुल एक प्रतिशत की कटौती कर चुका है। इस साल फरवरी और अप्रैल की मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में 0.25-0.25 प्रतिशत की कटौती की गई थी। आरबीआई ने मई 2020 के बाद पहली कटौती फरवरी में की थी। मल्होत्रा ने कहा, रेपो दर में एक प्रतिशत की कटौती के बाद मौद्रिक नीति के पास वृद्धि को समर्थन देने के लिए अब सीमित गुंजाइश बची है।



केंद्रीय बैंक को विश्वास है कि उसकी घोषणाएं कर्ज देने को बढ़ावा देने में मदद करेंगी। चूंकि वैश्विक परिवेश अनिश्चित बना हुआ है, इसलिए निरंतर मूल्य स्थिरता के बीच घरेलू वृद्धि पर ध्यान देना और भी महत्वपूर्ण हो गया है। एमपीसी की अगली बैठक चार से छह अगस्त के बीच होगी।
– **संजय मल्होत्रा**, आरबीआई गवर्नर।

### चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए ग्रोथ के अनुमान को रखा बरकरार

यह कटौती ऐसे समय में की गई है जब मार्च में समाप्त वित्त वर्ष 2024-25 में आर्थिक वृद्धि चार साल के निचले स्तर 6.5 प्रतिशत पर पहुंच गई है। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भी समान आर्थिक वृद्धि का ही अनुमान लगाया है। इसका कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क नीतियों के बाद बढ़ता व्यापार तनाव है। भारत को विकसित राष्ट्र बनने के लिए अगले 20 वर्षों तक औसतन 8% की सालाना ग्रोथ रेट को बनाए रखना होगा। यह चुनौती भरा लक्ष्य है। केंद्रीय बैंक ने 2025-26 के लिए अपने मुद्रास्फीति अनुमान को चार प्रतिशत से घटाकर 3.7 प्रतिशत कर दिया है।

### रेपो रेट क्या है

जब हमें पैसे की जरूरत हो और खाता खाली हो तो हम बैंक से कर्ज लेते हैं। बदले में बैंक को ब्याज चुकाते हैं। इसी तरह बैंक को भी जरूरत या रोजमर्रा के कामकाज के लिए रकम की जरूरत पड़ती है। इसके लिए बैंक आरबीआई से कर्ज लेते हैं। बैंक इस लोन पर रिजर्व बैंक को जिस दर पर ब्याज चुकाते हैं, उसे रेपो रेट कहते हैं।

### 50 लाख रुपये के 20 साल के लोन पर मासिक ईएमआई पर घटेंगे 1570 रुपये

बरेली के चार्टर्ड अकाउंटेंट राजेन विद्यार्थी ने बताया कि अगर आपने 50 लाख रुपये का होम लोन 20 साल के लिए लिया है, जिसके लिए आप 8.5% का ब्याज दे रहे हैं तो आपकी मंथली ईएमआई 43,392 रुपये बनेगी। अब रेपो रेट में कटौती के बाद आपके बैंक की ईएमआई में बड़ी कमी होगी। यह ब्याज घटकर 8 फीसदी रह जाएगा, जिस कारण आपके होम लोन की ईएमआई 41,822 हो जाएगी। यानी मंथली किश्त में 1570 रुपये की कमी होगी।

### क्या पड़ेगा रेपो रेट का आपके ऊपर असर

जब बैंक को रिजर्व बैंक से कम ब्याज दर पर लोन मिलेगा तो उनके फंड जुटाने की लागत कम होगी। इस वजह से वे ग्राहकों को सस्ता कर्ज दे सकते हैं। मतलब यह है कि रेपो रेट कम होने पर होम, कार या पर्सनल लोन पर ब्याज की दरें कम होंगी।

## ढाई साल की बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में ढेर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



दुष्कर्म का आरोपी।

- आरोपी पर घोषित किया गया था एक लाख रुपये का इनाम
- एसीपी कैंट आफिस के पीछे चेकिंग के दौरान हुई मुठभेड़

**अमृत विचार** : राजधानी लखनऊ में आलमबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे से ढाई वर्षीय बच्ची को अगवा कर दुष्कर्म करने के आरोपी को शुक्रवार तड़के आलमबाग पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया। एसीपी कैंट कार्यालय के पीछे हुई मुठभेड़ में आरोपी के सीने में दो गोलियां लगीं। सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस ने आरोपी की पहचान दीपक वर्मा के रूप में की थी। पुलिस आयुक्त ने 1 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। आरोपी के पास से तमंचा, खोखा, 2 कारतूस और स्कूटी बरामद हुई है। आरोपी दीपक वारदात के बाद छिपते हुए शहर से भागने की फिराक में था।

डीसीपी मध्य आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि मुठभेड़ में मारा गया आरोपी दीपक वर्मा मूल रूप से ऐशबाग स्थित रामनगर कालोनी निवासी था। वर्तमान में वह पारा के डूडा कालोनी में रह रहा था। आरोपी दीपक ट्रेनों में अवैध तरीके से पानी बेचने और जागरण में झांकी आदि लगाने का काम करता था। आरोपी ने 4 जून की रात आलमबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे परिवार संग सो रही बच्ची को अगवा किया। उसके बाद 50 मीटर दूर लिफ्ट के पास दुष्कर्म किया था। मेट्रो स्टेशन पर लगे सीसी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई थी।

सीसी कैमरे में कैद आरोपी की स्कूटी नंबर की आरटीओ से जानकारी हुई। पता चला कि स्कूटी डूडा कालोनी में रहने वाले विष्णु वर्मा के नाम से रजिस्टर्ड है। पुलिस टीम वहां पहुंची तो पता चला स्कूटी छोटा भाई दीपक चलाता है। सर्विलांस से पुलिस उसकी तलाश में लग गई। तड़के करीब 3:45 बजे इंस्पेक्टर आलमबाग सुभाष चंद्र सरोज और अन्य पुलिस कर्मी स्कूटी सवार की तलाश में लग गए। इसी बीच गन्ना संस्थान रोड पर देवीखेड़ा के पास सफेद रंग की संदिग्ध स्कूटी दिखी तो पुलिस टीम ने रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा जिसमें स्कूटी स्लिप होने से वह गिर गया और भागकर झाड़ियों में छिप गया और पुलिस पर फायरिंग करने लगा। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दीपक के सीने पर दो गोलियां लगीं और वहीं पर गिर पड़ा। दोपहर डॉक्टरों के पैनल ने वीडियोग्राफी में दीपक के शव का पोस्टमार्टम किया।

### 400 से अधिक सीसी कैमरों की फुटेज खंगाली

डीसीपी मध्य आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस की 5 टीमें इस मामले की छानबीन में लगाई गई थीं। दो टीमों को सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक करने के लिए लगाया गया था। आलमबाग मेट्रो स्टेशन समेत 400 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की गई। फुटेज की मदद से पुलिस ने आरोपी की पहचान के साथ ही उसके आने-जाने के रूट का पूरा ब्योरा तैयार किया था।

### एक नजर

#### जी-7 की बैठक में भाग लेने कनाडा जाएंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने कनाडा के कनानास्किस में होने वाली जी - 7 के शिखर सम्मेलन बैठक में भाग लेंगे। मोदी ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क जे कार्नी ने फोन किया और उन्हें जी -7 की बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है।

#### रीजीजू ने लॉंच किया वक्फ संबंधित उम्मीद पोर्टल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक मामले एवं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने केंद्रीय पोर्टल उम्मीद का शुभारंभ करने के बाद शुक्रवार को कहा कि यह वक्फ संपत्ति प्रबंधन तथा प्रशासन के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेगा। रीजीजू ने कहा कि इससे पारदर्शिता भी आएगी।

## सहारनपुर में सेना के हेलीकॉप्टर अपाचे की हुई इमरजेंसी लैंडिंग

- तकनीकी खराबी के चलते खेत में उतारा गया

**लखनऊ, अमृत विचार** : सहारनपुर के चिलकाना इलाके में सेना के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। तकनीकी खराबी के कारण पायलट ने खेत में सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। इसके दोनों पायलट पूरी तरह से सुरक्षित हैं। घटना की सूचना मिलते ही सेना और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

स्थानीय पुलिस-प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को सहारनपुर के जोधेबांस गांव में सेना के एक अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी के चलते आपात लैंडिंग कराई गई। हेलीकॉप्टर सरसावा एयरफोर्स स्टेशन से नियमित अभ्यास पर था। पायलटों ने सूझबूझ दिखाते हुए खेतों में सुरक्षित लैंडिंग कराई। घटना में कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। सेना की तकनीकी टीम ने मौके पर हेलीकॉप्टर की जांच की और सुधार के बाद उसे एयरबेस वापस भेज दिया गया।

## डिनो मोरिया, बीएमसी अफसरों के यहां छापा

मुंबई, एजेंसी

- मीठी नदी से गाद निकालने के मामले में ईडी की कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मीठी नदी से गाद निकाले जाने से जुड़े घोटाले' से संबंधित धन शोधन मामले की जांच के तहत शुक्रवार को महाराष्ट्र में अभिनेता डिनो मोरिया, बीएमसी के कुछ अधिकारियों और ठेकेदारों समेत अन्य के परिसरों पर तलाशी ली।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ये छापे महाराष्ट्र के मुंबई और केरल के कोच्चि में 15 से अधिक स्थानों पर मारे गए। इनमें मुंबई के बांद्रा (पश्चिम) में मोरिया के परिसर, उनके भाई सेंटिनो के ठिकाने शामिल हैं। इनमें बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के अधिकारियों, ठेकेदारों और कुछ अन्य के परिसर शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि बीएमसी को गाद निकालने का उपकरण प्रदान करने वाली एक कंपनी- मेटप्रोप टेक्निकल सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड कोच्चि की है, इसलिए वहां भी तलाशी ली गई। आरोप है कि इस घोटाले के कारण बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) को 65 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि जांच धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत की जा रही है।

## हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के बैंक खातों की होगी कुर्की

- 2.1 करोड़ बकाया वसूली के लिए सेबी ने दिया आदेश

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने गीतांजलि जेम्स के शेयरों में भेदिया कारोबार नियमों के उल्लंघन मामले में 2.1 करोड़ रुपये का बकाया वसूलने के लिए फरार हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के बैंक खातों, शेयरों एवं म्यूचुअल फंड को कुर्क करने का आदेश दिया है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने यह कदम 15 मई को चोकसी को भेजे गए एक नोटिस के बाद उठाया है, जिसमें 15 दिन के भीतर भुगतान न करने पर संपत्ति के साथ बैंक खाते भी जब्त करने की चेतावनी दी गई थी।

चोकसी ने गीतांजलि जेम्स लिमिटेड के शेयरों में भेदिया कारोबार नियमों के उल्लंघन मामले में जनवरी, 2022 में सेबी द्वारा लगाए गए जुर्माने का भुगतान नहीं किया था जिसके बाद यह नोटिस जारी किया गया था। चोकसी गीतांजलि जेम्स का चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक होने के साथ प्रवर्तक समूह का हिस्सा भी था।

## मस्क की स्टारलिंक को भारत में मिला लाइसेंस

नई दिल्ली, एजेंसी

- देश में प्रदान करेगी उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवा

उद्योगपति एलन मस्क की स्टारलिंक को भारत में उपग्रह संचार (सैटकॉम) सेवाओं के लिए लाइसेंस मिल गया है। यह कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो उसे देश में वाणिज्यिक परिचालन शुरू करने के और करीब ले जाएगी।

यूटेलसैट वनवेब और जियो सैटेलाइट कम्युनिकेशंस के बाद स्टारलिंक देश में उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए दूरसंचार विभाग से लाइसेंस प्राप्त करने वाली तीसरी कंपनी है। चौथी आवेदक, अमेज़न की कुइपर अभी भी अनुमोदन की प्रतीक्षा कर रह है।

सूत्रों ने बताया कि स्टारलिंक को लाइसेंस प्राप्त हुआ है। कंपनी को आवेदन करने के 15-20 दिनों में परीक्षण स्पेक्ट्रम प्रदान किया जाएगा। स्टारलिंक को अब सेवाएं शुरू करने से पहले वैध अवरोधन के लिए पहुंच प्रदान करने जैसे सुरक्षा मानदंडों का पालन करना होगा। यह लाइसेंस मस्क और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच सार्वजनिक रूप से हुए बड़े विवाद के कुछ घंटों बाद आया।

## बिजनौर में छह साल की बच्ची को आवारा कुत्तों ने नोचकर मार डाला

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर



- मां के साथ दूध लेने गई थी, बच्ची का पेट तक फाड़ दिया

**अमृत विचार** : दूध लेने मां के साथ गई 6 साल की बच्ची को लौटते समय कुत्तों के झुंड ने घेरकर बुरी तरह नोच डाला। घायल बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मामला थाना अफजलगढ़ के मोहल्ला फैजी कालोनी का है, जहां बच्ची यासमीन अपनी मां के साथ दूध लेने गई थी। लौटते समय मां, बेटी से करीब 100 मीटर आगे निकल गई और इस बीच बच्ची पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। कुत्तों ने बच्ची को 50 से अधिक जगहों पर काटा, उसका पेट तक फाड़ दिया। कुत्ते बच्ची के सिर व पेट का काफी मांस खा गए। कुत्ते बच्ची को घसीट रहे थे तो मां गुलशन ने चिल्लाकर लोगों से मदद मांगी। जब तक बच्ची को कुत्तों से छुड़ाया गया, उसकी मौत हो चुकी थी। बच्ची की मां ने बताया कि घर में दूध नहीं था, इसलिए दूध लेने गई थी। लौटते समय बेटी पीछे रह गई थी, तभी बच्ची को कुत्तों ने घेर लिया और बुरी तरह नोचा। बच्ची की चीख सुन शोर मचाया तो पीछे काम कर रहे मजदूरों ने कुत्तों को भगाया। मां गुलशन शादियों में बर्तन धोने का काम करती है और पिता मजदूरी करते हैं। बता दें कि चार माह पहले भी अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर आबाद में एक बच्चे की कुत्तों के हमले में मौत हो गई थी। नगरपालिका ईओ का कहना है कि घटना पालिका क्षेत्र से बाहर की है, कुत्तों को पकड़वाने की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की है।

## पर्यावरण व स्वच्छता के लिए बनाएं मोहल्ला समिति

### समाज की जरूरत के अनुरूप संसाधन व सुविधाएं जुटाना सरकार का दायित्व : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पार्षदों से अपील की है कि वे अपने वार्डों में मोहल्ला समितियां गठित कराएं। सफाई की निगरानी इस समिति के जिम्मे हो। साथ ही पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण से भी जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी सभ्य समाज के लिए उसकी जरूरत के अनुरूप आवश्यक सुविधाएं और संसाधन जुटाना सरकार का दायित्व होना चाहिए।

वे शुक्रवार को 4.52 करोड़ रुपये की लागत से नगर निगम गोरखपुर के सूरजकुंड कॉलोनी में बने प्रदेश के पहले कल्याण मंडपम का लोकार्पण करने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। योगी ने नागरिकों को स्वच्छता और और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी अच्छी व्यवस्था के लिए पहल करनी पड़ती है और यह सामूहिक जिम्मेदारी होती है। पीएम मोदी स्वच्छता को प्राथमिकता देते हैं। यह हम सबका भी दायित्व होना चाहिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि हमारा प्रयास समाज के सभी तबके को उनकी आय के अनुरूप बेहतरीन सुविधाएं देना है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि गोरखपुर नगर निगम द्वारा बनाया जाने वाला 75 बेडेड वर्किंग वूमेन हॉस्टल महिला सशक्तिकरण की प्रतिमान लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर होगा।



### स्मार्ट सिटी के साथ सेफ सिटी पर भी जोर

योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्मार्ट सिटी का जो विजन दिया है, उसे सेफ सिटी में भी बदलना है। ऐसा शहर बनाना है जहां बेटी, व्यापारी, बच्चे, संभ्रांत समेत समाज का हर व्यक्ति खुद को सुरक्षित महसूस कर सके। इसके लिए पुख्ता व्यवस्था करनी होगी ताकि सुरक्षा में सेंध लगाने की हिम्मत करने वाले जान लें कि उन्हें इसकी क्या कीमत चुकानी पड़ेगी। योगी ने आह्वान किया कि हर व्यक्ति अपने घर के बाहर कैमरे लगवाए इससे प्रौद्योगिकी सुरक्षा का बड़ा माध्यम बनेगी।

### सभी को प्रकृति की शरण में जाना होगा

मुख्यमंत्री ने जलवायु परिवर्तन के कारण अत्यधिक बारिश, असमय बारिश और सूखा पड़ने के संकट की चर्चा करते हुए कहा कि ऐसे संकट पूरे क्षेत्र को चपेट में लेते हैं। मानव जनित समस्या के समाधान का मार्ग भी मानव को ही बनाना होगा। योगी ने कहा कि क्लाइमेट चेंज की भयावह स्थितियों से बचने के लिए प्रकृति की शरण में जाना होगा। उन्होंने पर्यावरण की समस्या के समाधान के पीएम मोदी के आह्वान के अनुरूप एक पेड़ मां के नाम लगाने, नदियों के कैचमेंट एरिया में दोनों तरफ पौधरोपण करने का अनुरोध किया।

## शहर में आज



☞ मोहल्ला दिनदारपुरा स्थित श्री रघुनाथ मंदिर में भगवान श्री बांके बिहारी की स्थापना, हवन, भंडारा दोपहर 2 :00 बजे






### दिल्ली रोड व पीलीकोठी तिराहा पर दिख रहा ऑपरेशन सिंदूर में सेना के पराक्रम का जलवा

# महानगर में लगे फ्लेक्सी, कटआउट दे रहे देशभक्ति का संदेश

**नया भारत है घर में घुसकर मारता है...भर रहा जोश**

- **लाइट से जगमगा रहे कट आउट को रुक कर निहार रहे लोग**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष लोगों की आतंकवादियों के द्वारा की गई हत्या के बाद भारतीय सेना के एयर स्ट्राइक में पाकिस्तान में घुसकर की गई सैन्य कार्रवाई का लोहा पूरे विश्व ने माना।

महानगर की सड़कों पर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में सेना के शौर्य व पराक्रम का जलवा नगर निगम के द्वारा लगवाए गए प्रमुख मार्गों पर कटआउट में दिख रहा है। जिसे लोग सराह रहे हैं।

महानगर के दिल्ली रोड, पीलीकोठी चौराहा, कांठ रोड पर डिजिटल स्क्रीन पर संगीत की धुन की बीच कट आउट सेना के शौर्य व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लगा कट आउट लोगों का ध्यान बरबस की आकृष्ट कर रहा है। इसमें लगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सैनिक की छवि वाली प्रतिमा वाले कट आउट पर लिखा यह नया भारत है घर में घुसकर मारता है इससे देशभक्ति का जज्बा मजबूत होने के साथ लोगों को राष्ट्र के लिए मर मिटने का संदेश दे रहा है। नगर निगम के इस कार्य की नागरिक खूब सराहना कर रहे हैं। शाम को लाइटों के बीच इन कट आउट की अलौकिक छवि लोग रुक कर निहार रहे हैं। इसके अलावा देश के धरोहर को संजोते हुए मिसाइल तकनीक के प्रदर्शन से महानगर में देशप्रेम की भावना बढ़ रही है। युवा पीढ़ी के साथ हर आयु वर्ग के लोग नगर निगम के इस पहल की सराहना कर रहे हैं।




महानगर में लगा ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित कट आउट। ● अमृत विचार

> देश के ऐतिहासिक, सैन्य शक्ति, संविधान निर्माण के अलावा विज्ञान पथ आदि के माध्यम से देश की धरोहर को नगर निगम ने संजोया है। आगे भी अन्य उपलब्धियों के माध्यम से देश की वीरगाथा, सांस्कृतिक व धार्मिक धरोहरों की याद को हमेशा जीवंत रखने का कार्य किया जाएगा।
>
> – **दिव्यांशु पटेल**, नगर आयुक्त

## छुट्टियों में मिलेगा फाइव डी मोशन थिएटर का रोमांच

- **10 को कंपनी बाग में प्रदेश के पहले 3 डी होलोग्राफिक प्रोजेक्टर से दिखेगी हवा में तैरती फिल्म**

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गर्मी की छुट्टियां इस बार लोगों के लिए विशेष होंगी क्योंकि कंपनी बाग में प्रदेश के पहले 3 डी होलोग्राफिक प्रोजेक्टर से हवा में तैरती फिल्म के अलावा फाइव डी मोशन थिएटर में लाइव फिल्म का रोमांच लोगों को मिलेगा। इसका उद्घाटन प्रदेश के जलशक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के हाथों कराने की तैयारी की जा रही है। नगर निगम प्रशासन महानगर में महत्वपूर्ण परियोजनाओं की सौगात दे रहा है। अगले सप्ताह 10 जून को कंपनी बाग में प्रदेश के पहले 3 डी होलोग्राफिक प्रोजेक्शन का उद्घाटन होगा। इसके अलावा फाइव डी मोशन थिएटर में विशेष स्क्रीन पर एक साथ 500 लोगों को फिल्म देखने का अवसर मिलेगा। फाइव डी मोशन थिएटर में फिल्म देखने वाले दर्शकों को ऐसा महसूस होगा मानों वह स्वयं स्क्रीन के साथ जुड़ गए हों। सीट में लगे विशेष माइक्रोफोन से उन्हें आवाज का ऐसा जादू महसूस होगा जिससे फिल्म के पात्रों के साथ खुद के होने की अनुभूति होगी। 100 रुपये का शुल्क टिकट पर खर्च करना होगा। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि 10 जून को होने वाले लोकार्पण कार्यक्रम में प्रदेश के जलशक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा एक बड़े खेल मैदान का शिलान्यास भी खेलो इंडिया मुहिम के अंतर्गत कराया जाएगा।

# ईदगाह में सुबह 7:30 बजे होगी नमाज

## नायब शहर इमाम ने की समय से ईदगाह पहुंचने व साफ-सफाई रखने की अपील

**ईद-उल-अजहा आज**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **जिला प्रशासन ने ईदगाह में पुख्ता किए इंतजाम**

**अमृत विचार :** आज ईद-उल-अजहा का त्योहार मनाया जाएगा। महानगर की ईदगाह में सुबह 7:30 बजे नमाज अदा की जाएगी, साथ ही अन्य मस्जिदों में भी नमाज होगी। जिसके बाद कुर्बानी की सिलसिला शुरू होगा। नायब शहर इमाम मुफ्ती फहद अली ने मुसलमानों से समय से ईदगाह पहुंचने और साफ-सफाई का ध्यान रखने की अपील है।

मुस्लिम समाज के लोग हजरत इब्राहिम की याद में ईद-उल-अजहा का पर्व मनाते हैं, इस दिन ईदगाह व अन्य मस्जिदों में सामूहिक रूप से ईद की नमाज अदा करने के बाद बकरा व अन्य पशुओं की कुर्बानी करते हैं। यह सिलसिला तीन दिन तक चलता है। ईदगाह में ईद-उल-अजहा की नमाज को लेकर जिला प्रशासन ने पांच दिन पहले ही ईदगाह में नमाज की तैयारी पुख्ता करा दी है। नायब शहर इमाम मुफ्ती सैय्यद फहद अली ने महानगरवासियों से अपील की है कि कुर्बानी करते समय इस बात का ख्याल जरूर रखें कि किसी को तकलीफ न हो। साफ-सफाई का पूरा ख्याल रखें। किसी प्रकार की वीडियो न बनाएं। ईदगाह में नमाज के लिए समय से पहुंचें। सड़क पर कुर्बानी न करें।



कटघर में मार्च करते पुलिस व आरएएफ के जवान।

### बाजारों में देर रात तक हुई खरीदारी

ईद-उल-अजहा को लेकर महानगर व देहात के बाजारों में जानवरों की खरीदारी पिछले 15 दिन से चल रही है। तीन दिन पहले बाजारों में कपड़ों और अन्य सामान भी खरीदारी शुरू हो गई। शुक्रवार को महानगर के बाजारों में खरीदारी करने वालों की भीड़ उमड़ी। महानगर के गलशहीद, संभली गेट, मंडी चौक, गोलघर, अमरोहा गेट, चौमुखापुल, टाउन हाल, बाजार गंज, बुध बाजार व जीएमडी रोड पर कपड़ों, जूते व अन्य सामान की देर रात क खरीदारी हुई। वहीं दूसरी ओर रामपुर दौराहा, गोदी बाजार, ताजपुर, गलशहीद, ईदगाह रोड, पीर का बाजार व कोहिनूर तिराहा पर लगे बाजारों में जानवरों की बिक्री हुई।

### कहां कितने बजे होगी ईद की नमाज

| स्थान | समय |
|---|---|
| मस्जिद ताज वाली, मंडी बांस | 5 :35 बजे |
| मस्जिद फलाहेदारैन, कैपिटल सिनेमा | 5 :40 बजे |
| मस्जिद मौलाना वाली, तंबाकू मोहल्ला | 5 :40 बजे |
| मस्जिद बुढ़िया वाली, कांठ की पुलिया | 5 :45 बजे |
| मस्जिद सईदिया, मंडी बांस | 5 :45 बजे |
| मस्जिद सुनहरी, संभलीगेट | 5 :45 बजे |
| मस्जिद गुम्बद वाली, मोहल्ला अंडे वालान | 6 :30 बजे |
| मस्जिद हौज वाली, लाल बाग | 7 :00 बजे |
| मस्जिद मौलसरी, मोहल्ला किसरौल | 7 :30 बजे |
| मस्जिद जामिया नईमियां | 7 :30 बजे |
| मस्जिद किले वाली, जीआईसी चौराहा | 7 :45 बजे |
| मस्जिद बड़ी, असालतपुरा | 8 :00 बजे |
| मस्जिद राशिद, आजाद नगर | 9 :00 बजे |
| मदरसा मदीनातुम उलूम, आजाद नगर | 10 :00 बजे |

## एमडीए ने अनाधिकृत दुकान पर लगाई सील

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगर क्षेत्र में अनाधिकृत निर्माण व बिना स्वीकृति संचालित दुकानों के खिलाफ मुरादाबाद विकास प्राधिकरण का प्रवर्तन अभियान जारी है। जिसके तहत शुक्रवार को जोन-02, सब-जोन-10 स्थित आदर्श नगर पंजाबी कॉलोनी ईदगाह रोड पर संचालित एक अवैध दुकान को सील किया।

प्राधिकरण की सचिव अंजूलता ने बताया कि दुकान स्वामी जसविंदर सिंह गुलाटी बिना अनुमति के व्यावसायिक गतिविधि चला रहे थे। दस्ते ने मौके पर जांच के बाद दुकान को नियमानुसार सील किया। कार्रवाई पुलिस बल व अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में हुई। एमडीए सचिव ने कहा कि बिना अनुमति निर्माण अथवा व्यावसायिक गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। नागरिकों से अपील है कि नियोजित व सुरक्षित शहरी विकास में सहयोग करें और किसी भी अनाधिकृत गतिविधि की जानकारी तत्काल दें।

# 9 डीएसपी, 15 इंस्पेक्टर संभालेंगे सुरक्षा की कमान

**कड़े इंतजाम**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **80 दरोगा समेत 400 से अधिक पुलिसकर्मियों की लगी ड्यूटी**

**अमृत विचार :** शनिवार को ईद-उल-अजहा पर जिले भर में नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। व्यवस्था बनाने के लिए ईदगाह और आसपास के इलाके को 11 सेक्टर में बांटा गया है। नमाज के दौरान चप्पे-चप्पे पर फोर्स की तैनात की गई है। इसके लिए 9 सीओ के नेतृत्व में 400 से अधिक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। सीसीटीवी व ड्रोन से निगरानी की जाएगी।

शनिवार को कुर्बानी का त्योहार ईद-उल-अजहा मनाया जाएगा। मुख्य नमाज ईदगाह पर सुबह 7:30 बजे से होगी। इसमें बड़ी संख्या में नमाजियों के शामिल होने की संभावना है। इसे ध्यान में रखते हुए पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि व्यवस्था बनाने के लिए ईदगाह और उसके आसपास के इलाके को 11 सेक्टर में बांटा गया है। हर सेक्टर की जिम्मेदारी सीओ और इंस्पेक्टर लेबल के अधिकारियों को दी गई है। इनके अंडर में कई दरोगा व सिपाहियों की ड्यूटी लगाई गई है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए 9 डीएसपी, 15 इंस्पेक्टर और 80 दरोगा समेत 400 से अधिक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही पीएसी की एक कंपनी भी तैनात रहेगी। वॉच टावर और रूफ टॉप ड्यूटी लगाई गई है। अन्य ईदगाह और मस्जिदों पर भी ईद-उल-अजहा के मद्देनजर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी को बता दिया गया है कि शासन के निर्देश के अनुसार कहीं भी सड़क पर नमाज नहीं पढ़ने दी जाएगी। लोगों से अपील है कि वह ईदगाह और मस्जिदों में ही नमाज अदा करें। एसपी सिटी ने बताया कि किसी ने माहौल खराब करने की कोशिश की तो उससे सख्ती से निपटा जाएगा।

## कुर्बानी के बाद एक पेड़ जरूर लगाएं गड्ढे में ही डालें अवशेष

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सर सैय्यद एसोसिएशन सोशल वेलफेयर सोसाइटी के कार्यालय पर शुक्रवार को ईद-उल-अजहा को लेकर सद्भावना बैठक हुई। सोसाइटी के अध्यक्ष मोहम्मद आबिद ने कहा कि आज ईद-उल-अजहा मनाई जाएगी इसलिए जितने भी भाई कुर्बानी करते हैं, वह पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए एक पौधा जरूर लगाएं। उन्होंने कहा कि यह शहर व देश हमारा है, इसको साफ सुथरा बनाए रखना हम सब की जिम्मेदारी है। इसलिए कुर्बानी का जो कचरा बचता है, उसको हम इधर-उधर फेंक कर गंदगी न फैलाएं, केवल कूड़ाघर में ही डालें, कुर्बानी का मीट किसी को बांटने के लिए लेकर जाए तो उसे ढंक कर ले जाएं, जिससे किसी को परेशानी न हो। कुर्बानी का मीट या अवशेष इधर-उधर न फेंक कर किसी गड्ढे में दबा दें। कुर्बानी केवल सुन्नत ही नहीं हमारे नफ्स कि भी कुर्बानी है। मुरादाबाद की गंगा-जमुनी तहजीब को बनाए रखें। बैठक में कारी मोहम्मद फैजान, मोहम्मद शोएब, हाफिज अब्दुल्लाह, अब्दुर रहमान, मोहम्मइ वाजिद, आजाद मसीह जोशी, अदीब इलाही, दाऊद खान, सनफ शम्सी शामिल रहे।






**आज का मौसम**
आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे और मौसम सामान्य रहेगा।
37.0° 26.0°

# उत्तर प्रदेश पुलिस परिवार का हिस्सा बने 34 डिप्टी एसपी

## डीजी ट्रेनिंग तिलोत्तमा वर्मा ने ली सलामी और एडीजी राजीव सभरवाल ने किया परेड का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** एक साल 15 दिन कड़े प्रशिक्षण के बाद शुक्रवार को 34 डिप्टी एसपी पासिंग आउट परेड के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस का हिस्सा बन गए। डॉ. बीआर आंबेडकर पुलिस अकादमी के मैदान में परेड की सलामी डीजी ट्रेनिंग तिलोत्तमा वर्मा ने ली और अकादमी के एडीजी राजीव सभरवाल ने शपथ दिलाई। 34 डिप्टी एसपी में नौ महिलाएं और 25 पुरुष शामिल हैं।अब नए डिप्टी एसपी शनिवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलेंगे।

यूपी पीसीएस परीक्षा-2023 में चयनित 36 डिप्टी एसपी का बैच लगभग एक साल पहले ट्रेनिंग के लिए डॉ. बीआर आंबेडकर पुलिस अकादमी में भेजा गया था। इसमें दो अभ्यर्थी बीच में ही ट्रेनिंग छोड़कर चले गए थे। 34 प्रशिक्षु डिप्टी एसपी की 12 माह 15 दिन तक इंडोर और आउटडोर की ट्रेनिंग हुई। फाइनल परीक्षा में सभी अभ्यर्थी उत्तीर्ण हो गए। शुक्रवार की सुबह 8.40 बजे से शुरू हुई पासिंग आउट परेड में सभी शामिल हुए। कदम ताल करते हुए मैदान तक पहुंचे। मुख्य अतिथि डीजी ट्रेनिंग तिलोत्तमा वर्मा के पहुंचने पर परेड शुरू हुई। सबसे पहले डीजी और एडीजी राजीव सभरवाल को परेड कमांडर अवनीश कुमार सिंह ने परेड का निरीक्षण कराया। बाद में देश का तिरंगा और पुलिस ध्वज मैदान में लाया गया। तिरंगे के साथ डिप्टी एसपी कदम ताल कर रहे थे। बाद में सभी ने मैदान के दो चक्कर लगाकर परेड पूरी की। परेड की सलामी डीजी ने ली। तिरंगे व पुलिस ध्वज के सामने सभी को पद की शपथ दिलाई गई। सर्वांग सर्वोत्तम बनें जिला सुल्तानपुर के तहसील जयसिंहपुर क्षेत्र के गांव रामनाथपुर निवासी गौरव उपाध्याय, इंडोर टॉपर बनीं महाराजगंज की आकांक्षा गौतम और आउटडोर टॉपर बने गाजियाबाद के अवनीश कुमार सिंह को डीजी ने ट्राफी व शील्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान मौजूद नवागत डिप्टी एसपी के परिवारों का उत्साह देखते ही बन रहा था। सभी का सीना फक्र से चौड़ा था।


पासिंग आउट परेड के बाद डिप्टी एसपी के साथ मुख्य अतिथि डीजी ट्रेनिंग तिलोत्तमा वर्मा व अन्य पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार


परेड का निरीक्षण करतीं मुख्य अतिथि डीजी ट्रेनिंग तिलोत्तमा वर्मा। ● अमृत विचार


पासिंग आउट परेड में सलामी देते हुए गुजरते डिप्टी एसपी। ● अमृत विचार

### एक माह पहले ही हुई आकांक्षा के पिता की मौत

**इंडोर टॉपर**



महाराजगंज के थाना फरेंदा के नगर कॉलोनी निवासी आकांक्षा गौतम के पिता स्व. रमाकांत एलआइसी में थे। मां सुशीला गौतम गोरखपुर में स्टाफ नर्स हैं। भाई-बहनों में आकांक्षा बड़ी हैं। छोटा भाई सौरभ डॉक्टर है। आकांक्षा बताती हैं कि पिता का सपना था कि वह पुलिस अधिकारी बनें। पढ़ाई के बाद ही तैयारी शुरू की। खुशी के ऐसे मौके पर आकांक्षा भावुक होकर बोली कि पिता ने उन्हें डिप्टी एसपी बनते तो देख लिया लेकिन, ट्रेनिंग से ठीक एक माह पहले उनका बीमारी के चलते निधन हो गया। ऐसे में वर्दी में पिता को न देख पाने का मलाल रहेगा।

### बचपन से पुलिस अधिकारी बनने का था सपना

**आउट डोर टॉपर**



गाजियाबाद के विजय नगर निवासी अवनीश कुमार सिंह के पिता उमेश कुमार सिंह कारोबारी है। वह बताते हैं कि परिवार में कारोबार के बावजूद बचपन से ही पुलिस अधिकारी बनने का सपना था। वर्ष 2021 में बीटेक के बाद तैयारी शुरू कर दी। यूपीपीसीएस की परीक्षा में शामिल हुआ और सफलता मिली। वह कहते हैं कि हमेशा से सोचा कि जरूरतमंद की मदद करूं। वर्दी सेवा कार्य का सबसे बड़ा जरिया है। कहते हैं कि हमेशा प्राथमिकता रहेगी कि फरियादी की पूरी बात सुनकर उनकी समस्या का निदान कराया जाए, जिससे सभी का हमेशा की तरह खाकी के प्रति सम्मान बना रहे।

### पिता का सपना पूरा करने को छोड़ी खाद्य एवं संभरण अधिकारी की नौकरी

**सर्वांग सर्वोत्तम**



मूल रूप से जिला सुल्तानपुर के तहसील जयसिंहपुर क्षेत्र के गांव रामनाथपुर निवासी गौरव उपाध्याय के पिता ब्रह्म प्रकाश उपाध्याय नई दिल्ली के नवयुग स्कूल में अध्यापक है। मां अनीता उपाध्याय गृहणी है। पिता के दिल्ली में अध्यापक होने के चलते पूरा परिवार दिल्ली में ही रहने लगा। इकलौते बेटे गौरव ने पढ़ाई के बाद तैयारी शुरू की। दिल्ली में ही खाद्य एवं संभरण अधिकारी बन गए। इस बीच प्रदेश में वापस लौटकर सेवा का भाव आया। पिता से चर्चा हुई। उन्होंने भी हामी भरी। फिर क्या, पिता का सपना पूरा करने के लिए गौरव निकल पड़े। वर्दी पहन लोगों की सेवा का मन बना लिया। यूपीपीसीएस की तैयारी शुरू की और परीक्षा पास कर डिप्टी एसपी बन गए। शुक्रवार को ट्रेनिंग पूरी होने के बाद गौरव उपाध्याय के पूरे परिवार में खुशी दौड़ पड़ी।

## एक नजर

### जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं की तैयारी में जुटा खेल विभाग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सोनकपुर स्टेडियम में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता इस माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित की जाएंगी। खेल विभाग इसकी तैयारियों में जुटा है। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी जितेंद्र यादव ने बताया कि हर साल जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता अक्टूबर, नवंबर में होती हैं। यही समय मंडल स्तरीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का होता है। ऐसे में न सिर्फ खिलाड़ियों को परेशानी होती है बल्कि विभाग को भी व्यवस्था बनाने में समय लगता है। भविष्य में इस तरह की दिक्कतों से निपटा जा सके इस संबंध में बीते सप्ताह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक हुई, जिसमें जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं इस माह के अंत में या जुलाई में पहले सप्ताह में कराने का निर्णय लिया है। ग्रीष्मकालीन अवकाश खत्म होते ही प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए छात्र-छात्राओं से संपर्क साधा जाएगा। हालांकि, इस संबंध में खेल निदेशालय से पत्र आने का इंतजार किया जा रहा है।

### मेड़ विवाद में दो पक्षों में मारपीट, पांच घायल

**कांठ, अमृत विचार :** मेड़ विवाद में गाली गलौज के बाद दो पक्षों में लाठी-डंडों से मारपीट हो गई। संघर्ष में पांच लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने थाने में तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसली जमालपुर उर्फ गदापुर में शुक्रवार को रामवीर सिंह व अनिल में मेड़ को लेकर विवाद हो गया। दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष ने मेड़ काट दी थी। दोनों पक्ष एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। दोनों पक्षों में गाली गलौज के बाद लाठी डंडों चल गए। मारपीट में एक पक्ष के रामवीर सिंह, उनकी मां वीरवती, बेटा सुमित सिंह एवं जयवीर सिंह को गंभीर चोट आई तो दूसरे पक्ष की ओर से अनिल व नीतू घायल हो गए। एक पक्ष ने सीएचसी कांठ में डॉक्टरी परीक्षण कराया है। पुलिस छानबीन कर रही है।

### तेंदुए ने पालतू कुत्ते को बनाया निवाला

**कांठ, अमृत विचार :** बालाजी दरबार व कमलनाथ आश्रम में एक तेंदुए ने पालतू कुत्ते को निवाला बना लिया। नगर से 6 किलोमीटर दूर ग्राम गुलड़िया बहादुरपुर में स्थित श्री बालाजी दरबार व कमलनाथ आश्रम के संस्थापक संत बाबा तेजराम उर्फ कमलनाथ ने बताया कि गुरुवार रात 9 बजे एक तेंदुआ नल के पास आते देखा तो सेवकों के होश उड़ गए। कोई कुछ करता इससे पहले ही तेंदुए ने वहां मौजूद कुत्ते पर हमला कर निवाला बना लिया। गौरतलब है कि यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। जो सुरक्षा को लेकर भयभीत है।

### कानून और भ्रष्टाचार को लेकर हुई कार्यशाला

**बिलारी, अमृत विचार :** अमरपुर काशी के ग्रामोदय ला कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसका विषय कानून और भ्रष्टाचार था। मुख्य अतिथि प्रो. हरबंस दीक्षित, एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त ने कार्यक्रम का आरंभ किया। वक्ताओं ने भ्रष्टाचार को गोपनीयता के अंधेरे में पनपने वाला कार्य कहा। डॉ जयपाल सिंह व्यस्त ने भ्रष्टाचार संबंधित अनुभवों को साझा किया।

# पशु बाजार में लाठी-डंडों से मारपीट

**दबंगों का आतंक**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** ईद से पहले रामपुर दोराहे पर लगे अवैध पशु बाजार में दबंगों ने कानून की धज्जियां उड़ाते हुए जमकर तांडव मचाया। यह पूरा घटनाक्रम शुक्रवार को दिनदहाड़े हुआ, जिसकी लाइव वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह लाठी-डंडों से लैस दबंग पशु विक्रेताओं और किसानों पर टूट पड़े और उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। सूत्रों के अनुसार यह अवैध पशु बाजार मेहरा नामक दबंग द्वारा संचालित कराया जाता है। आरोप है कि यहां आने वाले पशु व्यापारियों और किसानों से अवैध वसूली की जाती है। जब कुछ किसानों ने इसका विरोध किया तो दबंगों ने उन पर हमला कर दिया। लाठी-डंडे चलाए गए और भगदड़ जैसी स्थिति बन गई।


पशु बाजार में लाठी डंडों से मारपीट करते आरोपी। (वायरल फोटो)

- कानून व्यवस्था को चुनौती मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

शुक्रवार को सोशल मीडिया पर मारपीट का एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें कुछ दंबग लाडी-डंडों से मारपीट कर रहे है। पूरा मामला थाना कटघर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली काशीपुर तिराहा चौकी क्षेत्र रामपुर दोराहा का बताया जा रहा है, जहां पुलिस की निष्क्रियता पर भी अब सवाल उठ रहे हैं। मारपीट और अवैध वसूली के बावजूद मौके पर पुलिस का देर से पहुंचना और अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होना, प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। लोगों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है। उन्होंने मांग की है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और बाजार को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए।

## गर्मी से राहत नहीं लोगों का छूटा पसीना

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सूरज के तेवर तल्ख बने हुए हैं। गर्मी से फिलहाल राहत मिलती नहीं दिख रही है। लोगों के पसीने छूट रहे हैं। शुक्रवार सुबह नौ बजे ही अधिकतम तापमान 33 डिग्री पर जा पहुंचा था। दोपहर में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गर्मी के कारण घरों में दिन-रात पंखे-कूलर चल रहे हैं। बावजूद इसके शरीर से पसीना नहीं सूख रहा हैं। तीखी धूप और उमस के कारण लोगों का हाल-बेहाल है।

सुबह दिन निकलने के साथ ही पारा बढ़ने लगता है। गर्मी की तपिश व तेज गर्म हवा (लू) से बचने के लिए लोग घरों में जरूरी काम होने पर ही निकल रहे हैं। शुक्रवार को भी सुबह दस बजे धूप तेज हो गई कि लोग घरों से बाहर निकलने में कतराने लगे। जो घर से बाहर निकले उन्होंने गमछा, छाता आदि का सहारा लिया। हालांकि, दिन ढलने के साथ राहत मिल रही है।

# घर बैठे बनाएं बिजली बिल, विभाग ने यूपीपीसीएल कंज्यूमर एप किया लॉन्च

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बिजली विभाग की ओर से उपभोक्ताओं के लिए एक एप लॉन्च किया गया है। इस एप से उपभोक्ताओं को घर बैठे एक साथ बिल भुगतान से लेकर बिन बनाने के अलावा अपने छह महीने की सारी जानकारी के साथ कई अन्य प्रकार की सुविधाएं मिल जाएंगी। बिजली विभाग के अधिकारी यूपीपीसीएल कंज्यूमर एप के प्रसार प्रचार के लिए मुख्य अभियंता से लेकर विद्युत उपकेंद्र पर पंपलेट के माध्यम अब तक प्रचार कर रहा था। अब सामाजिक जगहों पर बैनर होर्डिंग के माध्यम से प्रचार करने में जुटा है।

अधिशासी अभियंता देहात वितरण खंड प्रथम आशीष लाल ने बताया बिजली विभाग के कंज्यूमर एप उपभोक्ताओं की कई समस्याओं के समाधान के रूप में काम करेगा।

- प्रचार के लिए महानगर में लगे होर्डिंग पर जल्द मिलेगा बिजली विभाग का क्यूआर कोड
- एप के जरिए जमा किया गया बिल सीधा यूपीपीसीएल के खाते में जाएगा

इसके लिए बिजली विभाग क्यू आर कोड की व्यवस्था भी करने जा रहा है,जो हर सामाजिक जगह पर लगे होर्डिंग्स पर मिलेगा। यह क्यूआर कोड यूपीपीसीएल कंज्यूमर एप से जुड़ा होगा। इसके प्रसार प्रचार में बिजली विभाग की ओर बैनर और होर्डिंग महनगर के रोडवेज डिपो ,तहसीलों ,कलेक्ट्रेट, रेलवे स्टेशन से भीड़ वाले स्थानों पर लगाएगा। उन्होंने बताया अब उपभोक्ताओं को पेटीएम, फोन पे या अन्य किसी भी ऑनलाइन के माध्यम जमा किया गया बिल का स्क्रीन शॉट उपभोक्ताओं को संभाल कर रखना पड़ता था। इस एप के माध्यम से जमा किया गया बिजली का बिल सीधा यूपीपीसीएल के खाते में तुरंत दिखाई देगा। बिल भुगतान का मैसेज उपभोक्ताओं के मोबाइल पर आएगा। पहले अन्य माध्यम की ओर जमा किए गए बिजली के बिल भुगतान का मैसेज मिलता था। जिसमे कभी कभी कई दिन लगते थे।

### एप से बने बिल को कहा जाएगा ट्रस्ट बिल

अधिशासी अभियंता द्वितीय अरुण कुमार ने बताया कि इए एप से बनाए बिजली के बिल को ट्रस्ट बिल कहा जाएगा। कभी भी बिजली विभाग के कर्मचारी उपभोक्ता के खुद बनाए बिल को कर चेक कर सकते हैं। उपभोक्ता द्वारा बनाया गया बिल सही है क्या नहीं। उपभोक्ता जैसे ही इस एप को को लॉग इन करेंगे तो तुरंत मोबाइल पर पिछले छह महीने के डेटा दिखाई देने लगेगा।

# गबन में फंसी प्रधान पर मनरेगा में फर्जी नाम से लाखों रुपये हड़पने का आरोप

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

**अमृत विचार :** राना नगला गांव की प्रधान द्वारा ग्राम पंचायत निधि में फर्जीवाड़ा कर गबन करने की जांच कर रहे डीपीआरओ पर ग्रामीणों ने प्रधान से सांठगांठ करने आरोप का लगा डीएम से शिकायत की है। पूर्व में गांव के रामसरन , राजवीर, सचिन समेत कई ग्रामीणों की शिकायत पर डीएम ने जांच डीपीआरओ, जिला उद्यान अधिकारी को सौंपी थी।

गांव राना नगला निवासी रामसरन, राजवीर और अजेंद्र समेत अन्य ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर 2024-25 में अपने कार्यकाल में विकास कार्य के लिए मनरेगा योजना में काम करने मजदूरों के फर्जी नाम दिखाकर लाखों रुपये की पंचायत निधि गबन करने का आरोप लगाकर इसकी शिकायत डीएम अनुज सिंह से की। जिस पर उन्होंने डीपीआरओ और जिला उद्यान अधिकारी को तत्काल जांच कर रिपोर्ट मांगी थी। जिला उद्यान अधिकारी ने अपनी जांच कर आख्या दे दी है। ग्रामीणों का आरोप है कि डीपीआरओ ने प्रधान से सांठगांठ कर अब तक जांच ही नहीं की है। शिकायती पत्र में डीपीआरओ से जांच न कराकर अन्य किसी अधिकारी को नामित करने की मांग की है। डीपीआरओ वाचस्पति झा का कहना है कि ऐसे किसी जांच के आदेश की जानकारी नहीं है। जबकि डीएम ने सीडीओ व डीपीआरओ को जांच के आदेश देकर रिपोर्ट मांगी थी।

- जांच कर रहे डीपीआरओ पर ग्रामीणों ने लगाया सांठगांठ का आरोप, डीएम ने मांगी रिपोर्ट

# मोदी सरकार ने लागू की गरीबों के कल्याण की कई योजनाएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार के 11 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को भाजपा के बुद्धि विहार स्थित जिला कार्यालय पर कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी राजेश यादव रहे। कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आकाश कुमार पाल ने कर केंद्र सरकार की योजनाएं व उपलब्धियां गिनाईं।

मुख्य अतिथि पार्टी के जिला प्रभारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार के 11 वर्षों के अपने कार्यकाल में गरीबों के कल्याण के लिए कई योजनाएं लागू की हैं। उन्होंने योजनाओं के माध्यम से देश और उसके नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार नौ जून को अपनी सत्ता के लगातार 11 साल पूरे करने जा रही है।


कार्यक्रम का आरंभ करते जिलाध्यक्ष आकाश पाल, साथ में जिला प्रभारी राजेश यादव व अन्य।

- जिलाध्यक्ष ने गिनाईं केंद्र सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां

सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियां लोगों तक ले जाने के लिए पार्टी जनसंपर्क अभियान शुरू करेगी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार ने 11 वर्ष के कार्यकाल में प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जन धन योजना और आयुष्मान भारत आदि के माध्यम से लोगों को लाभ दिया है। 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से बाहर आ पाए हैं।

कुंदरकी के विधायक रामवीर सिंह ने कहा कि हम सब जनता तक पहुंचकर मोदी सरकार की प्रमुख उपलब्धियों के बारे में उन्हें बताएं। कार्यशाला में महामंत्री राजन बिश्नोई, हरज्ञान सिंह, चंद्रपाल सैनी, पूर्व जिला महामंत्री चौधरी हुकुम सिंह, जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका, भजनलाल पाल, आदेश चौधरी, ओमपाल सैनी, वाले चरण वाल्मीकि सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**सेहतनामा** | बदलती जीनशैली बन रही वजह, रोजाना 20 से 25 युवा पहुंच रहे जिला अस्पताल

# कम उम्र में उच्च रक्तचाप की चपेट में आ रहे युवा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बदलती जीवनशैली के कारण रक्तचाप से जुड़ी समस्याएं कम उम्र में ही युवाओं को चपेट में ले रही हैं। चिकित्सक इसका मुख्य कारण मानसिक तनाव, कम शारीरिक श्रम, मोटापा, नींद पूरी न होना और धूम्रपान आदि को मान रहे हैं। जिला अस्पताल में इस समस्या को लेकर प्रतिदिन 20 से 25 युवा उपचार के लिए पहुंच रहे हैं।

उच्च रक्तचाप के प्रति लोगों में अभी जागरुकता नहीं है। चिकित्सकों के अनुसार मरीज बातचीत में बताते हैं कि उन्होंने खुद ही दवाइयां खाना बंद कर दिया। जबकि, डॉक्टरों की सलाह के बिना न तो दवाएं बंद करनी चाहिए और न ही बदलनी चाहिए। जिला अस्पताल में चेस्ट फिजिशियन डॉ. प्रदीप वार्ष्णेय ने बताया कि बदलती जीवनशैली जैसे शारीरिक श्रम कम करना, रात में देर तक जागना, कसरत व योग न करना, नशा करना, मानसिक तनाव आदि के कारण युवा कम उम्र में ही उच्च रक्तचाप की समस्या से ग्रसित हो रहे हैं। डॉक्टर से नियमित रूप से अपने रक्तचाप की जांच करवाएं।



जिला अस्पताल की ओपीडी में लाइन में लगे लोग। ● अमृत विचार

- जंक फूड, कम नींद, मोटापा और मानसिक तनाव है मुख्य कारण

### अधिक थकान, सिर दर्द व हाइपरटेंशन प्रमुख लक्षण

उन्होंने बताया कि सिर दर्द होना, अधिक थकान, धुंधला दिखाई देना, सीने में दर्द, सांस लेने में कठिनाई, चक्कर आना, उल्टी और पेशाब में खून आना इसके प्रमुख लक्षण हैं।

### इस तरह करें बीमारी को नियंत्रित

उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करने का प्रभावी तरीका नियमित व्यायाम करना है। अपने आहार में बदलाव करते हुए फल, हरी सब्जियां और साबूत अनाज का अधिक प्रयोग करें। ड्राई फ्रूट्स और खाने के साथ अधिक से अधिक सलाद का सेवन करें। नमक का सेवन कम करें। शराब व धूम्रपान से बचें

### नियमित व्यायाम करें

हर दिन 30 मिनट तक एरोबिक व्यायाम करें, स्वस्थ वजन बनाए रखें क्योंकि मोटापा उच्च रक्तचाप का एक प्रमुख जोखिम कारक है। योग, ध्यान और गहरी सांस लेने के व्यायाम अपनाएं।

# नदी में डूबे किसान का मिला शव

संवाददाता, अगवानपुर

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में किसान भैंस चराते समय नदी में डूबे किसान का शुक्रवार को शव मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया। परिजनों ने शव को सुपुर्दे खाक कर दिया।


मृतक जरीफ अहमद

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के मऊ निवासी जरीफ अहमद किसान थे। गुरुवार को वह भैंस चराने के लिए रामगंगा नदी किनारे गए थे। नदी पार करने के दौरान उन्होंने भैंस की पूंछ पकड़ रखी थी। हाथ से पूंछ छूटने पर वह नदी में डूब गए। पुलिस ने गोताखोरों को बुलाया, लेकिन शव का कुछ पता नहीं लगा। शुक्रवार की सुबह करीब 6 बजे पुल के नीचे जरीफ का शव तैरता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने नम आखों से शव को सुपुर्दे खाक कर दिया गया। बताया गया कि मृतक के परिवार में 5 लड़के और 4 लड़कियां है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### जंगल में मिला अज्ञात शव, फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के सतारन गांव के जंगल में अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस अधिकारियों ने मुआयना कर फॉरेंसिक टीम को बुलवाकर साक्ष्य एकत्र कराए। देर शाम तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सतारन में शुक्रवार की शाम पंचायत घर से आगे पश्चिम में बने एक ट्यूबवेल के नजदीक एक शव मिला। जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस क्षेत्र अधिकारी राजेश कुमार तिवारी कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा, अपराध निरीक्षक जयदेव यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य एकत्र करवाएं गए। इसके बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि शव कि शिनाख्त करने की कोशिश की गई परंतु अभी तक शव की पहचान नहीं हो पाई है।

भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर
स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine

45 वर्षों का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण

मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

# शहर इमाम ने की सौहार्द से त्योहार मनाने की अपील

## ईद उल अजहा आज, ईदगाह में सुबह 7:30 बजे होगी नमाज

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** बकरीद को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुबह 7:30 बजे कांठ की ईदगाह में शहर इमाम मौलाना मोहम्मद शोएब तो ऊमरी कलां ईदगाह में शहर इमाम मुफ्ती शाहिद बकरीद की नमाज अदा कराएंगे। यह निर्णय ईदगाह कमेटी द्वारा भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप को देखते हुए लिया गया है।

शहर इमाम मौलाना शोएब ने लोगों से अपील की है कि बकरीद का त्योहार शांतिपूर्ण व सौहार्द के साथ मनाएं। निर्धारित स्थानों पर ही पशुओं की कुर्बानी करें। उनके अवशेषों को इधर-उधर ना फेंके, उन्हें गड्ढे खुदवाकर उसमें दफन करा दें। सीओ गौरव त्रिपाठी, थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार शर्मा ने भारी पुलिस बल के साथ नगर के अनेक गली मोहल्लों में फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का एहसास दिलाया। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि भाईचारे के साथ अपने पर्व को मनाएं और किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू नहीं करें। असामाजिक तत्वों की जानकारी मिलने पर पुलिस को तुरंत सूचित करें।



कांठ की मुख्य बाजार में फ्लैग मार्च करती पुलिस। ● अमृत विचार

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने देखीं व्यवस्थाएं

ईद-उल-अजहा पर्व के दृष्टिगत नगर पंचायत ऊमरी कलां के अध्यक्ष उस्मान अली ने शुक्रवार को नगर में साफ-सफाई, जलनिकासी, सड़कों की स्थिति तथा कुर्बानी स्थलों पर तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पंचायत के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जरूरी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान सय्यद मुअज्जम अली मौजूद रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष ने नगरवासियों से त्योहार शांतिपूर्ण व स्वच्छ तरीके से मनाने की अपील की।

### देर रात तक चली खरीदारी

कांठ के बाजार में महिलाओं, बच्चों,और युवाओं ने जमकर खरीदारी की। बाजार में शुक्रवार को अधिक भीड़ दिखाई दी। देर रात तक बाजार की दुकान खुली रही।

### अधिकारियों ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने क्षेत्र का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

### चार सेक्टर में बांटी गई कांठ तहसील की सुरक्षा व्यवस्था

**कांठ, अमृत विचार :** बकरीद पर सुरक्षा की दृष्टि से कांठ तहसील क्षेत्र को 4 सेक्टरों में बांटा गया है। 11 सेक्टर मजिस्ट्रेट और मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। बकरीद को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन सतर्क है। एसडीएम संत दास पवार ने बकरीद और ईदगाह में नवाज कराए जाने के लिए कांठ में तहसीलदार अंजली सिंह, ऊमरी कलां में खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार, नायब तहसीलदार छजलैट अनिल मिश्रा शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में, खंड विकास अधिकारी सतीश कुमार अपने संपूर्ण विकास खंड का सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाया है। एसडीएम ने निगरानी हेतु सीसीटीवी लगाने व अपने पास कैमरा रखने को निर्देशित किया है। तहसीलदारों को बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ने, आवागमन के मार्गों का चिन्हीकरण पूर्व से ही कराने के कड़े निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि लापरवाही पाई जाने पर नियुक्त किए गए सेक्टर मजिस्ट्रेट जिम्मेदार होंगे।

## सड़कों पर अदा न करें नमाज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ईद उल अजहा का पर्व शनिवार को मनाया जाएगा। ईदगाह में ईद की नमाज अदा करने के बाद मुसलमान कुर्बानी का फरीजा अदा करेंगे। पुलिस प्रशासन ने ईदगाहों व कुर्बानगाहों का मुआयना कर सड़कों पर नमाज अदा नहीं करने और खुले में कुर्बानी नहीं करने की अपील की है।

हाजी याकूब कुरेशी ने बताया कि स्योहारा रोड ईदगाह में नमाज सुबह आठ बजे, जामा मस्जिद कुरैशियान में सात बजे और मस्जिद फिरदौस में साढ़े छह बजे अदा की जाएगी। शरीफ नगर ईदगाह के इमाम मुफ़्ती परवेज आलम के अनुसार ईदगाह में नमाज 7:45 बजे अदा की जाएगी। ताजुल मसजिद बागवाली में सुबह 7:30 बजे अदा की जाएगी। सुरजन नगर के मुफ़्ती मायुद्दीन के अनुसार ईदगाह में नमाज 7:30 बजे और ताज मस्जिद में 7:00 अदा होगी। देर रात पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने ईदगाह और कुर्बानगाह का निरीक्षण किया। एसडीएम प्रीति सिंह व कोतवाल जसपाल सिंह ग्वाल ने बताया कि ईदगाहों और मस्जिदों पर पुलिस तैनात रहेगी।

## ईद उल अजहा को लेकर हुई बैठक

**भगतपुर, अमृत विचार:** मानपुर चौकी में शुक्रवार को ईद उल अजहा के मद्देनजर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में त्योहार शांति पूर्वक मनाने की अपील की गई।

थाना प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि बैठक के दौरान लोगों से त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई। बैठक में मौजूद क्षेत्रवासियों से उनकी राय व समस्या पूछी गई। कहा गया कि यदि किसी को कोई समस्या है तो उसके संबंध में अवगत कराएं। बैठक में मौजूद कई ग्रामीणों ने विचार रखें। इस दौरान चौकी प्रभारी दयाचंद, राजेन्द्र सिंह, विरेंद्र सिंह व दिलशाद मलिक, फारूक सैफी, साबिर अली, शाकिर अली, छत्रपाल यादव चौधरी, निखिल चौधरी आदि मौजूद रहे।

# छात्र- पुलिस अनुभवात्मक प्रशिक्षण में एडीजी ने वितरित किए प्रमाण पत्र

संवाददाता, मुरादाबाद/ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार:** पुलिस लाइन सभागार में शुक्रवार को छात्र-पुलिस अनुभवात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के अपर पुलिस महानिदेशक एलवी एंटनी देव कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

गोष्ठी का संचालन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने किया। प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके छात्र-छात्राओं से संवाद कर प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में डीआईजी मुनिराज ने संबोधित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। एडीजी एलवी एंटनी देव कुमार ने युवा एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इससे युवाओं को पुलिस की कार्यप्रणाली को समझने का अवसर मिलता है।



प्रमाण पत्र के साथ प्रसन्नचित मुद्रा में छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

इस अवसर पर रुहेलखंड विवि बरेली के एनएसएस नोडल अधिकारी डॉ. विजय कुमार त्रिपाठी, सुखदेई स्मारक महाविद्यालय रतूपुरा ठाकुरद्वारा के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजपाल सिंह, तथा हरि मंगल डिग्री कॉलेज बिलारी की कार्यक्रम अधिकारी भी उपस्थित रहीं। इस वर्ष जनपद के केवल तीन महाविद्यालयों सुखदेई स्मारक महाविद्यालय रतूपुरा ठाकुरद्वारा, डीएसएम कॉलेज कांठ तथा हरि मंगल डिग्री कॉलेज बिलारी के कुल 50 एनएसएस स्वयंसेवकों को यह प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सरकारी सेवाओं में आवेदन करते समय प्रमाण पत्र के आधार पर दो अतिरिक्त अंक प्रदान किए जाएंगे।

### बकाया भुगतान के आश्वासन पर धरना समाप्त

**बिलारी, अमृत विचार :** बिलारी तहसील पर 24 मई को किसानों ने बकाया गन्ना मूल्य भुगतान को लेकर धरना प्रदर्शन किया था। जिसमें 5 जून तक चीनी मिल को 12 करोड़ रुपये बकाया देना था। लेकिन 5 जून तक 10 करोड़ 46 लाख रुपये ही दिए गए। जिसे लेकर पदाधिकारी चेतावनी के मुताबिक शुक्रवार को धरने पर बैठ गए। एसडीएम विनय कुमार सिंह, गन्ना सचिव आरके पाठक, मिल प्रबंधन जनरल मैंनेजर ग्रीस चाहल, कैन मैनेजर संजीव कुमार के बीच किसानों ने वार्ता शुरू की। जिसमें तय किया गया जून में किसानों को 6 करोड़ दिया जाएगा। जिसमें डेढ़ करोड़ 13 जून, 7 करोड़ रुपये जुलाई में और 35 करोड़ रुपये मिल चालू होने तक दिया जाएगा। वार्ता के बाद किसान संतुष्ट हो गए। जिसके बाद धरना प्रदर्शन को समाप्त किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सतीश चौधरी,जिला अध्यक्ष युवा अंकुर चौधरी, तहसील अध्यक्ष विक्की चौधरी, अंकुश चौधरी, उदयपाल सिंह, सूरज सिंह, मनवीर सिंह यादव ब्लॉक अध्यक्ष बिलारी मौजूद रहे।

### निर्जला एकादशी पर राहगीरों को पिलाया शरबत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** निर्जला एकादशी पर्व पर क्षेत्र में कई स्थानों पर जगह-जगह शरबत पिलाया गया। मुरादाबाद रोड स्थित प्राचीन मढ़ी मंदिर कमेटी के कार्यकर्ताओं ने शरबत का वितरण किया। ग्राम सुरजननगर में निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में एक्टिव प्रेस क्लब की ओर से राहगीरों को शरबत पिला मंदिर परिसर में पौधरोपण किया गया। इस दौरान अध्यक्ष रवि प्रकाश अग्रवाल मंत्री कमलेश कुमार, कुशल अग्रवाल, बृजेश चौहान ,रचित कुमार, विपुल अग्रवाल, महिपाल सिंह, उदय शास्त्री आदि मौजूद रहे।

### बरात चढ़त के दौरान मारपीट करने के चार आरोपी गिरफ्तार

**भगतपुर, अमृत विचार :** मंगावाला डांडी गांव में मंगलवार की रात बरात चढ़त के दौरान एक वाहन को साइड देने के विवाद में मारपीट में कई बराती घायल हो गए थे। दिल्ली निवासी बाबूराम की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। थाना प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शुक्रवार को चार आरोपियों वारिस, हाकम अली, सैद अली व रहमत अली को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेजा गया है। वहीं इस मामले के चार आरोपी पूर्व में जेल जा चुके हैं।

### सड़क निर्माण में भेदभाव का आरोप, लोगों में आक्रोश

**डिलारी, अमृत विचार :** गांव हंसुपुरा,फतनपुर तक लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण कार्य किया गया। लोगों का कहना है कि पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने उच्च जाति के लोगों के घरों के सामने सड़क बना दी जबकि वाल्मीकि समाज के लोगों के घरों के सामने सड़क में गहरे गड्ढे हैं। गांव निवासी प्रभु सिंह प्रमोद कुमार, प्रवेश कुमार,संजय कुमार, संजीव कुमार, विकास, शीतल आदि ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग मुरादाबाद को लिखित शिकायत देकर बाल्मीकि बस्ती में सड़क निर्माण की माग की है।

# मनचलों व ठगों को सबक सिखाने को दिए टिप्स




छात्राओं व महिलाओं को टिप्स देते माउंटेनियर मनोज कुमार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● 'जीने दो' के जरिए महिलाओं और बेटियों ने जाने आत्मरक्षा के तरीके

**अमृत विचार :** आओ हाथ बढ़ाएं एक पहल मदद की चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शुक्रवार को बुद्धि विहार के भाटिया चौराहा स्थित कार्यालय में 'जीने दो' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बेटियों और महिलाओं ने आत्मरक्षा के तरीके सीखे। पार्षद कविता गुप्ता और माउंटेनियर मनोज कुमार ने मनचलों और ठगों से परेशान छात्राओं को टिप्स दिया कि कैसे ऐसे तत्वों को सबक सिखाया जाए।

विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। कविता गुप्ता ने कहा कि जरूरत पड़ने पर सरकारी हेल्प लाइन नंबरों और सुविधाओं का भरपूर इस्तेमाल करें। चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष गीतांजली पांडेय ने बताया कि ट्रस्ट महिला जागरूकता अभियान 'जीने दो' चला रहा है। इसमें गांवों में जाकर महिलाओं को सुरक्षा के लिए जागरूक कर सरकारी सुविधाओं के इस्तेमाल की जानकारी दी जा रही है। बच्चियों व महिलाओं ने शारीरिक, मानसिक, यौन, आर्थिक और भावनात्मक शोषण को रोकने की जानकारी हासिल की। माउंटेनियर मनोज कुमार ने बेटियों व महिलाओं से अपील की कि आप अपने बच्चों के साथ दोस्ताना व्यवहार रखें और गतिविधियों पर नजर रखें। इस दौरान नीता सक्सेना, राघव रस्तोगी, सीमा मिश्रा, बबली शर्मा, साधना श्रीवास्तव, रश्मि सिंह, ज्योतिका सिंह, गीता सैनी, नीतू सैनी, बबीता सैनी, प्रीति सैनी आदि मौजूद रहीं।

## सार-संक्षेप



### योगीराज में सुरक्षा से आर्थिक सुधार तक आया बदलाव

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** हिंदू युवा वाहिनी मुरादाबाद के अध्यक्ष संस्कार कत्याल के नेतृत्व में बुध बाजार स्टेशन रोड पर स्थित एक होटल में संगठन के मुख्य संरक्षक योगी आदित्यनाथ की मूर्ति का पूजन कर व केक काट कर उनका 53वां जन्मदिन मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम के जयघोष कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। उनके कार्यकाल की खूबियां गिनाई गईं। संस्कार कत्याल ने कहा कि योगी आदित्यनाथ हिंदू हृदय सम्राट व एक कुशल प्रशासक है। योगी राज में प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था से लेकर आर्थिक सुधार तक को एक महत्वपूर्ण बदलाव मिला है। उत्तर प्रदेश एक उत्तम प्रदेश बन चुका है। इस दौरान मंडल प्रभारी डॉ. एनपी सिंह, जिला प्रभारी अंकित शर्मा, जिला संयोजक रविंद्र सिंह, पार्षद देशरत्न कत्याल, नीटा धमीजा, एडवोकेट राजीव गुंबर, हरीश भसीन, राजीव गांधी, इंद्रजीत गुलाटी, एडवोकेट श्याम सक्सेना, एडवोकेट कृष्णकांत राजपूत, नीरज सोलंकी, दिलीप शुक्ला, रोहन खत्री, सुमित चावला, पुनीत अग्रवाल, प्रवीण ढल, अंकित नागपाल राहुल चौधरी आदि मौजूद रहे।



### भाजपाइयों ने मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन

**कुंदरकी, अमृत विचार :** नगर स्थित मंडल भाजपा कार्यालय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन मनाया गया। जिसमें मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला और केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में बताया। मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर ने कहा कि योगी सरकार में प्रदेश में चहुंमुखी विकास हुआ है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नसीम खान, उपाध्यक्ष हाजी मजलूम पाशा, कोषाध्यक्ष डॉ. मुकीम पाशा, जिला मंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा जीशान पाशा, शहीद खान, प्रेमपाल कश्यप, असलम मालिक, सतीश ठाकुर, नरेंद्र चौधरी मौजूद रहे। उधर ग्राम कुतुबपुर अज्जू में आयोजित कार्यक्रम में अरविंद ठाकुर, सतीश ठाकुर, मनोज कुमार, सुधीर सिंह, राजू सिंह, राजेश सिंह, राजकुमार सिंह, गौरव सिंह, रवि कुमार आदि रहे। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में मोहनपुर, तखतपुर, जैतपुर काजीपुरा में जन्मदिन मनाया गया।



### कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मनाया योगी का जन्मदिन

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** भाजपा नगर मंडल ठाकुरद्वारा के कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन केक काट कर मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुरादाबाद के पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान ने योगी के चित्र के सामने केक काटकर उनके दीर्घायु होने की कामना की। कार्यक्रम में नगर मंडल अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि, लघु व्यापार मंडल के अध्यक्ष गौरव चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार चौहान, शिवेंद्र गुप्ता , मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार प्रदीप कुमार पाल ,इकराम कुरैशी ,सुधीर नायक ,संजीव कुमार, चौहान, शइक पठान ,पवन पुष्पद ,जितेंद्र सिंह चौहान ,धर्मेंद्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य दिनेश कुमार प्रजापति, किसान नेता मलखान सिंह आदि कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।



### शहर अमन कमेटी ने वितरित किए कार्यकर्ता कार्ड

**कांठ, अमृत विचार :** शुक्रवार को शहर अमन कमेटी की तरफ से कार्यकर्ता कार्ड वितरित किए गए। इस दौरान हाजी इमामुद्दीन को जिला उपाध्यक्ष, मोहम्मद उमर को जिला सचिव, फईम अहमद को महासचिव, मोहम्मद समीर को प्रचार मंत्री, नफीस को उपाध्यक्ष, नदीम को सचिव, आजम को सचिव, कयामुद्दीन को महासचिव, शहरोज को सचिव का कार्ड वितरित किया गया।

### पुलिस ने पशुओं से भरे दो कंटेनर पकड़े, 36 पशु बरामद

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर स्टेशन रोड़ से शुक्रवार को पशुओं से भरे हुए 2 कंटेनर पकड़े। जिनमें से 36 पशु बरामद हुए हैं। उप निरीक्षक यशवीर सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उन्होंने मुरादाबाद रोड पर दो कंटेनर रोकने का प्रयास किया तो वह भाग गए। जहां घेराबंदी कर दो कंटेनर पकड़ लिए, जिसमें 36 पशु बरामद हुए। जिनमें से चार कटरे और 32 भैंसें हैं। पूछताछ मेंचालकों ने नाम चांद निवासी मौहल्ला कुरैशियान थाना किठौर मेरठ, समीर निवासी ग्राम खरदौनी थाना इन्चौली मेरठ , महाराज निवासी खरदौनी थाना इन्चोली मेरठ, रिहान निवासी खरदौनी थाना इन्चौली मेरठ, इमामुद्दीन निवासी खरदौनी थाना इन्चौली मेरठ बताया है। दो आयशर कैंटर के रजिस्ट्रेशन नंबर और चेचिस नंबर भिन्न है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली। पशुओं को क्षेत्र के चौकीदारों और ग्रामीणों को लिखा पड़ी के बाद सौंप दिया।

कार्यक्रम | हिंदू महाविद्यालय में योग महोत्सव के तहत आयोजन, डिजिटल डिटॉक्स अपनाने की ली शपथ

# डिजिटल दुनिया दे रही अकेलेपन को बढ़ावा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● वक्ता बोले- रील कल्चर से भंग हो रही एकाग्रता, नियमित योगाभ्यास से करें मस्तिष्क पर नियंत्रण

**अमृत विचार :** हिन्दू कॉलेज में शुक्रवार को योग महोत्सव के क्रम में योग अनप्लग्ड कार्यक्रम आयोजित किया गया। विवि स्तर पर कार्यक्रम के समन्वयक प्राचार्य प्रोफेसर एसएस रावत के मार्गदर्शन में चल रहे आयोजन में डॉ. विवेक कृष्ण ने कहा कि आज हमारा जीवन आभासी और वास्तविक सच्चाइयों के बीच खोता जा रहा है।

जरूरत है कि हम अपनी परंपराओं से जुड़ें। डॉ. सर्वेश चतुर्वेदी ने कहा कि हमें योग अनप्लग्ड का वास्तविक अर्थ समझते हुए अपने परिवार को अधिक से अधिक समय देना चाहिए। डिजिटल दुनिया जिस अकेलेपन को बढ़ावा दे रही है उसे डिजिटल डिटॉक्स से ही दूर किया जा सकता है। डॉ. मनीष जोशी ने कहा कि रील कल्चर हमारी एकाग्रता को भंग करता है इसलिए नियमित योगाभ्यास की आदत से हम मस्तिष्क की नियंत्रण शक्ति को बढ़ा सकते हैं। योग समिति के प्रभारी डॉ. अकरम परवेज ने मौजूद लोगों को एक दिन की डिजिटल डिटॉक्स के लिए शपथ दिलवाई। कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉ. पवन सिंह ने छात्र-छात्राओं को योग से जोड़ने का आह्वान किया। इस दौरान हरिकेश कुमार, वीर बहादुर समेत काफी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।




हिंदू महाविद्यालय में योग महोत्सव में डिजिटल डिटॉक्स की शपथ लेते शिक्षक व अन्य।

### क्या है डिजिटल डिटॉक्स

डिजिटल डिटॉक्स, एक निश्चित समय के लिए डिजिटल उपकरणों (जैसे स्मार्टफोन, लैपटॉप, टैबलेट, टीवी और सोशल मीडिया) से दूर रहना है। यह दूरी लोगों को अपने मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य में सुधार करने, अपनी नींद में सुधार करने और यहां तक कि प्रकृति के साथ फिर से जुड़ने में मदद करता है।

# ईद-उल-अजहा आज, नमाज के लिए तैयारियां पूरी

## शाहबाद गेट स्थित ईदगाह की हुई साफ-सफाई, सड़कों पर नहीं होगी नमाज, जगह भरने पर मोहल्ले की मस्जिदों में अदा करें

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शनिवार आज ईद-उल-अजहा का त्यौहार मनाया जाएगा, जिसके लिए ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज की तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। शाहबाद गेट स्थित ईदगाह में पूरे दिन साफ-सफाई कराई गई। शहरकाजी सैयद खुशनूद मियां ने कहा कि सड़कों पर नमाज नहीं होगी। जिसके लिए समय पर ईदगाह में पहुंचे और जगह भरने के चलते लोग अपने-अपने मोहल्लों की मस्जिद में नमाज अदा करें। पालिकाध्यक्ष समेत अधिकारियों ने ईदगाह और शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। शहर की ईदगाह में शनिवार की सुबह 7 बजे ईद उल अजहा की नमाज शहरकाजी सैयद खुशनूद मियां अदा कराएंगे। जबकि शहर की जामा मस्जिद में इमाम मौलवी रेहान खां नमाज पढ़ाएंगे। शहर के मोहल्ला गुइया तालाब स्थित शिया जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना अली मोहम्मद नकवी ने बताया कि ईद उल अजहा की नमाज सुबह 8 बजे होगी। इसके अलावा शहर के मुख्य बाजारों में रुक-रुक कर जाम लगता रहा। होमगार्ड और पुलिसकर्मी जाम खुलवाने के लिए ई-रिक्शा चालकों को फटकारते रहे। किला पश्चिमी गेट हामिद गेट से मिस्टन गंज तक जाम लगा रहा। जच्चा-बच्चा सेंटर से अधिकारियों के वाहन हटने के बाद यातायात सामान्य हुआ और लोगों ने राहत की सांस ली।

### यहां इतने बजे होगी ईद उल अजहा की नमाज

- –रामपुर शहर ईदगाह–सुबह 7 बजे।
- –जामा मस्जिद शहर–सुबह 7 :30 बजे।
- –शिया जामा मस्जिद मकबरा जनाबे आलिया – सुबह 8 बजे।
- –स्वार ईदगाह –सुबह 7 बजे।
- –स्वार जामा मस्जिद–सुबह 7 :30 बजे।
- –भोट ईदगाह –सुबह 7 :30 बजे।
- –मिलक ईदगाह –सुबह 7 :30 बजे।


सफदरगंज में ईद उल अजहा की पूर्व संध्या पर उमड़ी भीड़।


ईदगाह में नमाजियों के लिए चूने से निशान लगाते पालिकाकर्मी।

### देर रात तक बाजार रहे गुलजार

**रामपुर अमृत विचार :** ईद–उल–अजहा की पूर्व संध्या पर बाजारों में रौनक रही और लोगों ने जमकर खरीदारी की। देर रात तक लोग जरूरत का सामान खरीदते रहे। जूते–चप्पल, कपड़े, चूड़ी आदि की दुकानों पर महिलाओं के साथ बच्चों की काफी भीड़ रही। शुक्रवार की शाम को बाजारों की छटा देखते ही बनती थी, भारी भीड़ के चलते दुकानदार भी खासे खुश रहे। शाम के समय बाजारों में ईद की खरीददारी के लिए काफी भीड़ उमड़ी। बाजार में सिंवई, मिठाई, कपड़े और चूड़ियों की दुकानों पर खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ी। बाजारों में मिठाई की दुकानों पर बिक्री जमकर हुई। मुस्लिम महिलाओं ने चूड़ी, मेहंदी, श्रृंगार सामग्री की खरीदारी की। बाजार सफदर गंज, बैजनाथ की गली, शादाब मार्केट, मिस्टन गंज में साड़ी की दुकानों और छोटे बच्चों के रेडिमेड की दुकानों पर रौनक रही। बाजारों में सर्वाधिक महिलाओं की भीड़ रही।


### चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी फोर्स, ड्रोन से होगी निगरानी

**रामपुर अमृत विचार :** ईद–उल–अजहा के मौके पर शनिवार को होने वाली ईदगाह में नमाज को लेकर पुलिस विभाग अलर्ट हो गया है। नमाज के दौरान ड्रोन से निगरानी होगी। नमाज के दौरान मुख्य चौराहों से लेकर मस्जिदों के आसपास पुलिस बल तैनात रहेगा। पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिर ने बताया कि नई परंपरा डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। इसलिए ऐसा कोई काम ना करें, जिससे विवाद बढ़े। शनिवार सुबह नमाज के दौरान चप्पे–चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहेगा। इस दौरान नमाज के रास्ते को बंद भी किया जाएगा। नमाज के दौरान रूट डायवर्जन रहेगा। पान दरीबा, जच्चा बच्चा सेंटर, मिस्टन गंज और बाजार नसरुल्लाह खां में पुलिस ने बैरियर लगा दिए हैं। चार पहिया वाहनों को डायवर्ट किया जाएगा। जाम से निजात पाने के लिए यातायात पुलिस अलर्ट मोड पर है।

### बोले उलमाः सफाई रखना हर मुसलमान की जिम्मेदारी

**रामपुर अमृत विचार :** कुर्बानी के बाद सफाई रखना हर मुसलमान की जिम्मेदारी है। कहा कि कुर्बानी के जानवरों के अवशेष प्लास्टिक के बैग में भरकर कूड़ाघर पर डलवा दें। सड़कों पर गंदगी नहीं फैलने दें और साफ–सफाई का खास ख्याल करें। कुर्बानी बकरा, मेंढा, दुंबा या भैंस वंशीय जानवर की करें। खुले में कुर्बानी नहीं करें किसी अहाते या फिर अपने घर में कुर्बानी करें। इसके अलावा सोशल मीडिया पर कुर्बानी के हवाले से कोई भी तस्वीर पोस्ट नहीं करें। आपसी भाईचारे और प्यार मोहब्बत से ईद मनाएं और समाज में मोहब्बत का पैगाम दें। ईद उल अजहा की पूर्व संध्या पर अमृत विचार ने उलमा से बातचीत की। काजी–ए–शहर सैयद खुशनूद मियां ने कहा कि सफाई हर इंसान का अव्वल फरीजा है, ईद उल अजहा पर साफ–सफाई का खास ख्याल रखें। सड़कों पर जानवरों के ओज नहीं डालें बल्कि, प्लास्टिक बैग में भरकर कूड़ा घर पर डलवाएं। शहर इमाम मौलाना मुफ्ती महबूब अली ने कहा कि ईद उल अजहा पर कुर्बानी करने के बाद सफाई का खास ख्याल रखें और कोई ऐसा काम नहीं करें जिससे हम वतन भाइयों की भावनाओं को ठेस पहुंचे। ईद का त्योहार हंसी–खुशी मिल जुलकर मनाएं। पेश इमाम शिया जामा मस्जिद मौलाना अली मोहम्मद नकवी ने कहा कि ईद उल फितर का त्योहार अपने हम वतन भाइयों के साथ मिल जुलकर मनाएं। किसी भी तरह का कोई ऐसा काम नहीं करें जिससे प्रशासन और लोगों को शिकायत का मौका मिले। ईद पर मोहब्बतें बांटे। इमाम जामा मस्जिद शहर मौल्वी फैजान खां ने कहा कि कुर्बानी के जानवर को अच्छे से खिलाकर पानी पिलाएं। इसके बाद अल्लाह की राह में कुर्बानी दें। कुर्बानी के बाद गंदगी नहीं फैले इसका ख्याल रखें और ओज वगैरा को मोहल्लों की गलियों में नहीं डलवाएं।


सैयद खुशनूद मियां, काजी–ए–शहर


मौलाना मुफ्ती महबूब अली


मौलाना अली मोहम्मद नकवी


मौलाना फैजान खां, इमाम

# हजरत इब्ने मुस्लिम की शहादत पर निकाला गया शबीहे ताबूत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● मस्जिद मकबरा जनाबे आलिया में हुई मजलिस

**अमृत विचारः** हजरत इब्ने मुस्लिम बिन अकील की शहादत पर शबीहे ताबूत निकला। इससे पहले हुई मजलिस में हजरत मुस्लिम के शहादत को सुनकर लोग जारो-कतार रोए। मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना मेहंदी अब्बास नौगांवी ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने कूफे के माहौल का जायजा लेने के लिए हजरत मुस्लिम को कूफा में अपना सफीर बनाकर भेजा।

कूफा वालों ने हजरत मुस्लिम का खैर मकदम किया, लेकिन बाद में मुंह मोड़ लिया। इब्ने जियाद की फौजों से लड़ते हुए हजरत मुस्लिम शहीद हो गए। शहर के मोहल्ला गुइया तालाब स्थित मस्जिद मकबरा जनाबे आलिया में जुमे की नमाज के बाद हजरत मुस्लिम बिन अकील की शहादत पर मजलिस हुई। मौलाना अब्बास मेहंदी ने खिताब करते हुए कहा कि हजरत मुस्लिम बिन अकील को हजरत इमाम हुसैन ने कूफा भेजा था। क्योंकि कूफी इब्ने जियाद की जियादतियों से ऊब चुके थे। इमाम हुसैन ने हजरत मुस्लिम को कूफा भेजा और वहां के हालात का जायजा लेने को कहा। हजरत मुस्लिम अपने दो मासूम बच्चों के साथ कूफा पहुंचे और कूफा के लोगों ने हजरत मुस्लिम का खैर मकदम किया। लेकिन कुछ ही दिनों बाद कूफियों का रुख बदल गया और इब्ने जियाद की फौज से लड़ते हुए हजरत मुस्लिम शहीद कर दिए गए। इसके बाद उनके दोनों मासूम बच्चों को भी शहीद कर दिया गया। यह सुनकर लोग जारो-कतार रोने लगे, मजलिस के बाद शबीहे ताबूत निकला और हसन मेहंदी ने नौहाख्वानी की। इस मौके पर मौलाना अली मोहम्मद नकवी, मौलाना मूसा रजा, सलीम हैदर जैदी, मिर्जा मुज्तबा अली बेग, इमरान मियां, इरफान जैदी, शाहजेब उल्लाह खां, मंसूर मियां, जौहर सैफी जहीर अब्बास उर्फ रब्बू समेत काफी लोग मौजूद रहे।

# भक्ति की चरम अभिव्यक्ति है गोपी गीत

संवाददाता,भोट


आचार्य मुमुक्षु कृष्ण महाराज।

**अमृत विचारः** गुजरैला गांव स्थित मंगलधाम में चल रही तीन दिवसीय गोपी गीत कथा के पहले दिन प्रवचन करते हुए वृंदावन से पधारे आचार्य पंडित मुमुक्षु कृष्ण महाराज ने गोपी गीत के साथ, महारास की लीला, आत्मा और परमात्मा का संबंध, चीर हरण आदि लीलाओं का संगीतमय प्रवचन किया। भगवान श्रीकृष्ण की संगीतमय लीला सुन श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।

गुरुवार देर शाम वृंदावन से पधारे आचार्य पंडित मुमुक्षु कृष्ण महाराज ने गोपी गीत कथा का वर्णन करते हुए बताया कि गोपी गीत ब्रज की गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण की विरह वेदना में गाया था। जब भगवान श्रीकृष्ण रास के मध्य अचानक अंतर्ध्यान हो जाते हैं, तो उन्हें ढूंढते-ढूंढते व्याकुल होकर गोपियां उनके प्रति अपने प्रेम, भक्ति और विरह की गहराइयों को अभिव्यक्त करती हैं। गोपी गीत प्रेम भक्ति की चरम अभिव्यक्ति है। इसमें सांसारिक प्रेम नहीं बल्कि आत्मा का परमात्मा के प्रति आकर्षण दिखाया गया है। इसमें भगवान की अनुपस्थिति में गोपियों की व्याकुलता, उनके भाव, स्मृतियां और करुण पुकार अत्यंत हृदयस्पर्शी हैं। गोपियां किसी भी स्वार्थ के बिना केवल श्रीकृष्ण के प्रति अनुरक्त थीं। उनकी भक्ति निश्छल और निस्वार्थ है। गोपी की व्याख्या करते हुए बताया कि अपनी समस्त इन्द्रियों के द्वारा केवल कृष्ण भक्ति रस का पान करने वाला ही गोपी है। देर रात आरती बाद गोपी गीत कथा को विराम दिया।


गोपी गीत कथा का रसपान करते श्रद्धालु। अमृत विचार


शर्बत वितरण करते समाजसेवी। अमृत विचार

### निर्जला एकादशी पर हुआ शरबत शिविर का आयोजन

**मिलक,अमृत विचार :** शुक्रवार को निर्जला एकादशी के पर्व पर नगर में जामा मस्जिद के समीप सभासद वार्ड नंबर 7 प्रखर वशिष्ठ और समाजसेवी विपिन यादव के नेतृत्व में शरबत शिविर का आयोजन किया। राहगीरों को शर्बत वितरण किया। सभासद ने कहा कि एकादशी के पर्व पर शरबत वितरण करने से पुण्य की प्राप्ति होती है।इस दौरान विपिन, चंद्र मोहन यादव, प्रखर वशिष्ठ, राजीव पांडे, शुभम, जावेद, उमर, प्रतीक, विपुल, समीर, रमन यादव, अभिनव, विनय आदि उपस्थित रहे।

# प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन हुए अनुष्ठान

संवाददाता, भोट

**अमृत विचारः** क्षेत्र के गुजरैला गांव स्थित प्रतिष्ठित मंगलधाम में चल रहे समारोह के दूसरे दिन प्रयागराज व वृन्दावन से पधारे विद्वान आचार्यो द्वारा निर्जला एकादशी के अवसर पर विधि विधान व मंत्रोच्चार के साथ विभिन्न प्रकार के अनुष्ठान किए।

मंगलधाम के मुख्य मंदिर में शुक्रवार प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दूसरे दिन प्रयागराज व वृन्दावन से पधारे आचार्य दीपक वशिष्ठ, अभिषेक पाठक, मानस पाठक, पं. अतुल मिश्र, पुजारी रमेश मिश्र व मुरारी लाल द्वारा मंत्रोच्चार के साथ हवन व पूजन किया। सर्वप्रथम गणपति पूजन व कलश पूजन के साथ सर्वतोभद्र मंडल समस्त आवाहित एवं धाम में प्रतिष्ठित देवता सहित गौरी तिलक मंडल नवग्रह मंडल एवं मंगलधाम में प्रतिष्ठित देवताओं की आराधना,जप एवं पूजन किया। साथ ही वस्त्र अधिवास, अन्नाधिवास, फलाधिवास एवं यजमानों द्वारा सपरिवार ब्राह्मण पूजन किया। प्रधान सेवक व पूर्व विधायक संजय कपूर ने बताया कि मंगलधाम में गुरुवार सुबह ही माता महाकाली, महासरस्वती, एवं खाटू श्याम बाबा की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का शुभारंभ कर दिया। प्रधान सेवक संजय कपूर ने बताया कि रविवार को जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती द्वारा मंगलधाम में ही माता महाकाली,महासरस्वती, एवं खाटू श्याम बाबा की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा, लोकार्पण कर आर्शीवचन प्रदान किया जाएगा।

## नए पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

रामपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय गुप्ता द्वारा कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए प्रदीप शर्मा को राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना गोरक्षा का प्रदेश अध्यक्ष का पद ग्रहण कराया। पिंटू सिंह को प्रदेश महामंत्री का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया तथा नियुक्ति पत्र सौंपा । इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी गेंदन लाल सैनी, जिला संरक्षक मास्टर रोशन लाल,जिलाध्यक्ष विपिन कुमार सिंह, जिला प्रभारी विमल सिंघल, धर्मेंद्र गुप्ता जिला उपाध्यक्ष आदि मुख्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**अच्छी खबर** — नदी के दोनों ओर जलाए गए दीप, जगमग हुआ क्योरार गांव

# नहाल नदी का हुआ जीर्णोद्धार, डीएम व एसपी ने की आरती

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचारः** सालों से लोगों द्वारा नहाल नदी पर कब्जा करके उसके पेड़ लगा दिए गए। डीएम के प्रयासों से नहाल नदी को कब्जा मुक्त करके उसका जीर्णोद्धार किया गया। गंगा दशहरे के मौके पर डीएम और एसपी ने जन प्रतिनिधियों के साथ गुरुवार रात को वहां पर गंगा मैया की आरती की। इसके अलावा पौधारोपण भी किया गया। देर रात तक लोग इस कार्यक्रम में शामिल रहे।

जिले भर में लोगों ने अतिक्रमण वे हिसाब कर रखा है। इतना ही नही तालाबों से लेकर ग्राम समाज की जमीन को अपने बाप दादा की समझकर कब्जा करके उस पर तीन तीन मंजिला इमारत खड़ी करके चैन की जिंदगी काट रहे हैं। इतना ही नहीं मिलक के क्योरार में लोगों ने 51 किमी. वाली नहाल नदी को पाटकर उस पर पॉपुलर के पेड़ लगा दिए थे। जिसकी जानकारी जिलाधिकारी को जोगिंदर सिंह को मिली थी। उसके बाद उन्होंने एसपी के साथ निरीक्षण करके वहां का सर्वे कराया था। उसके बाद मिलक के अधिकारियों को लगाकर उस नदी से कब्जे हटवाएं। गुरुवार को डीएम के प्रयासों से उसमें पानी बहने लगा। गंगा दशहरे के मौके पर वहां डीएम व एसपी और अन्य अधिकारियों ने पूजा अर्चना करके गंगा मैया की आरती गई। इस दौरान नहाल नदी के दोनों ओर दीपों से सजाया गया। देर रात तक कार्यक्रम होते रहे। लोगों ने डीएम के इस प्रयास से काफी खुशी है। इसके किनारे पौधारोपण का कार्य भी चल रहा है।


नहाल नदी के दोनों ओर जलते दिए। अमृत विचार


नहाल नदी के पास पेड़ लगाते अधिकारी। अमृत विचार

### नहाल नदी के किनारे बनेगा घाट

**रामपुर,अमृत विचार :** डीएम द्वारा इस नदी को कब्जा मुक्त कराए जाने के बाद से लोगों में काफी खुशी है। अब उम्मीद है कि हर साल लोग गंगा दशहरे के मौके पर यहां पर भी पूजा करने आया करेंगे।जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को नदी के किनारे एक घाट बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्रीय लेखपाल, ग्राम प्रधान एवं उप जिलाधिकारी को नहाल नदी को कब्जा मुक्त रखने के लिए भी निर्देशित किया।

### 29 ग्राम पंचायत से होकर गुजरती नहाल नदी

**रामपुर,अमृत विचार :** नहाल नदी पर लोगों ने कब्जा करके उसको एकदम से खत्म कर दिया था। उसका धीरे धीरे करके स्वरूप खत्म होता जा रहा था कि कुछ लोग इस नदी का नाम तक भूल चुके थे, लेकिन अब गंगा दशहरे के मौके पर पूजा अर्चना की गई है। डीएम बताते है कि नहाल नदी लोगों ने कब्जा कर रखा था। यह नदी 29 ग्राम पंचायतों से होकर निकलती है। बरेली के मीरगंज ब्लॉक से जाकर मिलती है। इससे बाढ़ आने की संभावना भी कम होगी। इसके अलावा खेती का रकवा भी बढ़ेगा।

## सार-संक्षेप

### 120 वर्ष की आयु में हजरत यासीन शाह मियां का निधन


हजरत यासीन हसन शाह मियां।

**रामपुर अमृत विचार :** सींगनखेड़ा स्थित हबीब शाह मियां के मजार के गद्दीनशीं सैयद यासीन हसन शाह मियां का 120 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलने पर मुंबई, बिहार, दिल्ली और उत्तर प्रदेश से मुरीद पहुंचे और दफन में शामिल हुए। हजरत हबीब शाह मियां का मजार काफी प्रसिद्ध है और हर साल हजरत के आस्ताने में उर्स होता है। इस मौके पर मजार शरीफ के आसपास भारी मेला लगता है। मुरादें पूरी होने पर लोग हजरत के मजार पर चादरपोशी करते हैं। शुक्रवार की शाम को हजरत को सुपुर्द–ए–खाक किया गया। इससे पहले मजार शरीफ में दूर–दराज से मुरीदों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। शाम को हजरत सैयद यासीन शाह मियां को सुपुर्दे खाक किया गया। इससे पहले आरिफ मियां ने नमाजे जनाजा पढ़ाई। जनाजे में असगर अली, कादिर अली, मकसूद अहमद, विलायत अली, महमूद अली, जाहिद अली, चांद मियां, मुसव्विर अली, अहमद जान, जाहिद अली, कासिम अली, इरफान अहमद समेत हजारों की संख्या में मुरीद मौजूद रहे।

### जिला अस्पताल के सीएमएस को मिला लेवल-4


उप मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए स्मृति चिह्न को दिखाते सीएमएस डॉ. डीके वर्मा।

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. डीके वर्मा को लेवल–4 का ग्रेड मिला है। जिला अस्पताल के विजेंद्र सिंह बताते हैं कि अब सीएमस को सीएमओ की रैंक है और उनका ग्रेड पे भी लेवल–3 के ग्रेड पे 7600 से बढ़कर 8700 रुपये हो गया है। इसके अलावा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को जिला अस्पताल में बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराए जाने पर उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा सम्मानित किया गया है।

### निर्जला एकादशी पर सबील लगाकर बांटा शरबत


लोगों को शरबत बांटते सिख समाज के लोग।

**बिलासपुर अमृत विचार :** शुक्रवार को नैनीताल हाईवे स्थित बाजवा फिलिंग स्टेशन पर गुरु अर्जन देव महाराज के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में सबील लगाया गया। इस दौरान संगत ने हाईवे से होकर गुजर रहे वाहन चालकों को शरबत और चने का प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर राजू बाजवा, भरपूर बाजवा, बलदेव इंद्र बाजवा, तेजिंदर बाजवा, पलविंदर सिंह, सुखविंदर सिंह लाडी, अमनदीप सिंह, गुरविंदर सिंह मिंटू, संदीप सिंह, मनवीर सिंह, अमृत सिंह, रूपम सिंह आदि मौजूद रहे। रामपुर हाईवे स्थित बंद पड़े ज्ञानी पेट्रोल पंप पर भी सबील लगाई गई। इस अवसर पर गुरनाम सिंह, जोगा सिंह, बलबीर सिंह, बलविंदर सिंह, कुलदीप सिंह, बचन सिंह, कुलविंदर सिंह, सतनाम सिंह, तरसेम सिंह, प्रीतम सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर केमरी मार्ग पर संगत द्वारा सबील लगाकर ठंडा शरबत तथा चने का प्रसाद वितरित किया। व्यवस्थाओं में पलविंदर सिंह, लखविंदर सिंह, सुच्चा सिंह, प्रगट सिंह, साहब सिंह, रमेश कुमार हैप्पी, बलजीत सिंह, दलजीत सिंह, दलवीर सिंह आदि मौजूद रहे। भाखड़ा डैम पुल के पास लोगों ने निर्जला एकादशी को उपलक्ष्य में सबील लगाकर हाईवे से होकर गुजरने वाले लोगों को ठंडा शरबत तथा चने का प्रसाद वितरित किया।

### समिति ने पौधरोपण कर तरबूज का किया भंडारा


मंदिर में पौधरोपण करती महिलाएं।

**रामपुर,अमृत विचार :** निर्जला एकादशी के दिन कोमल विशाल सेवा समिति द्वारा नगर स्थित गोशाला में तरबूज का भंडारा कर 33 कोटी देवी देवताओं गौ माता को प्रणाम किया। इसी के साथ महादेव स्थित प्रांगण कोसी मंदिर में पौधरोपण कर सृष्टि के सुंदरता को बनाए रखने का दृढ़ संकल्प लिया। कमल तुरैहा ने बताया हमारी कि समिति हमेशा से ही ध्यान में रखते हुए समाज के हित में कार्य करने का प्राण लेती है। इस सेवा में आए हुए सभी सामाजिक महान अनुभूति सज्जनों का आभार व्यक्त करती है। इस मौके पर विशाल कुमार, सुनीता सैनी, प्रमोद आहूजा, राजू सुमन, कमल तुरैहा, पारुल अग्रवाल, कोमल मित्तल, बीना अग्रवाल, लाल सिंह प्रजापति, महेंद्र सक्सेना, जितेंद्र,संस्कार कुमार, शिवराज सरन अग्रवाल, सुनीता भाटिया, प्रीति भाटिया, ललिता भाटिया, पुष्पा भाटिया, शाम अरोड़ा, गीता अरोड़ा, आशा अरोड़ा, सोनिया अरोड़ा आरती शर्मा रितु शर्मा,अनुष्का, दारा सिंह आदि मौजूद रहे।

### सर्जन की तैनाती के लिए सीएमओ से मिलेंगेः अनवर



बैठक में मौजूद व्यापार मंडल के पदाधिकारी

**स्वार अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक गुरुवार को नगर के मोहल्ला खास स्वार स्थित कार्यालय पर हुई। जिसमें नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में काफी समय से सर्जन डॉक्टर की कमी चली आ रही है। व्यापार मंडल द्वारा बहुत समय से सर्जन डॉक्टर की तैनाती की मांग कर रहे हैं। लेकिन अभी तक सर्जन डॉक्टर की कमी पूरी नहीं हो सकी है। जिसके कारण क्षेत्र की जनता जिला मुख्यालय एवं उत्तराखंड के प्राइवेट अस्पतालों में पथरी और हर्निया का ऑपरेशन कराने को मजबूर है। स्वास्थ्य केंद्र में सर्जन डॉक्टर की तैनाती हो जाती है तो गरीब जनता सरकारी अस्पताल में अपना ऑपरेशन कराकर पैसों की बचत कर सकती हैं और आने वाली परेशानियों से बच सकते हैं। व्यापार मंडल सीएमओ से मिलकर सरकारी अस्पताल में जल्द से जल्द सर्जन डॉक्टर की तैनाती की मांग करेगा। इससे पूर्व नगर अध्यक्ष ने अजीज मियां को व्यापार मंडल का प्रवक्ता नियुक्त किया है। इस मौके पर प्रदेश संगठन मंत्री शिवओतार सक्सेना मन्नू उपाध्यक्ष अजेन्द्र राठौर,गुड्डू हाफिज, अली रेहान अली, मुशर्रफ अली, अजीज मियां, मतलूब, फराज अहमद, समीर, रईस, शकील सलमानी, अब्दुल रशीद, आसिफ, रफीक, राशिद आदि मौजूद रहे।

### रामवीर तहसील संरक्षक और राजेश महामंत्री बने


नये पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र देते मुख्य अतिथि।

**शाहबाद अमृत विचार :** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की ओर से शाहबाद के ग्राम ढकिया में प्रदेश अध्यक्ष पश्चिम देवेन्द्र सिंह और जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह की संस्तुति पर तहसील अध्यक्ष डॉ. मनोज सिंह द्वारा शाहबाद तहसील की नई कार्यकारिणी का गठन किया। तहसील संरक्षक रामवीर सिंह, तहसील महामंत्री राजेश सिंह चौहान, तहसील उपाध्यक्ष शिशुपाल सिंह, सुनील सिंह, महेश सिंह, सुरेश कुमार सिंह,राम गोपाल सिंह को मनाया। इसके अलावा तहसील मंत्री अशोक सिंह, दिग्विजय सिंह, भूरे सिंह, नरेंद्र सिंह चौहान को बनाया गया। तहसील मीडिया प्रभारी मोहित कुमार सिंह, तहसील कोषाध्यक्ष कुनीश कुमार सिंह बनाया। विधिक सलाहकार लव कुमार सिंह, तहसील संगठन मंत्री आशीष सिंह, सुभाष सिंह, पीयूष सिंह, तहसील संगठन प्रचार मंत्री देशपाल सिंह को बनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ठाकुर राजपाल सिंह द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष युवा अतुल कुमार सिंह द्वारा किया।

# शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है योग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पारिवारिक और सामाजिक संबंधों में योग की भूमिका विषय पर शुक्रवार को विचार गोष्ठी हुई। आयोजक डॉ. अब्दुल लतीफ ने कहा कि आज के तेज रफ्तार और तनावपूर्ण जीवन में पारिवारिक रिश्तों की गरिमा और सामाजिक समरसता गंभीर चुनौतियों से जूझ रही हैं। ऐसे समय में योग न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी सिद्ध हो रहा है, बल्कि यह पारिवारिक सौहार्द और सामाजिक एकता को भी सशक्त बना रहा है।

कालेज सभागार में पारिवारिक और सामाजिक संबंधों में योग की भूमिका विषय पर हुई संगोष्ठी का उद्देश्य योग के माध्यम से पारिवारिक और सामाजिक जीवन में सौहार्द, सहयोग एवं संतुलन को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. जागृति मदान ढींगरा ने कहा योग केवल व्यायाम नहीं, जीवन की एक पद्धति है जो रिश्तों में धैर्य, करुणा और संवाद को प्रोत्साहित करता है। डॉ. मीनाक्षी गुप्ता ने बताया कि कैसे योगाभ्यास विशेषतः ध्यान, प्राणायाम और यम-नियम पारिवारिक तनाव, आपसी टकराव और सामाजिक विघटन को कम करने में सहायक होते हैं। साथ ही, यह सामाजिक समरसता और मानवता के मूल्यों को पुनर्स्थापित करने का माध्यम बनता है।



योग दिवस के दौरान मौजूद संस्था के पदाधिकारी। फोटो : अमृत विचार

### योग दिवस की तैयारियों को लेकर हुई चर्चा

**रामपुर अमृत विचार :** शुक्रवार को प्रात : 7 :15 पर चेतना योग संस्था रोशन बाग सिविल लाइन पर सभा का आयोजन कर 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सम्बन्ध में की जाने वाली तैयारियों के विचार विमर्श किया। संस्था के अध्यक्ष रवींद्र गुप्ता ने बताया कि उक्त संस्था द्वारा 2017 से लगातार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एक वृहद स्तर पर मनाया जाता रहा है तथा इस बार भी हर्षोल्लास के साथ इसको मनाया जायेगा। सभा में सरंक्षक लक्ष्मीनारायण गुप्ता, रमेश चंद्र अग्रवाल, महेश जुनेजा, कमल किशोर सक्सेना, अशोक अग्रवाल, अनिल वर्मा, महेंद्र सिंह, आरके जैन, पवन उप्पल, राजीव अग्रवाल, राजेश कुमार एडवोकेट, भूप किशोर गंगवार, अशोक कश्यप, चंद्र केश, महेंद्र सिंह राठौर, संजय रस्तोगी, कौशल्या नंदन रस्तोगी, कुलदीप सिंह राणा, पुष्पा अग्रवाल, मीरा गुप्ता, मीना वर्मा, कमलेश रस्तोगी, सीमा अग्रवाल, अमरनाथ खनेजा, श्रवण कुमार श्रीवास्तव इत्यादि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन महेंद्र सिंह ने किया। कमलेश रस्तोगी बेलपत्र का पौधा रोशन बाग में सदस्यों द्वारा रोपित किया।

## योग दिवस पर पार्कों में विशेष सफाई अभियान चले

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार:** जिले में स्थानीय निकायों द्वारा आगामी त्योहारों के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण करने के लिए शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी विशेष सचिव अरुण प्रकाश ने सभी अधिशासी अधिकारियों के साथ पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में बैठक की। 21 जून को होने वाले योग दिवस को लेकर पार्कों में विशेष साफ-सफाई के निर्देश दिए।

ईद उल अजहा तथा स्थानीय निकाय क्षेत्रों में नालों की सफाई के साथ-साथ योग दिवस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर भी अधिशासी अधिकारियों से जानकारी ली। सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि ईद उल अजहा को लेकर स्थानीय निकायों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। निकायों में कंट्रोल रूम की व्यवस्था भी दुरुस्त रखी जाए। ईदगाह एवं मस्जिदों के आसपास साफ सफाई, एंटी लार्वा, फॉगिंग सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित हो जाएं। निकायों द्वारा लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने एवं उसके स्थान पर कपड़े अथवा जूट के थैले का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया जाए। योग दिवस पर सार्वजनिक स्थलों और पार्कों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। सभी निकायों द्वारा अपने क्षेत्र में योग दिवस पर शिविरों का आयोजन होना चाहिए। कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान स्थानीय निकायों में जल भराव की समस्या नहीं होनी चाहिए। इसके लिए नालों की साफ सफाई में किसी भी प्रकार की कमी न रहे। जहां साफ सफाई का कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ है वहां प्रत्येक दशा में 10 जून तक पूर्ण करा लिया जाए।अपने स्थलीय निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष सचिव ने ज्वाला नगर स्थित प्रधानमंत्री स्वनिधि गलियारा पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री की प्राथमिकता वाले पीएम स्वनिधि योजना के तहत स्ट्रीट वेंडरों को समायोजित करने की पहल का जायजा लिया। इसके बाद विशेष सचिव नगर पंचायत शाहबाद पहुंचे, जहां उन्होंने नगर पंचायत द्वारा कराए गए नालों की सफाई कार्य का जायजा लिया।



ज्वाला नगर में बने पीएम गलियारा का निरीक्षण करते नामित नोडल अधिकारी।



योगा करते लोग। फोटो : अमृत विचार

## होम्योपैथिक चिकित्सालय में किया योग का अभ्यास

संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को लेकर जिले भर में आयुष विभाग द्वारा निशुल्क योग शिविर लगाए जा रहे हैं। स्कूल कॉलेज में योग प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इसी क्रम में जिला होम्योपैथिक चिकित्सालय में योग शिविर का आयोजन हुआ। आयुष विभाग के मास्टर योगा ट्रेनर प्रतीक्षा सक्सेना और योग प्रशिक्षक राजीव कुमार द्वारा होम्योपैथिक चिकित्सालय परिसर में सभी स्टाफ को योग अभ्यास कराया। कुर्सी पर बैठकर किए जाने वाले योगासन की जानकारी दी। सबसे पहले प्रार्थना कराई। उसके बाद सूक्ष्म व्यायाम व ताड़ासन कटी चक्र आसन, त्रिकोणासन, चक्रासन का अभ्यास कराया, कपालभाति, नाड़ी शोधन, भ्रमरी आदि प्राणायाम कराया। अंत में शांति पाठ कराया गया। जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीएल वर्मा, डॉ. रमेश गुप्ता, डॉ.लीना, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. सुरेखा, डॉ.अफसाना, फार्मासिस्ट जोगिंदर कुमार लोधी, अतुल कुमार पांडे और राकेश कुमार मौजूद रहे।

# 12 घंटे छानबीन, सीबीआई रिकवरी एजेंट को ले गाजियाबाद रवाना हुई

### प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक में रिश्वत लेते पकड़ा गया था रिकवरी एजेंट, कई लोगों से पूछताछ

संवाददाता, दढ़ियाल

**अमृत विचार:** प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक में 20 हजार की रिश्वत लेते हुए पकड़े गए प्राइवेट रिकवरी एजेंट रहमत अली और कर्मचारियों से पूछताछ करने के बाद गुरुवार रात 12 बजे सीबीआई टीम उसको लेकर गाजियाबाद के लिए रवाना हो गई। सीबीआई रिकॉर्ड खंगालती रही। रिकवरी एजेंट के जाने के बाद बैंक के अन्य कर्मचारियों में खलबली मची रही।

मुरादाबाद-बाजपुर मार्ग स्थित दढ़ियाल गांव में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा है। क्षेत्र के गांव नारायनपुर निवासी अशोक कुमार ने कुछ समय पहले अपनी पत्नी के नाम पर जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत खाता खुलवाया था। खाता खुलवाने के बाद कुछ समय बाद उसकी पत्नी की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। सड़क हादसे में मौत के 2 लाख का क्लेम अशोक कुमार की पत्नी के खाते में आया हुआ था। अशोक कुमार का आरोप है कि पत्नी की क्लेम का 2 लाख रुपये निकालने के बदले में बैंक में प्राइवेट रिकवरी एजेंट रहमत अली 38 हजार की रिश्वत मांग रहा था। रिश्वत नहीं देने पर उसके पैसे निकाल कर देने से मना कर दिया था। लगातार बैंक के चक्कर काटने के बाद भी पीड़ित को पैसे नहीं दिए गए। आरोप है कि 20 हजार में दोनो पक्षों में सहमति बनी। इसके बाद पीड़ित ने रिश्वत मांगने की शिकायत गाजियाबाद में स्थित सीबीआई कार्यालय पर की। गुरुवार को गाजियाबाद से सीबीआई की टीम में दो गाड़ियों में एक दर्जन लोग आए। रिश्वत के रूप में मांगे गए 20 हजार रुपये अशोक कुमार द्वारा रहमत अली को दे दिए गए। जैसे ही रहमत अली को 20 हजार रिश्वत के दिए तो पीछे से आई सीबीआई की टीम ने आरोपी को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। रिकवरी एजेंट के पकड़े जाने के बाद बैंक में खलबली मच गई थी। आनन-फानन में सीबीआई के अधिकारियों ने बैंक का मैन गेट बंद कर दिया था। गुरुवार दोपहर 12 से रात 12 बजे तक बैंक का रिकार्ड खंगालते रहे। अंत में रहमत अली रिकवरी एजेंट को अपने साथ गाजियाबाद के लिए लेकर रवाना हो गए। चौकी प्रभारी प्रशांत कुमार ने बताया कि सीबीआई के अधिकारी उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक का रिकार्ड खंगालते के बाद बाद रहमत अली निवासी जटपुरा को अपने साथ ले गए। वहीं दूसरी ओर रहमत अली के जाने के बाद बैंक के अन्य कर्मचारियों में खलबली मची हुई है। अगर बारीकी से जांच पड़ताल हो जाए तो कई और बैंक के अधिकारी इस केश में फंस सकते हैं।



आरोपी एजेंट रहमत अली।




प्रथमा ग्रामीण बैंक दढ़ियाल की शाखा। अमृत विचार

## अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

संवाददाता,मिलक

**अमृत विचार:** तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद लगी भीड़ ने उन्हें नगर के सरकारी अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया।

हादसा शुक्रवार को नगर के हाइवे स्थित भैरो बाबा मंदिर के समीप हुआ। क्षेत्र के ग्राम पीपला शिवनगर निवासी 55 वर्षीय बृजलाल हाईवे स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप पर साइकिल से तेल लेने गए थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी।टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के लगी भीड़ ने उन्हें नगर के सरकारी अस्पताल भिजवाया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं टक्कर मारने के बाद अज्ञात वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। हादसे में हुई मौत की खबर सुनकर घर में कोहराम मच गया। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि मृतक मजदूरी और खेती किसानी करते थे। मृतक अपने पीछे दिव्यांग पत्नी और अविवाहित एक पुत्र और पुत्री को छोड़ा है।

### हादसे में संविदा कर्मी की मौत, मचा कोहराम

**बिलासपुर अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निकट रहने वाले गौरव मीणा गांव बेगमाबाद स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर संविदा कर्मी के रूप में तैनात थे। बताया जाता कि शुक्रवार की शाम पांच बजे वह बाइक से वापस लौट रहे थे। इस दौरान गांव बेगमाबाद के पास दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। बाद में घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेजने से पूर्व उसकी रास्ते में मृत्यु हो गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दूसरी बाइक पर सवार लोगों की पहचान नहीं हो पाई है।

## सार-संक्षेप

### पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में किया परेड का निरीक्षण

**रामपुर,अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र द्वारा शुक्रवार की परेड की सलामी लेकर पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परेड में मौजूद कर्मचारियों का टर्नआउट आदि चेक कर पुलिस लाइन परिसर में स्थित भोजनालय, रीडिंग रूम (लाइब्रेरी), पुलिस म्यूजियम, कैंटीन, मनोरंजन कक्ष, गैस कार्यालय, जिम, आरटीसी कार्यालय, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा, आगामी आरटीसी की तैयारियों आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी टांडा,लाइन भी मौजूद रहे। वहीं महामहिम राष्ट्रपति द्वारा व पीआरओ पुलिस अधीक्षक खीम सिंह जलाल को सराहनीय सेवाओं के लिए दिया गया पदक और प्रशस्ति पत्र दिया गया।



पुलिस अधीक्षक इंस्पेक्टर खीम सिंह जलाल प्रशस्ति पत्र देते हुए।

### उपजिलाधिकारी और तहसीलदार को किया सम्मानित

**शाहबाद अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष आदेश शंखधार ने अपने सहयोगियों के साथ शाहबाद में पहुंचकर हिमांशु उपाध्याय उपजिलाधिकारी और राकेश चन्द्रा तहसीलदार को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही रामचरित मानस भेंट की। जिलाध्यक्ष आदेश शंखधार ने बताया कि वर्तमान समय में तहसील शाहबाद में दोनों ही अधिकारी जनहित में और सरकार की मंशा अनुसार कार्य कर रहे हैं। बीते दिनों ग्राम पटवाई में तालाब की भूमि पर एक मदरसा और एक बड़ा गेट बना हुआ था। जिसको हमारी शिक़ायत पर ध्वस्त किया गया है। अभी कई मकान ध्वस्त होने शेष हैं, वह भी अति शीघ्र ध्वस्त किए जाएंगे। साथ ही पीडब्ल्यूडी विभाग की भूमि में चौदह दुकानें बनी हुई थी। वह भी ध्वस्त की गई हैं। तहसील प्रशासन शाहबाद द्वारा निरंतर जनहित में कार्य किए जा रहे हैं, जो कि प्रशंसनीय एवं सराहनीय हैं। ऐसे कार्य होने पर अधिकारियों को सम्मानित किया जाना भी आवश्यक होता है। इस मौके पर विशाल दुबे, देवेन्द्र गंगवार, अनमोल पाठक आदि मौजूद रहे।



शाहबाद में उपजिलाधिकारी को सम्मानित करते संगठन के पदाधिकारी।

### प्रेमपाल गंगवार को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया

**रामपुर,अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के हरिद्वार चिंतन शिविर के संबंध में वीरेंद्र गंगवार मिलक के निवास पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह रंधावा की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें नए जिला अध्य इक्ष भानु प्रताप गंगवार को लेकर कार्यकारिणी में फैले मानसिक असंतोष व आपसी मनमुटाव को भी दूर किया। आगे की रणनीति बनाई गई। इसके साथ ही सुरेन्द्र खन्ना को मंडल उपाध्यक्ष महेश बाबू को मंडल संगठन मंत्री ज़ुबैर खान को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र गंगवार को जिला महासचिव तथा प्रेमपाल गंगवार को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया। सभी से किसानों की समस्याओं को हल करने और संगठन को मजबूत करने का बल दिया। बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह रंधावा, जिलाध्यक्ष भानु प्रताप, सुरेन्द्र खन्ना, जिला संगठन मंत्री भानु प्रताप गंगवार, वीरेंद्र गंगवार, महेश बाबू, पांडे, प्रेम पाल गंगवार, जुबेर खान, युवा जिलाध्यक्ष अजीत ठाकुर, अफसर अली, सोमपाल गंगवार, नरेंद्र गंगवार, हरद्वारी लाल आदि शामिल थे।

### पंचकूला में मसवासी के युवक की मौत, एक घायल

**संवाददाता, मसवासी अमृत विचार :** ईद उल अजहा के मौके पर पंजाब से घर लौट रहे खौद शरीफ के दो युवकों की बाइक कार से टकरा गई। जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। खौद शरीफ निवासी अरहान खान उम्र 18 वर्ष पुत्र यूसुफ खान रुस्तम खान उम्र 25 पुत्र नूर अहमद खान पंजाब के पंचकूला में एसी मिस्त्री थे। ईद उल अजहा के मौके पर दोनों मिस्त्री बाइक से घर लौट रहे थे।अंबाला पंचकूला राष्ट्रीय राजमार्ग पर सामने से आ रही कार ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे अरहान की मौके पर ही मौत हो गई। उसका साथी रुस्तम खान गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा होते ही मार्ग पर वाहनों की और राहगीरों की भीड़ इकट्ठा हो गई। गंभीर अवस्था में घायल रुस्तम खान को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना पाकर पंचकूला पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। जैसे ही हादसे की जानकारी परिजनों को मिली तो कोहराम मच गया। आनन फानन में परिजन शव को लेने के लिए चंडीगढ़ के लिए रवाना हो गए।

### पैन कार्ड और पासपोर्ट में टली सुनवाई

**रामपुर अमृत विचार :** पैन कार्ड और पासपोर्ट से जुड़े मामले में शुक्रवार को गवाह नहीं आने के कारण सुनवाई टल गई। अब इस मामले में 10 जून को सुनवाई होगी। सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है। इस दौरान वीसी के जरिए सपा नेता आजम खां पेश हुए।समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम खां के ऊपर दो पैन कार्ड और दो पासपोर्ट मामले में मामले दर्ज हुए थे। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। जिसकी सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है। अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि शुक्रवार को पैन कार्ड और पासपोर्ट में बचाव पक्ष की ओर से गवाह नहीं आए। जिसके बाद कोर्ट ने नाराजगी जताई। उसके बाद 10 जून की तारीख नियत की है। इसके अलावा एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में डूंगरपुर और यतीमखाने से जुड़े मामलों में सुनवाई हो रही है। डूंगरपुर में 10 जून और यतीमखाने से जुड़े मामले में 12 जून को सुनवाई होगी।

### डीसीएम में गाय की सूचना पर दौड़ी कई थानों की पुलिस

**रामपुर अमृत विचार :** डीसीएम में गाय भरे होने की जानकारी मिलने के बाद शहजादनगर पुलिस और गंज पुलिस ने पीछा किया। जिसके बाद गंज पुलिस को गूजर टोला में खाली वाहन मिला। हालांकि अभी कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है।गुरुवार दोपहर को कंट्रोल पर मैसेज मिला कि एक गाय से भरी डीसीएम जा रही है। दो बाइकों पर चार युवकों उनका पीछा कर रहे। उसके बाद सूचना मिलते ही धमोरा इंचार्ज भी वाहन से पीछा करने दौड़ पड़े, लेकिन अचानक से वह गायब हो गया। पुलिस वापिस आ गई। सूचना मिलने के बाद गंज पुलिस भी दौड़ पड़ी। हालांकि पुलिस को गूजर टोला में खाली वाहन मिला। अभी तक इस मामले में कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है।

## फंदे पर लटककर की आत्महत्या

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार:** युवती ने फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस ने बताया कि भाई को कैंसर की बीमारी तथा आर्थिक तंगी से डिप्रेशन में चली गई थी। जिसकी वजह से आत्महत्या की।

क्षेत्र के सुभाषनगर डिबडिबा निवासी हीरालाल गंगवार की 19 वर्षीय पुत्री सपना परिवार से अलग रहती थी। जिसके चलते शुक्रवार की सवेरे फंदे पर लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह, रुद्र-बिलास चौकी प्रभारी अमित कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। चौकी प्रभारी ने बताया कि परिजन से पूछताछ में पता चला कि मृतका तीन भाई-बहनों में दूसरे नंबर की थी।

मृतका का भाई कैंसर से पीड़ित होने के कारण उसका ऋषिकेश उत्तराखंड में इलाज चल रहा है। जिससे वह परेशान चल रही थी। युवती के भाई को कैंसर होने तथा आर्थिक तंगी से वह डिप्रेशन में चली आ रही थी। जिसके चलते उसने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

### दहेज में कार नहीं मिलने पर महिला को पीटकर निकाला

कार्यालय संवाददाता,रामपुर/शाहबाद

**अमृत विचार :** शाहबाद थाना क्षेत्र के गांव ढकिया निवासी दिशा का कहना है कि उसका विवाह 20 सितंबर 2022 को जिला हाथरस के थाना सासनी के गांव कौमरी निवासी धीरज कुमार से हुआ था। शादी के दो माह के बाद महिला के पति धीरज कुमार, जेठ सुभाष,जेठानी ममता और सास ससुर ने उसको दहेज के लिए परेशान करना शुरू कर दिया। उससे दहेज में एक कार की मांग कर दी। मांग पूरी नही होने पर उसके साथ आए दिन मारपीट करते रहे। काफी परेशान हो जाने के बाद वह मायके आ गई। उसने सारा मामला बताया। शाहबाद थाने में तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने पति सहित पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## रहमतगंज में तेंदुए ने किया बछड़े का शिकार

संवाददाता मसवासी

**अमृत विचार:** रहमतगंज के जंगल में तेंदुए ने बछड़े को अपना निवाला बना लिया।ग्रामीणों ने बछड़े का खाया हुआ शव देखा तो उनमे दहशत फैल गई। इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन दरोगा शील कुमार मौके पर पहुंच गए।तेंदुए के पदचिह्न तलाश किये लेकिन कोई भी तेंदुए के पद चिन्ह नही मिले।

शुक्रवार सुबह रहमतगंज के जंगल मे भूड़िया के पास महेश आर्य के खेत में क्षत विक्षत बछड़े का शव देख गांव वालों में दहशत फैल गई। गांव वालो को शंका है कि बछड़े का शिकार तेंदुए ने किया है इसकी सूचना जैसे ही गांव वालों को लगी,तो उनमे दहशत फैल गई। जंगल में बछड़े का शव पड़ा होने की सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन दरोगा शील कुमार मौके पर पहुंचे जानकारी ली। तेंदुए के पद चिह्न तलाश किए लेकिन जंगल में तेंदुए के पद चिह्न नहीं मिले। वन विभाग के दरोगा शील कुमार ने बताया कि रहमतगंज के जंगल मे एक बछड़े का शव पड़ा मिला है। जिस पर पीछे से वार किया गया है, लगता है किसी जानवर ने इसका शिकार किया है जंगल मे कही भी तेंदुए के पदचिह्न नहीं मिले हैं ग्रामीणों से सावधान रहने की अपील की। उधर जंगल में बछड़े के शिकार के बाद ग्रामीणों में दहशत बढ़ गई है, लेकिन वन विभाग तेंदुए होने की आमद से पल्ला झाड़ने में लगा हुआ है। वन विभाग के अधिकारी बछड़े को किसी जंगली जानवर का शिकार होना बता रहे हैं। वन रेंजर मुजाहिद हुसैन ने बताया की जांच कराई जा रही है यदि चिन्ह मिलते हैं तो पिंजरा लगा दिया जाएगा।

# दुकान ध्वस्तीकरण के मामले में गेंद पीडब्ल्यूडी के पाले में

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**ध्वस्तीकरण**

- **दुकानें नहीं तोड़े जाने को लेकर दुकानदार कर रहा धरना**

**अमृत विचार:** मिलक में दुकानों के ध्वस्तीकरण का मामले में गेंद पीडब्ल्यूडी के पाले में चली गई है, हाईकोर्ट ने मामले में विभाग को निस्तारण के आदेश दे दिए हैं। पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता केवी सिंह ने बताया कि राजस्व अभिलेखों में लोक निर्माण विभाग के नाम से सड़क पटरी नाली के रूप में दर्ज है।

इस जमीन पर दुकानदारों द्वारा अवैध निर्माण कर दुकानों को संचालित हो रही हैं। विभाग ने दुकानदारों को तीन दिवस के भीतर कब्जा हटाने के लिए 28 मई 2025 को नोटिस दिया था। नोटिस के चलते दुकानदार उच्च न्यायालय इलाहाबाद में रिट डाली गई थी। 5 जून को उच्च न्यायालय द्वारा सुनवाई की गई, जिसमें लोक निर्माण विभाग द्वारा अभिलेखों के आधार पर अपना पक्ष रखा गया। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि उनके विभाग के स्वामित्व की भूमि गाटा संख्या-420 पर अवैध निर्माण को हटाने के लिए दुकानदारों को रोड साइड कंट्रोल एक्ट के अंतर्गत नोटिस दिए गए थे। राजस्व अभिलेखों के अनुसार विवादित स्थल पर किसी भी दुकानदार की अपनी निजी भूमि नहीं है। उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने सुनवाई के उपरांत रिट को निस्तारित करते हुए याचिका कर्ता को तीन सप्ताह में अपना प्रार्थना पत्र विभाग के समक्ष प्रस्तुत करने और विभाग द्वारा उसे एक सप्ताह में निस्तारित करने आदेशित किया गया है। इसके साथ ही एक अन्य रिट की सुनवाई 6 जून को निर्धारित थी जिसमें भी विभाग द्वारा अनुदेश दाखिल करते हुए स्थिति स्पष्ट की गई।

उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा इस प्रकरण में भी दुकानदारों के प्रार्थना पत्र के निस्तारण के आदेश देते हुए रिट निस्तारित कर दी है। अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी ने बताया कि वर्तमान में किसी भी दुकानदार की कोई भी रिट लंबित नहीं है, याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रार्थना पत्र देने की स्थिति में विभागीय नियमों के अनुसार प्रार्थना पत्र के निस्तारण की कार्रवाई की जाएगी। इसमें जिला प्रशासनिक अधिकारियों से मंथन के बाद जो भी फैसला होगा उस पर अमल किया जाएगा।

## एक महीना का वेतन मिला, धरना समाप्त

**दढ़ियाल अमृत विचार:** अप्रैल व मई दो महीने के वेतन के भुगतान को लेकर उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के अध्यक्ष रावत वाल्मीकि के नेतृत्व में सफाई कर्मचारी नगर के साप्ताहिक बाजार में गुरुवार को एकत्र हुए थे। नगर के सफाई कर्मचारियों के दो महीने के वेतन के भुगतान को लेकर नगर की सफाई व्यवस्था ठप करने के बाद साप्ताहिक बाजार में धरने पर बैठ गए थे। शुक्रवार को चेयरमैन खुर्शीद, लिपिक कृष्णा कुमार और उत्तर प्रदेश मजदूर संघ के मंत्री दीप सिंह राही के बीच में काफी देर तक वार्ता का दौर चलता रहा। बाद में दोनों पक्षों में समझौता हुआ कि एक महीने का वेतन तत्काल सफाई कर्मचारियों के खाते में ट्रांसफर किया जाएगा। मई का वेतन 10 जून तक उनके खाते में पहुंच जाएगा। दोनों पक्ष में सहमति बनने के बाद सफाई कर्मचारियों ने अपना धरना समाप्त कर दिया।धरना समाप्त करने के बाद सफाई व्यवस्था सुचारू करने पर लग गए।

## प्रदेश में घटी हाजियों की संख्या, पेश होगा ब्योरा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** राज्य हज समिति के सदस्य हाफिज एजाज अहमद उर्फ शाहीन अंसारी ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, मुख्य वक्फ निरीक्षक एवं हज ट्रेनर्स के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हाजियों की संख्या घटने पर सरकार के सामने ब्योरा पेश किया जाएगा।

बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य से वर्ष 2025 में हज के आवेदन, निर्धारित कोटे से कम हुए हैं। उप्र का हज का कोटा 30 हजार का है, जबकि केवल 13885 व्यक्तियों द्वारा ही हज के लिए आवेदन किया गया है। जिले से वर्ष 2025 में कुल 905 व्यक्ति हज यात्रा पर गए हैं। उप्र हज समिति के सदस्य ने बताया कि हज यात्रा से हाजियों के सकुशल वापस आने पर सभी जनपदों में उनके साथ कार्यक्रम किये जायेगें। जिसमें हाजियों को सम्मानित किया जायेगा तथा यदि हाजियों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना हुआ है तो भविष्य में पुनरावृत्ति न हो इसके मद्देनजर उसके समाधान के लिए सुझाव सरकार के समक्ष पेश किया जायेगा।



हज कमेटी के सदस्य का स्वागत करते अधिकारी।

## एक नजर

### चिकित्सा शिविर में 78 रोगियों को दी दवा

**गुन्नौर, अमृत विचार :** राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय द्वारा विकास खंड कार्यालय में आयोजित होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर में 78 मरीजों का परीक्षण कर कोरोना वायरस से बचाव के लिए आर्सेनिक एल्बम 30 का वितरण किया। शुक्रवार को लगे शिविर में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. कृति वार्ष्णेय ने 10 महिलाओं और 68 पुरुष मरीजों का परीक्षण किया। उन्होंने मरीजों को पौष्टिक भोजन, शरीर की साफ- सफाई, नियमित योग और व्यायाम करने की सलाह दी। चर्म रोग, मस्तिष्क रोग, पेट के रोग तथा कान नाक गला संबंधित रोगों के मरीजों का उपचार किया। इस दौरान सर्दी, जुकाम और कोरोना वायरस से बचाव के लिए आर्सेनिक एल्बम 30 दवा बांटी गई। बीडीओ अखिलेश कुमार, वार्ड ब्वाय तिलक सिंह आदि मौजूद रहे।

### महिला की हत्या में पति और ससुर गिरफ्तार

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** कैला देवी थाना पुलिस ने दहेज के लिए महिला की हत्या में वांछित पति और ससुर को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर करछली में पिछले दिन दहेज न मिलने पर बालेश की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में 14 मई को पति मोहित उर्फ मोतीराम और ससुर रामभरोसे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थाना पुलिस ने शुक्रवार को मोहित और रामभरोसे को कैला देवी चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों का चालान कर दिया।

### 10 जून को होगा रोजगार मेले का आयोजन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जिला सेवायोजन कार्यालय संभल द्वारा बदायूं रोड स्थित राजकीय आईटीआई के प्रांगण में 10 जून को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी रोजगार ने बताया कि मेला सुबह 10 बजे से 3 तक रहेगा। जिसमें फ्रीडम एम्प्लेबिलिटी अकादमी लखनऊ प्रतिभाग कर रही हैं। कंपनी द्वारा कंप्यूटर ऑपरेटर के पदों का साक्षात्कार होगा। अभ्यर्थियों की आयु 21 से 30 वर्ष रहेगी। सेवायोजन अधिकाशैक्षिक योग्यता स्नातक, परास्नातक वर्ग रहेगी। रोजगार इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्रों, पासपोर्ट साइज फोटो व बायोडाटा सहित रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते है।

# खंभे से टकराई बाइक, दुल्हन के चाचा सहित 2 की मौत

## मातम में बदलीं शादी की खुशियां, लावर गांव के पास हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई

**अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में अनियंत्रित होकर बाइक के खंभे से टकराने पर दुल्हन के चाचा सहित दो लोगों की मौत हो गई। जिससे परिवारों में कोहराम मच गया। हादसे से शादी की खुशियां भी मातम में बदल गईं। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना क्षेत्र के गांव बबक्करपुर निवासी सुंदर (47 वर्ष) पुत्र उदयराम के बड़े भाई भीकम सिंह निवासी गांव सैमला भूड़ थाना धनारी की बेटी सोनी की शुक्रवार को शादी थी। सुंदर और उसके रिश्ते का भतीजा धर्मवीर पुत्र नन्हें (32 वर्ष) निवासी गांव अलीनगर थाना इस्लामनगर बदायूं बाइक द्वारा गांव पतरिया से मैदा लेकर जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार लावर गांव के पुल के पास मोड़ पर पहुंचे तो बाइक अनियंत्रित होकर पोल से टकरा गई। हादसे में सुंदर और धर्मवीर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा देखकर आसपास



सुंदर(फाइल फोटो) धर्मवीर(फाइल फोटो)

के लोगों की मौके पर भीड़ जुट गई। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन अस्पताल पहुंच गए। वहीं पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस हादसे से शादी की खुशियां मातम में बदल गईं।

### डिवाइडर से टकराई बाइ , पिता-पुत्र घायल

**बबराला, अमृत विचार :** मोहल्ला टंकी निवासी नरेश (30) पुत्र सोनपाल शुक्रवार को अपनी ससुराल गुन्नौर से अपने 8 वर्षीय पुत्र अमित के साथ बुलेट से वापस लौट रहा था। करीब 11 बजे आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर गांव इटउआ के पास बुलेट अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें बाइक सवार पिता-पुत्र घायल हो गए। हादसे में सिर में गंभीर चोटें होने पर नरेश को गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार देने के बाद मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ रेफर किया गया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान की मौत

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव सिरसानाल निवासी किसान नन्हे सिंह (65 वर्ष) गुरुवार की रात मक्का फसल के रखवाली करने के लिए घर से खेत के लिए गया था। गांव सिरसानाल और बहरामपुर के बीच अज्ञात वाहन ने नन्हे सिंह को टक्कर मार दी। जिससे नन्हे सिंह की मौत हो गई। शुक्रवार को सुबह राहगीरों ने परिजनों की सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बाइकों की टक्कर में 4 लोग घायल, एक गंभीर

**चन्दौसी , अमृत विचार :** थाना बनियाठेर क्षेत्र के बहजोई रोड स्थित आटा चौकी तिराहे पर एक बाइक को दूसरी बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइकों पर सवार 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी में घायलों को उपचार के बाद रेफर कर दिया। जिसमें एक घायल की हालत नाजुक बताई जा रही है। शुक्रवार सुबह 10 बजे करीब थाना बिलारी निवासी सुरेन्द्र अपने ससुर भाय सिंह को उनके गांव जगन्नाथपुर थाना गुन्नौर को छोड़ने के लिए जा रहा था। वहीं, थाना बनियाठेर के गांव मोहम्मदपुर बावई निवासी फिदा हुसैन अपने पुत्र सुहैल हुसैन के साथ बनियाठेर बाजार में बकरी बेचकर लौट रहा था। सुबह करीब 10 बजे सुरेन्द्र जब बहजोई रोड आटा चौकी तिराहे के पास हाइवे से गुजर रहा था। उसी समय फिदा हुसैन की बाइक अनियंत्रित होकर सुरेन्द्र की बाइक से पीछे से टकरा गई। जिससे बाइक पर बैठक चारों लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सड़क पर हादसा देखकर कई राहगीर जुट गए। सूचना पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लेकर आई। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सुरेन्द्र, भाय सिंह, सुहैल हुसैन, फिदा हुसैन को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सूचना पर घायलों के परिजन भी पहुंच गए। वहीं फिदा हुसैन की हालत गंभीर होने पर परिजन उसको उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए।



सीएचसी में घायल का उपचार करते स्वास्थकर्मी। • अमृत विचार

# ईद उल अजहा पर संभल में रहेंगे कड़े सुरक्षा प्रबंध

- सोशल मीडिया पर पुलिस की रहेगी कड़ी निगरानी
- 200 लोगों को शांति भंग की आशंका में किया गया पाबंद

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल जिले में ईद उल अजहा का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कड़े पुलिस प्रबंध किये गए हैं। बड़ी संख्या में रैपिड रिएक्शन फोर्स व पुलिस पीएसी के जवानों की तैनाती के साथ ही 15 सेक्टर व 42 सब सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किये गये हैं। शहर में कानून व्यवस्था खराब न हो इसके लिए खुफिया तंत्र भी सक्रिय रहेगा। कुर्बानी के वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड न किए जाएं इसके लिए मौलवियों को पुलिस अधिकारियों की तरफ से स्पष्ट रूप से हिदायत दी गई है। एसपी ने साफ कहा है कि किसी ने भी माहौल खराब करने का प्रयास किया तो सख्त कार्रवाई होगी।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि जनपद में ईद उल अजहा का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए कुर्बानी के लिए पूर्व में ही निर्धारित स्थल चिह्नित कर लिए गए थे। इसके अलावा किसी अन्य जगह पर कुर्बानी नहीं होने दी जाएगी। हिदायत दी गई है कि कोई भी व्यक्ति कुर्बानी के वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड न करे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से 5 कंपनी रैपिड रिएक्शन फोर्स और पीएसी को तैनात किया है। सफाई व्यवस्था के लिए सभी विभागों को भी स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। कोई भी घटना होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दे और अगर कोई भी व्यक्ति कानून व्यवस्था बिगाड़ता दिखा तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर पुलिस लगातार निगरानी रख रही है। 200 लोगों को शांति भांग की आशंका पाबंद भी किया गया है।

### पुलिस अधिकारियों ने किया पैदल मार्च

**संभल, अमृत विचार :** बकरीद को लेकर एएसपी उत्तरी राजेश कुमार श्रीवास्तव और आईपीएस सीओ संभल आलोक भाटी ने पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों के साथ शंकर कॉलेज चौराहा से पैदल मार्च किया। पैदल मार्च अस्पताल चौराहा, चमन सराय मार्ग से कोतवाली, टंडन तिराहा, डाकखाना रोड, जामा मस्जिद से होते हुए चौधरी सराय तक हुआ। पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा इंतजामों को देखकर कई बिंदुओं पर चर्चा की। इस बीच लोगों को भी सुरक्षा का अहसास कराया।



संभल में एएसपी की अगुवाई में पैदल मार्च निकालता पुलिस बल।

### अधिकारियों ने किया ईदगाह का दौरा

**संभल , अमृत विचार :** बकरीद को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क है। शुक्रवार को दोपहर आईपीएस सीओ आलोक भाटी, एसडीएम डॉ. वंदना मिश्रा, डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, जेई विनियमित क्षेत्र सचिन सिंह ने आदमपुर मार्ग पर स्थित ईदगाह का निरीक्षण किया।


अधिकारियों ने निरीक्षण करते हुए सुरक्षा और सफाई के प्रबंध देखे। यातायात व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की गई। कहा गया कि ईदगाह पर नमाज को लेकर सुरक्षा, सफाई के इंतजाम किए गए हैं। शांतिपूर्वक नमाज अदा कराई जाएगी। वहीं बिजली विभाग ने बकरीद पर निर्बाध बिजली आपूर्ति को लेकर निर्देश दिए हैं। नगर पालिका संभल और नगर पंचायत सिरसी क्षेत्र में पशुओं की कुर्बानी के बाद मलबा उठाने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

# दुकानदार स्वयं हटा रहे नाले से अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** शुक्रवार को फव्वारा चौक पर नाले के ऊपर अतिक्रमण की जद में आई दुकानों का तोड़ने का कार्य शुरु हो गया। दो दिन पहले एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के लिए कहा था।

पिछले वर्ष नबंवर में तत्कालीन डिप्टी कलेक्टर विनय कुमार मिश्रा के निर्देशन में अतिक्रमण हटाओ अभियान चला था। जिसमें नगर के फव्वारा चौक, स्टेशन रोड, मुंसिफ रोड, संभल गेट, सुभाष रोड, बदायूं चुंगी, सीता रोड, शक्तिनगर क्षेत्र में बड़े स्तर पर अभियान सफल रहा। अब पुनः विनय कुमार मिश्रा को एसडीएम चन्दौसी का चार्ज मिला है। जिसके बाद से अतिक्रमणकारियों में दहशत है। दो दिन पहले निरीक्षण के दौरान फव्वारा चौक से ठेले-खोमचे



दुकानों को तोड़ते मजदूर।

वालों को हटाया था। साथ ही पूर्व के अतिक्रमण अभियान के दौरान जिन दुकानों का अतिक्रमण हटना था। लेकिन उन दुकानों ने अतिक्रमण नहीं हटाया था। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने उक्त दुकानदारों से अपना अतिक्रमण स्वयं हटाने के लिए कह दिया था। न हटाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी थी। जिसके बाद शुक्रवार को दुकानदारों ने मजदूरों द्वारा अतिक्रमण की जद में आई दुकानों को तोड़ना शुरू कर दिया।

# सीओ ने ईद को लेकर लिया सुरक्षा का जायजा

- त्योहार को शांति से मनाने की अपील की
- कुर्बानी का वीडियो पोस्ट करने वालों पर होगी कार्रवाई



जारई गेट बड़ी मस्जिद तिराहे पर पुलिसबल के साथ क्षेत्राधिकारी अनुज चौधरी।

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** शनिवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार मनाया जाएगा। शांति से त्योहार संपन्न हो सके, क्षेत्राधिकारी ने पुलिसबल के साथ सुरक्षा का जायजा लिया।

शुक्रवार जारई गेट स्थित बड़ी मस्जिद तिराहे पर जुमे की नमाज के दौरान काफी पुलिसबल तैनात रहा। क्षेत्राधिकारी अनुज चौधरी ने बताया कि शनिवार को ईद-उल-अजहा का त्योहार है। अमन व शांति से त्योहार संपन्न हो इसकी अपील की गई। पूर्व में अमन कमेटी की बैठक में त्योहार को लेकर वार्ता की गई थी। जिसमे सभी ने सहयोग देने की बात कही। ईद पर होने वाली कुर्बानी पूर्व निर्धारित स्थानों पर की जायेगी। सोशल मीडिया पर कुर्बानी का पोस्ट करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। त्योहार को लेकर हमारी पूरी तैयारी है। 150 से अधिक लोगों को पाबंद किया गया है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक मोहित चौधरी सहित काफी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। शनिवार को नगर की छोटी ईदगाह पर सुबह 6 बजे, बड़ी ईदगाह पर 7 बजे, जामा मस्जिद में 7.15 बजे व बड़ी मस्जिद पर 7.30 बजे ईद की नमाज होगी।

### ईद से पहले मुस्लिमों ने अदा की जुमे की नमाज

**संभल, अमृत विचार :** बकरीद से पहले जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। संभल की जामा मस्जिद सहित दूसरी मस्जिदों पर सुरक्षा एवं निगरानी के इंतजाम रहे। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा करते हुए दुआ मांगी। शुक्रवार को संभल की जामा मस्जिद पर भारी पुलिस और पीएसी बल तैनात किया गया था। शहर में कई स्थानों के अलावा दूसरी मस्जिदों पर भी सुरक्षा के इंतजाम किए गए। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने निर्धारित समय पर जामा मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करते हुए दुआ मांगी। आईपीएस सीओ संभल आलोक भाटी और एसडीएम डॉ. वंदना मिश्रा ने सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। दूसरी मस्जिदों में भी नमाज अदा हुई। बताते चलें कि संभल में 24 नवंबर को हुई हिंसा के बाद से जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर रहता है।



जामा मस्जिद में नमाज अदा कर बाहर निकलते नमाजी।


सतर्कता | संभल में 24 नवंबर को हुई हिंसा के बाद लिया था सीसीटीवी कैमरे लगाने का फैसला

# संवेदनशील स्थानों पर होगी तीसरी आंख से निगरानी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल शहर में चप्पे-चप्पे पर तीसरी आंख की नजर होगी। संवेदनशील स्थानों व मुख्य मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य शुक्रवार से शुरू हो गया। कैमरे लगने की शुरूआत मुरादाबाद मार्ग से की गई। सदर कोतवाली और नखासा थाना क्षेत्र में 60 स्थानों को सीसीटीवी कैमरों से कवर किया जाएगा। जिससे सुरक्षा के साथ-साथ निगरानी के भी पुख्ता इंतजाम हो सकेंगे।

संभल में 24 नवंबर को जामा मस्जिद सर्वे के विरोध में हिंसा होने के बाद से शहर में सुरक्षा और निगरानी बढ़ाए जाने का फैसला लिया गया था। इसी क्रम में 2.6 करोड़ रुपये की लागत से शहर के मुख्य मार्गों के साथ-साथ अन्य प्रमुख स्थानों पर 224 सीसीटीवी कैमरे लगाए



सीसीटीवी कैमरा लगाता कर्मचारी।

जाने के प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई। 2.6 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी साइबर लेंस सॉल्यूशन फर्म को दी गई है। फर्म के हर्षित शर्मा की निगरानी में शुक्रवार को कर्मचारियों ने मुरादाबाद मार्ग से सीपी प्लस कंपनी के सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम शुरू कर दिया। मुरादाबाद मार्ग, नई तहसील कार्यालय और बिजलीघर के सामने सीसीटीवी कैमरे लगाए। सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम जारी रहेगा। बताया गया कि शहर में चंदौसी चौराहा, चौधरी सराय चौराहा, जामा मस्जिद, छंगामल कोठी, बल्ले की पुलिया, यशोदा चौराहा, शंकर कॉलेज चौराहा, मुन्नी माता मंदिर, नखासा चौराहा, अंजुमन तिराहा, रायसत्ती, नूरियो सराय, नीम की जियारत सहित 60 स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगेंगे।

### सत्यव्रत पुलिस चौकी पर बनेगा कंट्रोल रूम

**संभल, अमृत विचार :** संभल शहर में लगाये जा रहे सीसीटीवी कैमरों की मॉनिटरिंग के लिए अत्याधुनिक कंट्रोल रूम भी बनाया जा रहा है। यह कंट्रोल रूम जामा मस्जिद के सामने बनाई गई सत्यव्रत पुलिस चौकी पर स्थापित होगा। कंट्रोल रूम में 24 घंटे पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे जो कैमरों में नजर आने वाली शहर की सभी गतिविधियों पर निगाह रखेंगे।

### अत्याधुनिक पीटीजेड व एएनपीआर

**संभल, अमृत विचार :** शहर में सीसीटीवी कैमरों का ऐसा जाल बिछाया जा सकेगा, जिससे संदिग्ध आदमी ही नहीं बल्कि संदिग्ध वाहनों पर भी नजर रहेगी। योजना के तहत संभल में 206 फिक्स लेंस जबकि 10 पीटीजेड कैमरे लगाये जायेंगे। इसके अलावा 10 एएनपीआर कैमरे भी लगाये जायेंगे। एएनपीआर कैमरे मुख्य मार्ग पर लगाये जाएंगे। इसकी वजह यह है कि एएनपीआर कैमरे वाहन की नंबर प्लेट से उसका डाटा स्कैन कर लेते हैं। वाहनों का चालान करने के लिए भी इन कैमरों को लगाया जाता है।

# मीरा के विषपान की लीला का मंचन देख गूंजे जयकारे

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार :** गांव ईसमपुर डांडा के बाबा रघुवीर दास आश्रम में चल रहे श्री कृष्ण लीला महोत्सव के छठवें दिन मीराबाई के जीवन और कृष्ण भक्ति पर आधारित प्रसंगों का मंचन किया।

शुक्रवार को बरसाना रासलीला मण्डली के कलाकारों ने श्रीकृष्ण की परम भक्त मीरा बाई के चरित्र का मनमोहक मंचन किया। जिसे देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। कलाकारों द्वारा दिखाया कि राजस्थान जोधपुर के रतन सिंह राठौड़ की इकलौती संतान मीराबाई भगवान श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त थीं। मीराबाई का विवाह उदयपुर के महाराणा सांगा के पुत्र के साथ हुआ था। वह विदाई के समय अपने साथ भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति लेकर ससुराल गई। ससुराल वालों ने उसे प्रताड़ित करना शुरू



लीला का मंचन करते कलाकार ।

कर दिया। पिटारे में जहरीला सर्प भेजा गया लेकिन उसने मीरा को नहीं डसा। इतना ही नहीं, पति भोजराज ने पीने के लिए जहर दिया लेकिन उस पर विष का असर नहीं हुआ। आश्रम महंत तिलक दास महाराज, कुमरपाल सिंह फौजी, विजय यादव, महेश शर्मा, जीवन सिंह, पूरन सिंह, विनीत, ज्ञान चंद गुप्ता, नगेंद्र भारद्वाज, भोले सिंह और संजय यादव आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### गर्मी में जनजीवन बेहाल, लोगों ने बांटा शरबत



**संभल , अमृत विचार :** शुक्रवार को सुबह से ही चिलचिलाती धूप रही तो लोग पसीने में तरबतर नजर आए। समय बढ़ने पर दिक्कतें बढ़ती रहीं। लोगों ने पसीने में बेहाल होकर कामकाज निपटाना शुरू किया। दोपहर के समय पारा चढ़कर 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। उस वक्त सिर चकराने के हालात बने तो लोगों ने शीतल पेय पदार्थों का सेवन किया। बाजारों और मोहल्लों में सन्नाटे का माहौल नजर आया। नई तहसील कार्यालय पर तहसीलदार की ओर से शरबत वितरण का कार्यक्रम किया। कर्मचारियों ने आने जाने वाले लोगों को शरबत बांटा। मोहल्ला चौधरी सराय और हल्लू सराय में भी लोगों ने राहगीरों को शरबत बांटकर राहत पहुंचाने का काम किया। शाम के समय भी भीषण गर्मी के कारण लोग परेशान दिखाई दिए। लोगों ने ऊपरवाले से बारिश के लिए प्रार्थना की।

### गंगा में डूबे बच्चे का शव बरामद

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में गंगा में डूबकर 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। बच्चे का शव दूसरे दिन शुक्रवार को गंगा में उतराता मिला। थाना क्षेत्र के गांव मई हुसैनपुर निवासी रूप किशोर का 10 वर्षीय बेटा संतोष गंगा दशहरा पर गुरुवार को गांव की ही बादाम की जलेबी की दुकान पर काम करने गया था। जिसके बाद संतोष सांकरा गंगाघाट पर गंगा स्नान करने चला गया। स्नान करते समय संतोष गहरे पानी में डूब गया। जब वह दुकान पर वापस नहीं पहुंचा तो परिजन देर शाम तक उसे ढूंढते रहे। एक स्थान पर उसके कपड़े मिले तो आशंका जताई गई कि वह गंगा में डूब गया। शुक्रवार को संतोष का शव पास में ही गंगा में उतराता हुआ मिला। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। थाना प्रभारी उमेश कुमार सोलंकी ने बताया कि लापता बच्चे का शव मिल गया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### वन विभाग ने मालवीय चौक से जर्जर पेड़ को काटा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** स्टेशन रोड पर सड़क किनारे काफी पेड़ लगे हुए हैं। लेकिन कुछ वर्षों से कई पेड़ कमजोर स्थिति में पहुंच गए है। बारिश के दिनों में तेज आंधी आने पर उनकी बड़ी टहनियां गिर जाती हैं। जिससे डर बना रहता है, कि कोई घटना न घटित हो जाए। पूर्व में कुछ पेड़ खोखले पेड़ बरसात में गिर भी चुके हैं। पिछले दिन पहले आई तेज आंधी में नगर के कुछ हिस्सों में पेड़ व होर्डिंग भी गिर गए थे। वन विभाग को कोतवाली के सामने जामुन के पेड़ के जर्जर होने की सूचना मिली थी। जिसकी टहनियां कई बार गिर भी चुकी हैं। शुक्रवार को वन विभाग की टीम ने उक्त पेड़ का निरीक्षण करने के बाद पेड़ को काटने का कार्य शुरू कर दिया। इस दौरान मार्ग को दोनों ओर से यातायात के लिए बंद करना पड़ा। जिसके चलते राहगीरों को कठिनाई का सामना करना पड़ा।

### बच्चों को परिषदीय स्कूलों में भेजें अभिभावक : सीडीओ

**संभल, अमृत विचार :** विकास खंड असमोली के गांव सैंधरी तेलीपुरा में डीएम के निर्देशन एवं सीडीओ गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में जन चौपाल लगी। जिसमें विभिन्न विभागों के स्टाल लगाकर ग्रामीणों की योजनाओं की जानकारी दी गई। जन चौपाल में समाज कल्याण विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास परियोजना विभाग, विकास विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों की जानकारी दी। सीडीओ ने जिले में डीएम के प्रयास से पीएम श्री विद्यालय मॉडल स्कूलों की तरह तैयार हुए हैं। अब अभिभावक बच्चों को परिषदीय स्कूलों में भेजें। सीडीओ ने महिलाओं के एएनसी, हाइपरटेंशन एवं डायबिटीज की जांच और टीकाकरण पर चर्चा की। गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं बच्चों को अन्नप्राशन कराया। सीडीओ ने प्राथमिक विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर निर्देश दिए। इस दौरान डीडीओ राम आशीष, डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार, सहायक श्रम आयुक्त सुरेन्द्र कुमार, अपर जिला पचायती राज अधिकारी चितेन्द्र पाल सिंह, डॉ .अवधेश, सीडीपीओ रचना यादव, बीडीओ रिजवान हुसैन आदि रहे।

### परिषद के बाल संस्कारशाला का समापन



**चन्दौसी , अमृत विचार :** भारत विकास परिषद के नवउदय की 5 दिवसीय बाल संस्कारशाला का समापन हो गया। शिविर में बच्चों को विभिन्न कलाओं का प्रशिक्षण दिया गया। शुक्रवार को पंडित गोबिंद बल्लभ पंत उच्च प्राथमिक विद्यालय में समापन दिवस पर बच्चों को योगासन, व्यायाम, नृत्य, गायन, मेंहदी व पेपर क्राफ्ट से विभिन्न वस्तुओं को तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया। विशिष्ट अतिथि प्रभाष चंद्र चौधरी ने कहा अब बच्चे वर्चुअल दुनिया में जी रहे हैं और संस्कृति और भारतीयता से दूर होते जा रहे हैं, ऐसे में भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित संस्कार शाला का उद्देश्य बच्चों में संस्कार प्रदान करने के साथ-साथ भारतीयता की भावना जागृत करना है। अध्यक्ष विकास गोयल ने विद्यालय के प्रधानाचार्य आशुतोष गुप्ता, अध्यापक नीतू रानी व शहनाज अंसारी का उनके विशेष सहयोग के लिए उनका विशेष आभार प्रकट किया। इस अवसर पर नितिन गुप्ता, अतुल शंकर चौधरी, सुनीता शर्मा, कल्पना गुप्ता, मोहित गोयल, मधुर वार्ष्णेय, विष्णु शर्मा, अंकुर गोयल, अजय शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त छात्रा को सम्मानित किया



**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर की न्यू सत्यम एकेडमी की छात्रा आद्रिका गुप्ता को सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा में जनपद में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया। मोहल्ला बड़ा महादेव निवासी अमित कुमार की पुत्री आद्रिका गुप्ता ने हाईस्कूल परीक्षा 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में द्वितीय व नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। शुक्रवार को खुर्जा गेट निवासी सामाजिक कार्यकर्ता मदन लाल दूरदर्शन वालों के साथ कई लोग आद्रिका के घर पहुंचे। जहां उन्होंने आद्रिका को स्मृति चिह्न देकर सम्मानिक किया। इस दौरान आयुषी गुप्ता, राजू अंजान, केसी चटवाल, रिंकू चौहान, दुर्गेश गुप्ता, कृष्ण कुमार, तरुण कुमार, प्रमोद गुप्ता, अविनाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### भंडारे में पार्टी विशेष के प्रचार पर आपत्ति जताई

**चन्दौसी/ कुढफतेहगढ़, अमृत विचार :** थाना कुढफतेहगढ़ क्षेत्र के गांव रीठ में रोड किनारे भवन स्थल पर गंगा दशहरा के दिन गांव के लोगों ने भंडारे किया था। जिसमें गांव के सभी सभी ने सहयोग प्रदान करते हुए बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। भंडारे में कुछ आयोजकों द्वारा पार्टी विशेष के नेताओं को बुलाकर कार्यक्रम में बैठक कर उपस्थित सभी लोगों के हाथों में पोस्टर देकर प्रचार करने के फोटो व वीडियो वायरल हो रहे है। जिसमें लोग तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं कि सामाजिक कार्यक्रम में एक पार्टी के नेता को बुलाकर पार्टी की बैठक कर उपस्थित लोगों के हाथों में पोस्टर देकर व पार्टी की मजबूती के लिए शपथ लेने पर आपत्ति जताई जा रही है। लोगों को कहना है कि धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम को राजनीति का मंच बनाना उचित नहीं था और पार्टी प्रचार ना कर करके केवल प्रसाद ग्रहण कराया जाता। सामाजिक कार्यक्रम में पार्टी विशेष का रंग देने से समाज में द्वेष भावना फैलती है जिसका समाज में विपरीत असर पड़ता है।

गुणैरुत्तमतां यान्ति नोच्चैरासनसंस्थितैः ।
प्रसादशिखरस्थोऽपि किं काको गरुडायते ॥

गुणों से ही मनुष्य बड़ा बनता है, न कि किसी ऊंचे स्थान पर बैठ जाने से। राजमहल के शिखर पर बैठ जाने पर भी कौआ गरुड़ नहीं बनता।

## संपादकीय

# मध्य वर्ग को सीधी राहत

वैश्विक स्तर पर जारी चुनौतियों के बीच अर्थव्यवस्था को जरूरी समर्थन जारी रखने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को रेपो दर को आधा प्रतिशत घटाने का बड़ा फैसला लिया है। निश्चित रूप से इस फैसले से आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी। केंद्रीय बैंक ने लगातार तीसरी बार रेपो दर में कटौती की है। इस दर कटौती का उद्देश्य न केवल आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देना है बल्कि आम जनता, विशेष रूप से मध्यम वर्ग को सीधी राहत पहुंचाना भी है। इस कटौती के साथ रेपो दर तीन साल के निचले स्तर 5.5 प्रतिशत पर आ गई है। इसके साथ आरबीआई ने बैंकों के लिए अप्रत्याशित रूप से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में भी एक प्रतिशत की कटौती की घोषणा की। रेपो दर में कटौती के साहसिक कदम से मकान खरीदने वालों को राहत मिलेगी और रियल एस्टेट क्षेत्र में मांग भी बढ़ेगी। इस बार की कटौती ने बैंकों के लिए पूंजी जुटाना सस्ता बना दिया है, जिससे अब होम लोन, कार लोन, पर्सनल लोन जैसे उत्पादों की दरें घटेंगी। जहां एक ओर आम जनता को सीधी राहत मिल रही है, वहीं बैंकों के लिए यह कदम दोहरी परिस्थिति लेकर आया है। स्पष्ट है कि रिजर्व बैंक अर्थव्यवस्था को स्थिर गति देने और मांग को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से काम कर रहा है। कंपनियों के लिए भी यह फैसला वित्त पोषण को आसान बनाएगा, नई परियोजना शुरू करने में मदद करेगा और नकदी की स्थिति बेहतर करेगा। जानकारों के मुताबिक आरबीआई ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब मुद्रास्फीति अप्रैल में घटकर लगभग छह साल के निचले स्तर 3.16 प्रतिशत और आर्थिक वृद्धि दर 2024-25 में चार साल के न्यूनतम स्तर 6.5 प्रतिशत पर आ गई है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि आगे रेपो दर में और कटौती की गुंजाइश काफी कम है।

भविष्य की मौद्रिक नीति कार्रवाई आने वाले आंकड़ों पर निर्भर करेगी। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) भविष्य की नीति तैयार करने के लिए आय के आंकड़ों और उभरते परिदृश्य का सावधानीपूर्वक आकलन करेगी। कुल मिलाकर यह दर कटौती आम लोगों की जेब पर भी सकारात्मक असर डालेगी। क्योंकि छोटे शहरों और कस्बों में भी आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, जहां अधिकतर ग्राहक बैंक ऋण पर निर्भर रहते हैं। निस्संदेह यह महत्वपूर्ण कटौती केवल एक मौद्रिक नीति निर्णय नहीं है बल्कि आम आदमी की जिंदगी को आसान बनाने, आर्थिक असमानता को घटाने और बाजार को फिर से सक्रिय करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है।

# भारत के लिए संकट नहीं बनेगा ब्रह्मपुत्र का पानी



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

चीन के साथ सुविधा यह है कि वह अपनी नदियों के जल को अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानकर चलता है। पानी को एक उपभोक्ता वस्तु मानकर वह उसका अपने हितों के लिये अधिकतम दोहन में लगा है। बौद्ध धर्मावलम्बी चीन परंपरा और आधुनिकता के बीच मध्यमार्गी सामंजस्य बनाकर चल रहा है।

ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को लेकर चीन का भारत से ही नहीं बांग्लादेश से भी विवाद है। इस नदी पर कई बांध बनाकर चीन ने ऐसे जल प्रबंध कर लिए हैं कि वह जब चाहे तब भारत और बांग्लादेश में पानी के प्रवाह को रोक दे और जब चाहे तब ज्यादा पानी छोड़कर ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे बसे इलाकों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न कर दे। चीन ने ऐसी हरकत करते हुए साल 2016 में भारत में जलापूर्ति करने वाली ब्रह्मपुत्र की सहायक नदी जियाबुकू का पानी रोक भी दिया था। लेकिन इसका असर पूर्वोत्तर की कृषि पर देखने में नहीं आया था। ब्रह्मपुत्र एशिया की सबसे लंबी नदी है। इस नदी की लम्बाई 3000 किमी है। इसी की सहायक नदी जियाबुकू है। जिस पर चीन हाइड्रो प्रोजेक्ट बना रहा है।

ऑपरेशन सिंदूर और सिंधु जल संधि के निलंबन से आहत पाकिस्तान भारत को सबक सिखाने के दिन में स्वप्न देख रहा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ के सलाहकार राणा अहसान अफजल ने एक नई धमकी देते हुए कहा है कि यदि चीन ब्रह्मपुत्र का पानी रोक दे तो भारत का क्या हाल होगा? चूंकि पाकिस्तान न तो ब्रह्मपुत्र के भूगोल से परिचित है और न ही पानी के प्रवाह के तकनीकी के ज्ञान से? इसलिए इस भूगोल और तकनीक का ज्ञान असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कराकर पाक के नैरेटिव की हवा निकाल दी। बिस्वा ने अपनी एक्स पोस्ट पर ठोस तथ्यों के साथ लिखा कि ब्रह्मपुत्र एक ऐसी नदी है, जिसका प्रवाह भारत में घटता-बढ़ता नहीं है। अतएव नदी को अपना प्रवाह बनाए रखने के लिए चीन के पानी पर निर्भर नहीं रहना पड़ता है। ब्रह्मपुत्र के कुल जल प्रवाह में चीन केवल 30 से 35 प्रतिशत तक का योगदान देता है। यह भी ज्यादातर हिमनदों के पिघलने और बारिश से मिलता है। शेष 65 से 70 प्रतिशत जल भारत में बहने वाली ब्रह्मपुत्र की सहायक नदियों से मिलता है। इसलिए यह नदी भारत में प्रवेश के बाद सशक्त हो जाती है। अतएव यह वर्षा जल से पोषित भारतीय नदी प्रणाली का हिस्सा है न कि किसी एक जल स्रोत पर निर्भर है। पाकिस्तान को यह सच्चाई जाननी चाहिए। फिर भी चीन ब्रह्मपुत्र के जल को कम करता भी है तो वह भारत के लिए मददगार ही साबित होगा। क्योंकि इस नदी की बाढ़ से प्रतिवर्ष लाखों लोगों को विस्थापन का दंश झेलना पड़ता है।

ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को लेकर चीन का भारत से ही नहीं बांग्लादेश से भी विवाद है। इस नदी पर कई बांध बनाकर चीन ने ऐसे जल प्रबंध कर लिए हैं कि वह जब चाहे तब भारत और बांग्लादेश में पानी के प्रवाह को रोक दे और जब चाहे तब ज्यादा पानी छोड़कर ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे बसे इलाकों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न कर दे। चीन ने ऐसी हरकत करते हुए साल 2016 में भारत में जलापूर्ति करने वाली ब्रह्मपुत्र की सहायक नदी जियाबुकू का पानी रोक भी दिया था। लेकिन इसका असर पूर्वोत्तर की कृषि पर देखने में नहीं आया था। ब्रह्मपुत्र एशिया की सबसे लंबी नदी है। इस नदी की लम्बाई 3000 किमी है। इसी की सहायक नदी जियाबुकू है। जिस पर चीन हाइड्रो प्रोजेक्ट बना रहा है। दुनिया की सबसे लंबी नदियों में 29वां स्थान रखने वाली ब्रह्मपुत्र 1625 किमी तिब्बत क्षेत्र में बहती है। इसके बाद 918 किमी भारत और 363 किमी की लम्बाई में बांग्लादेश में बहती है। समुद्री तट से 3300 मीटर की ऊंचाई पर तिब्बती क्षेत्र में बहने वाली इस नदी पर चीन ने 12वीं पंचवर्षीय योजना के तहत तीन पनबिजली परियोजनाएं निर्माण के प्रस्ताव पहले ही मंजूर कर चुका है और अब नए बांध निर्माण को मंजूरी दे दी है। चीन इन बांधों का निर्माण अपनी आबादी के लिये व्यापार, सिंचाई, बिजली और पेयजल समस्याओं के निदान के उद्देश्य से कर रहा है, लेकिन उसका इन बांधों और जल सुरंगों के निर्माण की पृष्ठभूमि में छिपा एजेंडा, खासतौर से भारत के खिलाफ जल हथियार के रूप में रणनीतिक इस्तेमाल के रूप में भी देखी जाती हैं। लेकिन यदि चीन ब्रह्मपुत्र के पानी को औजार बनाता है तो भारत से कहीं ज्यादा चीन की ही बिजली, सिंचाई और पेयजल योजनाएं प्रभावित होंगी।

दरअसल चीन में बढ़ती आबादी के चलते इस समय 886 नगर और 110 बड़े नगर पानी के गंभीर संकट से जूझ रहे हैं। उद्योगों और कृषि संबंधी जरूरतों के लिए भी चीन को बड़ी मात्रा में पानी की जरूरत है। चीन ब्रह्मपुत्र के पानी का अनूठा इस्तेमाल करते हुए अपने शिनजियांग, जांझु और मंगोलिया इलाकों में फैले व विस्तृत हो रहे रेगिस्तान को भी नियंत्रित करना चाहता है। चीन की यह नियति रही है कि वह अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए पड़ोसी देशों की कभी परवाह नहीं करता। चीन ब्रह्मपुत्र के पानी का मनचाहे उद्देश्यों के लिए उपयोग करता है तो तय है, अरुणाचल में जो 17 पनबिजली परियोजनाएं प्रस्तावित व निर्माणाधीन हैं, इनके अटकने के अनुमान लगा लिए जाते हैं। ये परियोजनाएं पूरी हो जाती हैं और ब्रह्मपुत्र से इन्हें पानी मिलता रहता है तो इनसे 37827 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। इस बिजली से पूर्वोत्तर के सभी राज्यों में बिजली की आपूर्ति तो होगी ही, पश्चिम बंगाल और ओड़ीसा को भी अरुणाचल बिजली बेचने लग जाएगा। चीन अरुणाचल पर जो टेढ़ी निगाह बनाए रखता है, उसका एक बड़ा कारण अरुणाचल में ब्रह्मपुत्र की जलधारा ऐसे पहाड़ व पठारों से गुजरती है, जहां भारत को मध्यम व लघु बांध बनाना आसान है। ये सभी बांध भविष्य में अस्तित्व में आ जाते हैं और पानी का प्रवाह बना रहता है तो पूर्वोत्तर के सातों राज्यों की बिजली, सिंचाई और पेयजल जैसे बुनियादी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। पिछले 11 साल में इन बांधों के निर्माण में तेजी आई है।

चीन के साथ सुविधा यह है कि वह अपनी नदियों के जल को अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानकर चलता है। पानी को एक उपभोक्ता वस्तु मानकर वह उसका अपने हितों के लिए अधिकतम दोहन में लगा है। बौद्ध धर्मावलम्बी चीन परंपरा और आधुनिकता के बीच मध्यमार्गी सामंजस्य बनाकर चल रहा है। जो नीतियां एक बार मंजूर हो जाती हैं, उनके अमल में चीन कड़ा रुख और भौतिकवादी दृष्टिकोण अपनाता है। इसलिए वहां परियोजना के निर्माण में धर्म और पर्यावरण संबंधी समस्याएं रोड़ा नहीं बनती। नतीजतन एक बार कोई परियोजना कागज पर आकार ले लेती है तो वह आरंभ होने के बाद निर्धारित समयावधि में लगभग पूरी हो जाती है। चीन और भारत के बीच ब्रह्मपुत्र के जल-बंटवारे को लेकर विवाद और टकराव बढ़ रहा है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पानी के उपयोग को लेकर कई संधियां हुई हैं। इस लिहाज से चीन को सोची-समझी रणनीति के तहत पानी रोकने या उसकी धारा बदलने का अधिकार है ही नहीं। इस संधि में जल प्रवाह के आंकड़े साझा करने की शर्त भी शामिल है। लेकिन चीन संयुक्त राष्ट्र की इस संधि की शर्तों को मानने के लिये इसलिए बाध्यकारी नहीं है, क्योंकि इस संधि पर अब तक चीन और भारत ने हस्ताक्षर ही नहीं किए हैं।

दरअसल ब्रह्मपुत्र का पानी अधिक मात्रा में छोड़ने या रोकने से भारत पर बहुत बड़ा असर पड़ने वाला नहीं है, क्योंकि नदी का जलभराव क्षेत्र का 22 से 30 फीसदी हिस्सा चीन में है, वहीं 21 फीसदी जल चीन से आता है। तिब्बती जल स्रोतों, बारिश और हिमनदों के पिघलने से यह पानी नदी में आता है। भूटान एक छोटा देश जरूर है, लेकिन ब्रह्मपुत्र नदी में उसका भी योगदान चीन के बराबर करीब 21 फीसदी है। जबकि भूटान में नदी का बहाव क्षेत्र केवल 7 फीसदी हिस्से में है। वहीं भारत में यह 34 फीसदी के करीब है। परिणामतः ब्रह्मपुत्र में सबसे ज्यादा पानी भारत से ही जाता है। यह करीब 39 प्रतिशत है। भारत में प्रवेश करने से पहले ब्रह्मपुत्र में केवल 14 फीसदी पानी ही शेष बचता है। बाकी जो पानी बढ़ता है, वह भारतीय जल स्रोतों से ही बढ़ता है। चूंकि चीन का पानी पहले से ही बहुत कम है, इसलिए चीन जल प्रवाह रोकता भी है तो उसका भारत पर ज्यादा असर पड़ने वाला नहीं है। मानसून के समय चीन सीमा पर पानी भारत की तुलना में सात गुना तक कम रहता है। अतएव हिमंत बिस्वा ने कड़ा जबाव देकर पाकिस्तान की बोलती बंद कर दी है।

## प्रसंगवश

# खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की चुनौती

**विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस**

खाद्य सुरक्षा को एक मानवाधिकार माना गया है, जिसके तहत सभी को सुरक्षित और पौष्टिक भोजन का उपभोग करने का अधिकार है। इसी के साथ खाद्य जनित बीमारियों के बोझ को कम करके खाद्य सुरक्षा के लिए वैश्विक प्रयासों को मजबूत करना भी अनिवार्य माना गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दूषित खानपान के कारण 200 से अधिक बीमारियां होती हैं और दुनियाभर में प्रतिवर्ष 10 में से 1 व्यक्ति दूषित भोजन के कारण बीमार पड़ता है। प्रतिवर्ष वायरस, बैक्टीरिया, परजीवी अथवा रासायनिक पदार्थों से दूषित भोजन खाने से करोड़ों लोग बीमार पड़ते हैं और लाखों लोग विभिन्न खाद्य जनित बीमारियों के शिकार होकर मर जाते हैं। अस्वास्थ्यकर भोजन के सेवन के कारण गरीबी से ग्रस्त तबके में बीमारियां होने का खतरा ज्यादा होता है। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा खाद्य सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और खाद्य जनित बीमारियों को रोकने के लिए कार्रवाई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस की स्थापना की गई। डब्ल्यूएचओ के अनुसार यह दिन सभी के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में आने वाली चुनौतियों पर विचार करने का अवसर प्रदान करता है, जिसमें सुरक्षित भोजन तक पहुंच की कमी, गरीबी और संघर्ष शामिल हैं। इस दिवस की स्थापना का उद्देश्य मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए खाद्य सुरक्षा की आवश्यकता को उजागर करना था। यह वैश्विक दिवस यह सुनिश्चित करने के प्रयासों को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है कि मनुष्यों द्वारा खाया जाने वाला भोजन सुरक्षित है। लोगों के लिए यह जानना भी बहुत महत्वपूर्ण है कि कौन से खाद्य पदार्थ सुरक्षित हैं और हमारे स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं क्योंकि हमारा भोजन ही सुरक्षित नहीं होगा तो हमारा स्वास्थ्य कैसे अच्छा रहेगा?



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 दिसंबर 2018 को 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस घोषित करने और सुरक्षित भोजन के बहुत सारे लाभों पर प्रकाश डालने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। उसके बाद संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की दो एजेंसियों खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से प्रतिवर्ष 7 जून को खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया जाने लगा। 7 जून 2019 पहला खाद्य सुरक्षा दिवस 'खाद्य सुरक्षा, सभी का व्यवसाय' विषय के साथ मनाया गया था। 3 अगस्त 2020 को विश्व स्वास्थ्य सभा ने खाद्य सुरक्षा मुद्दों और दुनिया में आवश्यक कार्रवाइयों के बारे में एक प्रस्ताव पारित किया और हर साल 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस घोषित कर दिया गया। प्रतिवर्ष एक खास विषय के साथ मनाए जाने वाले इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य वैश्विक, राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और स्थानीय स्तर पर खाद्य जनित बीमारियों को रोकना तथा खाद्य सुरक्षा के लिए वैश्विक प्रयासों को मजबूत करना है। 2021 में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 'स्वस्थ कल के लिए आज सुरक्षित भोजन' विषय के साथ, 2022 में 'सुरक्षित भोजन, बेहतर स्वास्थ्य', 2023 में 'खाद्य मानक जीवन बचाते हैं' और 2024 में 'खाद्य सुरक्षाः अप्रत्याशित के लिए तैयार रहें' विषय के साथ मनाया गया था।

विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 2025 का विषय है 'खाद्य सुरक्षाः क्रियाशील विज्ञान'। यह विषय सुरक्षित भोजन सुनिश्चित करने में वैज्ञानिक ज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे वैज्ञानिक साक्ष्य खाद्य सुरक्षा में प्रगति को आगे बढ़ाते हैं, विशेषज्ञ सलाह से लेकर निगरानी और वैश्विक सहयोग तक। यह विषय वैज्ञानिक ज्ञान को व्यवहार में लाने के महत्व को भी रेखांकित करते हुए इस बात पर जोर देता है कि भोजन तभी सुरक्षित हो सकता है, जब मार्गदर्शन और सलाह को अमल में लाया जाए। असुरक्षित भोजन कई निम्न और मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं के विकास को भी बाधित करता है, जिससे श्रमिकों की विकलांगता, बीमारी और असामयिक मृत्यु के कारण उत्पादकता में करीब 110 बिलियन अमेरिकी डॉलर की हानि होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक खाद्य सुरक्षा को जलवायु संकट भी प्रभावित करता है और बढ़ता तापमान सुरक्षित खाद्य उत्पादन के लिए बड़ा खतरा बन रहा है।

# फिर से भड़कता दिख रहा रूस-यूक्रेन युद्ध



राजेश जैन
स्वतंत्र पत्रकार

दोनों पक्षों के पास न तो निर्णायक जीत है और न ही शांति का कोई साफ रास्ता। इस लंबी और थकाऊ लड़ाई के बाद भी यह तय नहीं हो पाया है कि कौन जीत रहा है।

फरवरी 2022 में शुरू हुआ रूस-यूक्रेन युद्ध चौथे साल में चल रहा है। लाखों लोगों की जान जा चुकी है, शहर उजड़ चुके हैं और अब दुनिया की नजरें इस सवाल पर टिकी हैं- आखिर कौन जीत रहा है यह युद्ध? क्या यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की रूस के ताकतवर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को मात दे रहे हैं या फिर रूस धीरे-धीरे अपनी रणनीति में सफल हो रहा है?

विश्लेषकों का मानना है कि तुर्की में रूस और यूक्रेन के बीच हुई बातचीत के बाद स्थिति और उलझ गई है। पुतिन ने साफ कर दिया है कि उन्हें सिर्फ एक ही बात स्वीकार है-यूक्रेन का सरेंडर। दूसरी ओर, यूक्रेन कुछ शर्तों पर रियायत देने को तैयार है, लेकिन रूस अपने कठोर रुख से टस से मस नहीं हो रहा। दूसरी ओर यूक्रेन, टेक्नोलॉजी के मोर्चे पर, रूस को कड़ी टक्कर दे रहा है। हाल ही में यूक्रेनी ड्रोन हमलों ने रूस के बमवर्षक विमानों को भारी नुकसान पहुंचाया है। रूस ने सोचा भी नहीं होगा कि यूक्रेन रूस के 4000 किलोमीटर अंदर घुसकर उसके एयरबेस उड़ा सकता है, लेकिन उसने ऐसा किया। अब 5 एयरबेस पर हमले का नुकसान तो बड़ा है और रूसी राष्ट्रपति पुतिन का गुस्सा भी स्वाभविक है। ऐसे में रूस-यूक्रेन युद्ध एक बार फिर से भड़कता दिख रहा है और शांति की उम्मीदें लगभग मंद हो गई हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स बताती हैं कि इस युद्ध में अब तक करीब 14 लाख लोग हताहत हो चुके हैं। यूक्रेन के 75 हजार से ज्यादा सैनिक या तो मारे जा चुके हैं या गंभीर रूप से घायल हुए हैं। रूस की कुर्स्क पर भारी कार्रवाई के बाद यूक्रेनी सेना को पीछे हटना पड़ा। इसके बाद रूस ने पलटवार करते हुए सूमी प्रांत पर हमला शुरू कर दिया है। सूमी की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि यदि रूस इस पर कब्जा कर लेता है, तो वह सीधे कीव की ओर जमीनी हमला कर सकता है। इससे यूक्रेन की राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था कमजोर हो जाएगी। फिलहाल, यूक्रेनी सेना रूस के कब्जे वाले इलाकों में जवाबी कार्रवाई कर रही है। उन्हें अमेरिका और यूरोपीय देशों से तकनीकी और खुफिया जानकारी मिल रही है, जिससे उन्हें हमलों की रणनीति बनाने में मदद मिलती है। इसके अलावा, यूक्रेन में अब अपने ही ड्रोन बनाने की फैक्ट्री और विशेषज्ञ तैयार हो चुके हैं।

हालांकि यूक्रेन को आधुनिक तकनीक और समर्थन मिल रहा है, लेकिन उसकी चुनौतियां भी कम नहीं हैं। जैसे ड्रोन हमले रूसी सेना को धीमा कर सकते हैं, लेकिन उन्हें पूरी तरह रोक नहीं सकते,-रूस लगातार मिसाइल और बमबारी करता जा रहा है, यूरोप और अमेरिका से हथियारों की सप्लाई बनाए रखना ओर नए हथियारों के लिए सैनिकों को ट्रेनिंग देना भी यूक्रेन के लिए बड़ी चुनौती है।

रूस की रणनीति अब यह है कि यूक्रेनी सेना की सप्लाई लाइन को काटा जाए, उन्हें घेरा जाए और धीरे-धीरे एक-एक इलाके पर कब्जा किया जाए। इसके लिए रूसी सेना छोटे-छोटे समूहों में काम कर रही है ताकि वे ड्रोन हमलों से बच सकें। यूक्रेन की गैर पारंपरिक रणनीतियां-जैसे लंबी दूरी तक ड्रोन से हमला-रूस के लिए परेशानी बन चुकी हैं, लेकिन रूस अब भी उनके खिलाफ कोई ठोस समाधान नहीं निकाल पाया है। इससे संकेत नहीं मिलते कि रूस हमला धीमा करने वाला है।

इस समय रूस ने 5 यूक्रेनी प्रांतों के 19प्रतिशत हिस्से पर कब्जा कर लिया है। इनमें से 12 प्रतिशत इलाके पर वह पहले ही 2014 में कब्जा कर चुका था। पुतिन की चाहत है कि यूक्रेन की 25 प्रतिशत जमीन रूस के अधीन आ जाए, जिसमें एक बफर ज़ोन भी शामिल हो। आपको बता दें कि रूस क्रीमिया पर 2014 में कब्जा कर चुका है लेकिन उसकी मांग सिर्फ क्रीमिया तक सीमित नहीं है, अब वह उन इलाकों को भी यूक्रेन से चाहता है, जिन पर उसकी सेना ने अभी तक कब्जा नहीं किया है, लेकिन रूस अपना दावा करता है। इसके अलावा, वह चाहता है कि युद्ध खत्म होने के बाद यूक्रेन की सेना, उसके हथियार और उसकी सीमाएं नियंत्रित कर दी जाएं-कुछ-कुछ वैसा ही जैसा प्रथम विश्व युद्ध के बाद जर्मनी के साथ किया गया था।

इस समय दोनों पक्षों के पास न तो निर्णायक जीत है और न ही शांति का कोई साफ रास्ता। इस लंबी और थकाऊ लड़ाई के बाद भी यह तय नहीं हो पाया है कि कौन जीत रहा है। रूस की धीमी लेकिन स्थायी बढ़त को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, वहीं यूक्रेन भी टेक्नोलॉजी और नाटो समर्थन के दम पर लगातार जवाबी कार्रवाई कर रहा है। अगर किसी तरह से शांति समझौता हो भी जाता है, तब भी यह जरूरी नहीं कि संघर्ष थम जाएगा। जानकारों का मानना है कि यूक्रेन के भीतर गुरिल्ला युद्ध चलता रहेगा और नाटो देश रूस के लिए लंबे समय तक परेशानी बने रहेंगे। फिलहाल दुनिया को इंतजार है कि यह युद्ध कब और कैसे खत्म होगा?

## सोशल फोरम

# परिवेश

बहुत से लोग अमरीका और पश्चिमी देशों की ओर देखते हैं, और बहुत से लोग अभी भी रूस की ओर देखते हैं- सोचते हैं कि भारत का समाज ऐसा ही होना चाहिए। निश्चित ही आज का जीवन ग्लोबल या वैश्विक बन चुका है तथा जो सामान्य परिस्थितियां वैश्विक हैं, उनमें अनेक समानताएं अपने यहां भी होंगी। यह परिवेश का ही प्रभाव है। निश्चित ही जितने अंशों में परिवेश की समानता होगी, उतने अंशों में जीवन की शैली में भी समानता हो सकेगी। जिस तरह के उत्पादन के साधन या टैक्नोलोजी होंगे, उसी तरह की भाषा भी होगी, संस्कृति भी होगी और मानव-व्यवहार भी वैसा ही होगा।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

इसी के साथ यह भी है कि संसार में जो शक्तियां प्रबल होंगी, वे निर्बल के जीवन को प्रभावित भी करेंगी। चाहेंगी कि विकासशील देशों की व्यवस्था, विकसित देशों और प्रबल शक्तियों के हितों की पूरक हों। आनुवंशिकता के बाद मनुष्य जीवन का सबसे अधिक प्रभावशाली निर्णायक-तत्व परिवेश होता है। परिवेश से ही मनुष्य जीवन की शक्ति प्राप्त करता है। वह परिवेश प्राकृतिक भी होता है, समुद्र, नदी, पहाड़, ॠतु देह और मन दोनों को प्रभावित करते हैं

एक रिसर्चर ने बिहार में रहते हुए बुद्ध की विचार-भूमि पर अनुसंधान-कार्य किया था और बताया था कि क्यों निर्वाण ही इस विचार-सरणि का अन्तिम गन्तव्य बना? उसने बुद्ध काल की उन परिस्थितियों का विश्लेषण किया है, जिनमें अत्यन्त कष्ट-पूर्ण जीवन है। ये परिस्थितियां ही हैं, जिनके कारण पश्चिम में भौतिकवादी-दर्शन का जन्म हुआ और वह प्रभावी बन सका तथा भारत में अध्यात्मवाद का जन्म हुआ और वह प्रभावी बना। जो सामान्य परिस्थितियां हैं, उनके कारण दोनों भूमियों में समान विचारों का जन्म और प्रभाव हुआ। लेकिन परिवेश पूरी तरह समान कभी भी नहीं हो सकेगा। रूस तथा उक्रेन में एक जैसे विचार को लेकर राजसत्ता बनी किन्तु परिवेश की भिन्नता ने दोनों को आमने सामने कर दिया। गोरे शासकों की शह पाकर जिन्ना ने धर्म की समानता का नारा लगाया था, पूर्वी पाकिस्तान भी पाकिस्तान ही बना था, किन्तु परिवेश की भिन्नता ने दोनों को अलग कर दिया।

-फेसबुक वॉल से

# किनकी देखरेख में हुई आजाद भारत की पहली जनगणना



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

भारत में 16 साल बाद फिर से जनसंख्या की गणना कराई जाएगी। राष्ट्रीय जनगणना की अधिसूचना 16 जून 2025 को जारी होगी। जनगणना 1 मार्च 2027 को पूरी होगी।

देश की पहली जनगणना की शुरुआत 20 फरवरी 1951 से हुई। उस दिन भारत के राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद से सारी जानकारी भारत के जनगणना उपायुक्त रामेश्वर दयाल ने राष्ट्रपति भवन में जाकर हासिल की। डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने अपनी उम्र 66 वर्ष, पेशा "राष्ट्रपति" बताया और बताया था कि कि उन्हें हिंदी के अलावा अंग्रेजी और बांग्ला भाषाएं आती है। उनके बाद उनकी पत्नी श्रीमती राजवंशी देवी से जानकारी ली गई थी।

भारत में 16 साल बाद फिर से जनसंख्या की गणना कराई जाएगी। राष्ट्रीय जनगणना की अधिसूचना 16 जून 2025 को जारी होगी। जनगणना 1 मार्च 2027 को पूरी होगी। भारत जैसे विशाल देश में जनगणना कराना सच में बहुत बड़ी चुनौती रही है। देश के आजाद होने के बाद आईसीएसके मद्रास कैडर के तेज-तर्रार अफसर आरए गोपालस्वामी के नेतृत्व में पहली बार 1951 में जनगणना करवाई गई थी, जो 1872 से हर दस साल में होने वाली नौवीं जनगणना थी। यह जनगणना 1948 के जनगणना अधिनियम के तहत हुई, जिसने भारत में जनगणना की प्रक्रिया को औपचारिक और कानूनी रूप दिया।

गोपालस्वामी ने डब्ल्यू.डब्ल्यू.एम. येट्स की जगह ली, जिन्हें 1951 की जनगणना के लिए नियुक्त किया गया था, लेकिन 1948 में उनकी मृत्यु हो गई थी। सरकार ने गोपालस्वामी को 1949 में स्वतंत्र भारत का पहला जनगणना आयुक्त कर दिया था। वे भारतीय सिविल सेवा के 1927 बैच के अफसर थे। कुछ सालों तक मौजूदा तमिलनाडु में अहम पदों पर रहने के बाद वे 1940 में नई दिल्ली आ गए थे। यहां वे कृषि विभाग में भी रहे।

गोपालस्वामी के मार्गदर्शन में 1951 की जनगणना में उम्र, लिंग, वैवाहिक स्थिति, धर्म, शिक्षा और पेशे जैसे सामाजिक और आर्थिक आंकड़े जुटाए गए। जनगणना के अनुसार भारत की आबादी 36.10 करोड़ थी, जिसमें पुरुष-महिला अनुपात 1000:946 था। साक्षरता दर 18 प्रतिशत थी और औसत आयु 32 साल थी। इसके अलावा, विभाजन के कारण हुए विस्थापन का भी डेटा दर्ज किया गया, जिसमें 72.26 लाख मुस्लिम पाकिस्तान गए और 72.49 लाख हिंदू और सिख भारत आए। इस डेटा ने आजाद भारत की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को समझने की नींव रखी। बेशक, 1951 की जनगणना, जिसे "स्वतंत्रता जनगणना" भी कहा जाता है, आजादी के बाद भारत के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव थी। गोपालस्वामी ने गणना को लोकतांत्रिक तरीके से कराने में अहम भूमिका निभाई, ताकि यह पूरे देश में व्यवस्थित ढंग से हो सके। यह ब्रिटिश शासन की जनगणनाओं से बिल्कुल अलग थी, जो मुख्य रूप से प्रशासन और राजस्व के लिए होती थीं। 1951 की जनगणना ने भारत में डेटा आधारित शासन की नींव रखी।

दरअसल 1951 की जनगणना में कई चुनौतियां थीं, जैसे कम साक्षरता दर (केवल 1 प्रतिशत) और देश की विशालता और विविधता के कारण लॉजिस्टिक समस्याएं। गोपालस्वामी ने इन बाधाओं के बावजूद व्यवस्थित तरीके से जनगणना सुनिश्चित की। जम्मू-कश्मीर में अस्थिरता के कारण वहां 1951 में जनगणना नहीं हो सकी, और वहां की आबादी का अनुमान 1941 की जनगणनाओं के आधार पर लगाया गया। उनकी नेतृत्व क्षमता ने डेटा की विश्वसनीयता बनाए रखी।

1951 की जनगणना का डेटा भारत के पहले पंचवर्षीय योजना (1951-1956) के लिए आधार बना। इसने आर्थिक विकास, शिक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए नीतियां बनाने में मदद की। कम साक्षरता और आयु जैसे मुद्दों को उजागर कर यह लक्षित हस्तक्षेपों का आधार बना। गोपालस्वामी ने जनगणना को साक्ष्य-आधारित शासन का महत्वपूर्ण साधन बनाया, जो आज भी भारत की नीति निर्माण को प्रभावित करता है।

आरए गोपालस्वामी ने 1948 के जनगणना अधिनियम को लागू करने, व्यापक डेटा संग्रह और विभाजन की चुनौतियों से निपटने में उनकी कोशिशों ने भविष्य की जनगणनाओं की नींव रखी। 1951 की जनगणना भारत के सांख्यिकीय इतिहास में एक मील का पत्थर है, जिसने आजादी के शुरुआती दौर में देश की जनसांख्यिकीय और सामाजिक-आर्थिक स्थिति की महत्वपूर्ण जानकारी दी। गोपालस्वामी 1949-1953 तक देश के जनगणना आयुक्त रहने के बाद वापस मद्रास चले गए थे। इस बीच, यहां पर भारत के पहले जनगणना आयुक्त डब्ल्यूसी प्लौडेन की चर्चा करना भी जरूरी है। उन्होंने 1881 में ब्रिटिश शासन के तहत भारत की पहली जनगणना आयोजित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे पहले, 1872 में लॉर्ड मेयो के शासनकाल में पहली बार जनगणना का प्रयास किया गया था, लेकिन वह आंशिक और असंपूर्ण थी। 1881 की जनगणना को भारत में पहली व्यवस्थित और व्यापक जनगणना माना जाता है, और इसकी देखरेख डब्ल्यूसी प्लौडेन ने की।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी युवक रिश्तेदारी से आते समय आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव फतेहपुर बाटूपुरा निवासी राजकुमार पुत्र जय सिंह गुरुवार की देर शाम आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव से अपने रिश्तेदारी से लौट रहा था। जैसे ही उसकी बाइक ढबारसी मार्ग स्थित रूपा नागल गांव के पास पहुंची तो किसी अज्ञात वाहन से बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही युवक बुरी तरह घायल हो गया। राहगीरों ने युवक को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया।

### दहेज मामले में गिरफ्तार

**गजरौला, अमृत विचार :** हासमपुर पखरोला निवासी शाजमा की शादी क्षेत्र के गांव निवासी सिहाली गोसाईं के साथ हुई थी। शादी के कुछ माह बाद ससुराल वालों ने विवाहिता को घर से निकाल दिया था। पुलिस ने ससुराल पक्ष के छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस ने विवाहिता के देवर जीशान पुत्र इशरत उर्फ इमरान को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

# मंदिर के तालाब में मिला 8 साल के बालक का शव

## घर से खेलने जाने के लिए कहकर निकला था कोहिनूर

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



पोस्टमार्टम हाउस पर रोते बिलखते परिजन। ● अमृत विचार



कोहिनूर फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** घर से लापता 8 वर्षीय बालक का शव श्री वासुदेव तीर्थ मंदिर के तालाब में पड़ा मिला। वह नानी से बाहर घूमने के लिए कहकर घर से निकला था। शव देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बिहार के पुरनिया जिले की निवासी फुलिया देवी अपने अपने धेवते कोहिनूर के साथ नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला किशनगढ़ में रहती है। फूलिया देवी माली का काम करती है। 8 वर्षीय कोहिनूर के माता-पिता की कई साल पहले मौत हो गई थी। गुरुवार की शाम को कोहिनूर अपनी नानी से बाहर खेलने के लिए कहकर निकला था। लेकिन देर रात तक भी वह घर नहीं पहुंच पाया। जिसके बाद नानी फूलिया देवी ने उसकी काफी तालाश की लेकिन वह नहीं मिला। बाद में पुलिस को सूचना दी। शुक्रवार की सुबह श्री वासुदेव तीर्थ मंदिर के तालाब में उसका शव मिला। सूचना पर नगर पुलिस मौके पर पहुंच गई। धेवते का शव देखकर नानी बदहवास हो गईं। बताया जा रहा है कि कोहिनूर नहाने के लिए तालाब में गया था, डूबने से उसकी मौत हो गई।

हालांकि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि तालाब में बालक का शव पड़ा मिला। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। वहीं धेवते की मौत के बाद नानी का बुरा हाल है।



शिविर में उद्घाटन करते विधायक राजीव तरारा। ● अमृत विचार

# शिविर में पशुओं के संतुलित आहार की जानकारी दी

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ के पशुचिकित्सा वैज्ञानिकों ने पशुपालन विभाग के सहयोग से विकास खंड के गांव कौराला में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया।

शुक्रवार को शिविर का आरंभ विधायक राजीव तरारा, अपर निदेशक पशुपालन विभाग डॉ. जगदीश कुमार व सीवीओ डॉ. आभा दत्त ने किया। इस दौरान विधायक राजीव तरारा ने कहा कि पशुओं का किसानों के लिए विशेष महत्व है। क्योंकि पशु किसानों की आय का साधन होते हैं। वर्तमान समय में किसान पशुओं के सहारे बेहतर लाभ ले रहा है। पशुओं से जहां दूध मिलता है। वहीं दूसरी उनके गोबर की खाद फसल का उत्पादन बढ़ाती है। शिविर में अपर निदेशक, पशुपालन विभाग डॉ. जगदीश कुमार व सीवीओ डॉ. आभा दत्त ने बताया कि पशुओं में बांझपन, कुपोषण और गर्भाशय संक्रमण जैसी जटिल समस्याओं की पहचान अल्ट्रासाउंड मशीन के माध्यम से की। परियोजना प्रभारी प्रोफेसर अमित वर्मा ने बताया कि 175 पशुओं की जांच की। जिनमें से अधिकतर मादा पशुओं में अस्थायी बांझपन की समस्या पाई गईं। इसके अतिरिक्त पशुपालकों को हीट डिटेक्शन, संतुलित आहार, एवं प्रभावी प्रजनन प्रबंधन के विषय में भी विस्तृत जानकारी दी गई।

## सार संक्षेप



### सफाई नायकों को चेयरमैन ने दिए निर्देश

**हसनपुर, अमृत विचार :** ईद उल अजहा के मद्देनजर सफाई कर्मचारियों की बैठक कर नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने उन्हें सफाई दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों को चयनित किया गया है। वहां सफाई कर्मचारी अपना वाहन लेकर खड़े होंगे। ओज आदि नगर पालिका के वाहन में ही डालें। ईदगाह पर सफाई, जल एवं चूना आदि की व्यवस्था को समय से दुरुस्त किया जाए। चेयरमैन ने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर सफाई नायक सुंदर, सुभाष चंद्र, रामनिवास, प्रदीप, रामबाबू, सुरजीत, इकबाल सिंह, नवीन कुमार मौजूद रहे। वहीं, अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह ने टीम गठित कर कर्मचारियों को तैनात किया है। अवशेष उठाने के लिए पालिका के वाहनों पर कर्मचारी तैनात कर दिये गए हैं। कंट्रोल रूम प्रभारी की देखरेख में यह कर्मचारी अपने कार्य को अंजाम देंगे। नगर पालिका ने ईद उल अजहा पर कही गंदगी न फैले कोई शिकायत ना मिले इसके लिए पूरी तैयारी कर ली है।

### भाकिसं की बैठक में बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**हसनपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान संघ की ब्लॉक स्तरीय बैठक में किसानों की समस्या से संबंधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा। शुक्रवार को भारतीय किसान संघ ब्लाक गंगेश्वरी की बैठक ग्राम पौरारा स्थित मां चामुंडा मंदिर में हुई। बैठक में उपस्थित किसानों ने समस्याएं रखीं, जिनके निस्तारण के लिए पदाधिकारियों द्वारा आपस में विचार-विमर्श किया। बैठक के बाद मुख्यमंत्री के नाम संबोधित विज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि पौरारा गंगा घाट पर पुल का निर्माण शासन द्वारा घोषित है, परंतु कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। अत: क्षेत्रवासियों की समस्याओं को देखते हुए पुल का निर्माण जल्द कराया जाए। बैठक में जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा, राजेश सैनी, अखिलेश शर्मा, शिवचरण सिंह, मुकेश ठाकुर, राहुल, दिनेश, प्रेम सिंह, प्रेम ठाकुर, मोहन पाल सिंह, राकेश शर्मा, वीर सिंह सैनी, तेज राम सैनी, ओमपाल सिंह, हेम सिंह, चरण सिंह, रामवीर, अमीचंद्रा आदि किसान मौजूद रहे।

### सांड को गोशाला ले जाने के लिए नहीं पहुंची टीम

**ढबारसी (अमरोहा), अमृत विचार :** आदमपुर थाना क्षेत्र के दमगडा गांव में सांड ने घर में सो रही महिला को चारपाई से उठाकर पटककर मार डाला था। ग्रामीणों ने सांड को पकड़ लिया था। लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी पशु विभाग की टीम ने सांड को गोशाला भेजने की आवश्यकता महसूस नहीं की है। ग्रामीणों का कहना है कि सांड ग्रामीणों पर भी हमला कर सकता है। महिला की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने हमलावर सांड समेत दो सांडों को पीछा करके पकड़ लिया था। प्रशासन से इन दोनों सांडों को गोशाला भिजवाने की मांग की थी लेकिन ग्रामीण करते रहे लेकिन पशु विभाग की टीम गांव में नहीं पहुंची। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन द्वारा छुट्टा गोवंशीय पशुओं को न पकड़वाने की वजह से फसलों में आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।



### निर्जला एकादशी पर बांटा शरबत

**अमरोहा, अमृत विचार :** निर्जला एकादशी पर श्री रामायण संकीर्तन मंडल ने बड़ा बाजार चौराहे पर शरबत बांटा। श्री रामायण संकीर्तन मंडल अमरोहा के अध्यक्ष चैन सुख गोले ने बताया कि निर्जला एकादशी सभी एकादशियों में सबसे बड़ी और श्रेष्ठ मानी गई है। इस दिन व्रत रखना या दान पुण्य करना सबसे अच्छा माना गया है। यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष श्री रामायण संकीर्तन मंडल अमरोहा के तत्वाधान में मनाया जाता रहा है। इस कार्यक्रम में चैन सुख गोले, प्रतुल शर्मा, संदीप रस्तौगी, अतुल पंडित, कमल किशोर, संतोष लश्करी, नितिन पाठक, राजवीर यादव, अनिल माहेश्वरी, पंडित आशुतोष त्रिवेदी, शरद टंडन, पवन कौशिक, अनिल गौतम, कौशल शर्मा, अनंत कौशिक, समर्थ वर्मा, अपूर्व शर्मा, पवन शर्मा, अमरनाथ, चिराग शर्मा, सोनू महेश्वरी, विकास व्यास, अर्जुन कौशिक रहे। उधर, शहर में ही आजाद पर रोड पर जेएस डिग्री कॉलेज के पास लायंस क्लब के द्वारा शरबत वितरण किया गया। निर्जला एकादशी पर क्लब के सदस्यों ने लोगों को शबरत पिलाया।



### जलभराव के विरोध में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

**हसनपुर, अमृत विचार :** नाली चोक होने के बाद सड़क पर जलभराव की समस्या को लेकर एआईएमआईएम के कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका के खिलाफ प्रदर्शन कर अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। नगर के मोहल्ला लाल बाग स्थित रेतिया मस्जिद के निकट मार्ग पर नालियों का गंदा पानी जमा होने से दुकानदारों एवं मोहल्ले वासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए लोग जाते हैं तो वह इस गंदे पानी में से होकर गुजरते हैं। शुक्रवार को स्थानीय निवासियों ने नगर पालिका के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद सभी एआईएमआईएम के कार्यकर्ता नगर पालिका कार्यालय पहुंचे और अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा और मांग करते हुए कहा कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान कराया जाए। प्रदर्शन करने वालों में सादिक कादरी, बाबा फरीद, मारूफ अंसारी, असीम अंसारी, अनस रजी, जुबेर कबीर, इमरान सैफी, रिजवान सैफी, फुरकान सैफी, मोहम्मद आसिफ, गुड्डू, रशीद, नौशाद आदि मौजूद रहे।

### मंदिर मार्ग पर जलभराव से ग्रामीण परेशान

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव आगापुर उर्फ याकूबपुर में चामुंडा मंदिर को जाने वाले मार्ग पर जलभराव की स्थिति बनी हुई है। जिससे ग्रामीण एवं श्रद्धालुओं को जलभराव के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। इस संबंध में कई बार ग्रामीणों द्वारा शिकायत भी की गई। लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं कराया गया है। जबकि यह मार्ग दर्जन भर से अधिक गांवों को भी जोड़ता है। ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर हुए जल भराव से निजात दिलाने की मांग संबंधित अधिकारियों से की है। मांग करने वालों में ग्रामीण अमित, रज्जू, सचिन, सुमित, सतीश, दीपक, विजेंद्र, कलुआ, राजेंद्र, राजीव आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

### व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान ने जलजीरा पिलाया

**हसनपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार को निर्जला एकादशी पर व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के पदाधिकारियों ने नगर की पुरानी घास मंडी के निकट स्थित प्रमोद अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर जलजीरे का वितरण किया। संस्थान के प्रदेश महामंत्री मुकेश गुप्ता ने बताया कि संगठन के पदाधिकारी द्वारा समय-समय पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर जलजीरें का वितरण किया गया है। इस मौके पर नगर अध्यक्ष तरुण अग्रवाल, जिला संगठन मंत्री सचिन गुप्ता, जिला चेयरमैन पंकज भटनागर, लोकेश अग्रवाल, अंकित गुप्ता, मुकुल अग्रवाल, मोहित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



रेहड़ी खोखा दुकानदारों ने चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन।

# रेहड़ी-खोखा दुकानदारों ने चेयरमैन, ईओ को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** मोहल्ला महादेव में सार्वजनिक भूमि पर रेहड़ी-खोखा लगाने वाले नगर पालिका कार्यालय पर एकत्र हुए। यहां चारदीवारी का विरोध करपालिका अध्यक्ष व ईओ को ज्ञापन देकर चारदिवारी नहीं करने की मांग की।

उनका कहना है कि मोहल्ला महादेव में शहर से गांव कमेलपुर को जाने वाले रास्ते के किनारे और सार्वजनिक भूमि पर वह खोखा और ठेले लगाकर रोजी-रोटी कमाते हैं। बताया कि सार्वजनिक भूमि पर किसी भी सरकारी विभाग द्वारा चारदीवारी की जाएगी जिससे उनकी रोजी-रोटी छीन सकती हैं। प्रदर्शन करने वालो में शीशपाल, महिपाल, नरेश सैनी, अशोक, रवि कुमार, सोनू कुमार, आमोद कुमार, लोकेश, बाबूराम, अंकित, ओमप्रकाश, धर्मवीर, कृपाल, सुरेश सैनी, अमीचंद मौजूद रहे।

# विद्युत विभाग कर रहा है किसानों का आर्थिक शोषण

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



धरने को संबोधित करते भाकियू शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह।

● समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट पर गरजे भाकियू शंकर के कार्यकर्ता

**अमृत विचार :** भाकियू शंकर ने भ्रष्टाचार व किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट पर धरना-प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि 28 वर्ष बाद भी जिला सहकारी बैंक बोर्ड का गठन नहीं हो पाया है। जिससे नागरिको को सुविधाएं नही मिल पा रही हैं।

शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन (शंकर) ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट पर विशाल धरना-प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। वहीं संगठन से जुड़े हजारों कार्यकर्ता व किसान इस धरने प्रदर्शन में शामिल हुए। इस दौरान विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री को सम्बोधित मांगपत्र भी सौंपा। भाकियू शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिले के गठन हुए 28 वर्ष बीत जाने के बाद भी जिला सहकारी बैंक बोर्ड का गठन नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि उर्वरकों व पेस्टिसाइड की जांच होनी चाहिए। विद्युत विभाग किसानों का शोषण कर रहा है, जिसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिले के चक्कालीलेट गांव में बनाए जाने वाले कंटेनर डिपो के मामले में किसानों को 32 लाख प्रति बीघा मुआवजा दिया जाए। जिन किसानों की जमीन इस योजना में जा रही है, उस परिवार से एक व्यक्ति को उसकी योग्यतानुसार नौकरी दी जानी चाहिए। देश के सभी किसानों को केसीसी के लिए खाता लाइफटाइम दिया जाए, इसके साथ ही किसान को किसी भी बैंक में अपना खाता पोर्ट करने की आजादी दी जानी चाहिए। इस दौरान मौके पर संबंधित विभागों के विभाग अध्यक्ष जिला गन्ना अधिकारी, अधिशासी अभियंता, नोडल उपसंचालक चकबंदी गन्ना निरीक्षक नोडल अधिकारी जिला सहकारी बैंक अमरोहा, संभागीय परिवहन अधिकारी अमरोहा, वन क्षेत्राधिकारी अधिकारी अमरोहा, सहायक अभियंता पब्लिक वर्क्स डिपार्मेंट अमरोहा, कृषि रक्षा अधिकारी अमरोहा, उपनिदेशक कृषि ने धरना स्थल पर पहुंचकर किसानों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण किया।

धरना प्रदर्शन में नेमपाल सिंह, हरि सिंह, शेर सिंह राणा, साबिर सैफी, जगत सिंह चौहान, सतवीर सिंह, डॉ. योगेंद्र सिंह खड़कवंशी, विक्रम गुर्जर, जयवीर गुर्जर, राकेश चौहान, सत्येंद्र सिंह, चंद्रपाल सिंह, खेमपाल सिंह, सरदार हरप्रीत, कैप्टन वीर सिंह चौहान, सुंदर सिंह, सुभाष यादव, नरेश गुर्जर, रामनिवास गुर्जर, मोनू चौधरी, संजीव कुमार, राजपाल सैनी कार्यकर्ता व किसान मौजूद रहे।



स्मार्टफोन वितरित करते अतिथि व साथ में छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

# छात्र-छात्राओं को बांटे स्मार्टफोन

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** शुक्रवार को शहर के मून डिग्री कॉलेज में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ महाविद्यालय के प्रबंधक आशु सिंघल, पल्लवी सिंघल व प्राचार्य डॉ. सुशील चौहान ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय प्रबंधन आंशु सिंघल ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राओं को स्मार्टफोन दिए जा रहे हैं। कहा कि डिजिटल इंडिया के सपने को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डिजी शक्ति योजना शुरू की गई है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि सभी स्मार्टफोन का सही उपयोग करके अपने भविष्य को संवारें। प्राचार्य सुशील चौहान ने मोबाइल के सदुपयोग और दुरुपयोग के विषय पर प्रकाश डाला और छात्रों को डिजिटल तकनीकी में सावधान रहने की सलाह दी। इस अवसर पर पल्लवी सिंघल, दीपल यादव, नितिन तोमर, नवदीप कुमार, डॉ. अशोक कुमार, मुकेश शर्मा, दानिश मलिक, इमरान मलिक, विपिन त्यागी व मीनाक्षी राव रहे।

## वन माफिया पर धमकाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र के खजूरी गांव निवासी प्रवेश कुमार 26 मई को अपने साथियों के साथ कार से तिगरी में अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। उनका सपा के पूर्व कार्यकर्ता व वन माफिया घोषित मुकेश कुमार से किसी बात को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। जिसका मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन है। 27 मई को मुकदमे में प्रवेश की गवाही थी। आरोप है कि गवाही न हो इसलिए मुकेश कुमार ने प्रवेश को फोन करके 26 मई को जान से मारने की धमकी दी। प्रवेश शाम को घर लौट रहे थे। आरोप है कि मुकेश ने साथियों के साथ मिलकर प्रवेश की कार को भानपुर फाटक के निकट घेर लिया तथा जेब में रखा चेक व कार की चाबी छीन ली। साथ ही गवाही देने पर जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने मामले में मुकेश कुमार के अलावा उसके साथी विपुल, मनमीत सिंह व रिंकू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही है।

# किराया देने को लेकर दो युवकों में बस में मारपीट

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** किराया देने को लेकर दो युवकों के बीच रोडवेज बस में मारपीट हुई। चालक ने चौपला चौकी के सामने बस रोक दी। पुलिस ने मारपीट करने वाले दोनों युवकों को हिरासत में लेकर शांतिभंग के आरोप में चालान किया है।

सैदनगली के मोहल्ला कुरैशियान निवासी समीर व चंदौसी के वारिसनगर मोहल्ला निवासी फहीम ईद पर घर लौट रहे थे। बताते हैं कि दोनों की आपस में जान पहचान है। रोडवेज बस से दोनों घर लौट रहे थे। आरोप है कि दोनों के बीच किराया देने को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस दौरान बस में सवार अन्य यात्रियों ने उन्हें समझाकर किसी तरह शांत कराया। बताते हैं कि दोनों के बीच गजरौला के बीच फिर से विवाद हो गया, जिसमें मारपीट होने लगी। चालक ने बस चौपला चौकी के निकट रोकी तथा पुलिस को मामले की जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक आगे निकालने को लेकर मारपीट

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र के नवादा गांव निवासी मंयक कुमार व मोहल्ला मायापुरी निवासी प्रदीप रावत के बीच बाइक आगे निकालने को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों के बीच इंदिरा चौक पर मारपीट होने लगी। कस्बा चौकी इंचार्ज अतवीर सिंह भी वहीं पर खड़े थे। उन्होंने विवाद शांत करवाने की कोशिश भी नहीं की। काफी देर तक चौराहे पर हंगामा होता रहा। एसआई अतवीर सिंह ने बताया कि दोनों युवकों का चालान किया गया है।

## महापंचायत को लेकर किसानों ने किया मंथन

**हसनपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन बीआरएसएस द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार अधाना के नेतृत्व में गांव अंधेरपुरी में जिलाध्यक्ष दीपक गुर्जर के आवास पर बैठक हुई। संगठन के जिला अध्यक्ष दीपक गुर्जर ने बताया कि किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर 12 जून दिन गुरुवार को तहसील हसनपुर में महापंचायत होगी। इसमें किसानों की विभिन्न मांगों को उठाकर उनके समाधान के लिए अधिकारियों के समक्ष रखा जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार अधाना, प्रदेश अध्यक्ष सतपाल सिंह अधाना, प्रदेश प्रवक्ता निजाम प्रधान, जिला अध्यक्ष अमरोहा दीपक गुर्जर, जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी, जिला संरक्षक संभल शिवनारायण सैनी, जिला उपाध्यक्ष संभल मिंकू चौधरी, जिला उपाध्यक्ष अमरोहा सोनू पोसवाल रहे।

कार्यक्रम | 15वीं बरसी पर सैयद जाइर हुसैन जैदी की शैक्षिक और सामाजिक सेवाओं पर चर्चा की

# शायरों ने कलाम पेश कर जाइर हुसैन को याद किया

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



किताब का विमोचन करते अतिथि। ● अमृत विचार

● डॉ. मिस्बाह की किताब शाहनामा फिरदौसी का भी किया लोकार्पण

**अमृत विचार :** शिक्षा और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले सैयद जाइर हुसैन जैदी की 15वीं बरसी पर जैदी हाउस अमरोहा में यादें जाइर शीर्षक से वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें शायरों ने नातिया कलाम पेश किए।

कार्यक्रम गुरुवार रात को शहर के मोहल्ला सराय कोहना में हुआ। जिसमें शोधकर्ताओं और वक्ताओं ने सैयद जाइर हुसैन जैदी की शैक्षिक और सामाजिक सेवाओं पर चर्चा की। इसी दौरान डॉ. मिस्बाह अहमद सिद्दीकी की नई किताब शाहनामा फिरदौसी का भी लोकार्पण किया गया। रोजा अब्बास अली के सज्जादा नशीन हजरत हाफिज अहमद हुसैन की अध्यक्षता में आयोजित इस आध्यात्मिक समारोह में कुरान पाक की तिलावत के बाद नात पाक का सिलसिला शुरू हुआ। शायर जुबैर इब्ने सैफी, मौलाना साद अमरोहवी, हबीब अहमद सिद्दीकी, इस्लाम आलमी, डॉ. रजा फराज आदि ने कलाम पेश किए। कारवाने खुलूस की ओर से वक्ताओं में प्रोफेसर नाशिर नकवी, सीनियर पत्रकार डॉ. महताब अमरोहवी, हाजी खुर्शीद अनवर, डॉ. मिस्बाह अहमद सिद्दीकी, अधिवक्ता मंसूर अहमद सिद्दीकी ने सैयद जाइर हुसैन जैदी की सामाजिक सेवाओं पर प्रकाश डाला और शिक्षा के सम्बन्ध में उनके कार्यों की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि सैय्यद जाइर हुसैन जैदी एक शजर सायादार की तरह थे। सैयद महबूब हुसैन जैदी ने कहा कि उनके पिता जिस शिक्षा मिशन को आगे बढ़ा रहे थे, हमारी कोशिश भी शिक्षा मिशन को आगे बढ़ाना है। जैदी ने कहा कि कारवाने खुलस ने विशेष समिति बनाई है जो जरूरतमंद छात्रों को हर संभव मदद मुहैया करा रही है। कार्यक्रम में डॉ. मिस्बाह अहमद सिद्दीकी की किताब शाह नामा फिरदौसी (उर्दू) का विमोचन भी विशिष्ट अतिथियों के हाथों हुआ। किताब के सम्बन्ध में डॉ. मिस्बाह अहमद सिद्दीकी ने विचार व्यक्त किये। नवाब मुराद अली खां, प्रधानाचार्य आदिल अब्बासी, सैय्यद ओवेस मुस्तफा अमरोहवी, मुआजम खान, हाजीजहूर मुस्तफा, इंजीनियर एजाज हैदर नकवी, मास्टर शाने हैदर मौजूद थे।

## जाग होने पर सामान छोड़कर भागे चोर

**हसनपुर, अमृत विचार :** ट्रैक्टर-ट्राली में घर का सामान भर रहे चोर घर में जाग होने पर फरार हो गये। परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लीपुर मिलक निवासी गंगादेई पत्नी नौरंग सिंह के घर पर गुरुवार देर रात चोर घुस आये और घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर-ट्राली में सामान को भरने लगे। आहट सुनकर महिला की आंख खुल गई। उसने शोर मचाया तो ग्रामीण इकट्ठा होना शुरू हो गये तथा चोरों को पकड़ने के लिए घेरा बंदी कर ली। लेकिन चोर सामान को वहीं छोड़कर अपना ट्रैक्टर लेकर वहां से फरार हो गये। ग्रामीणों ने पीछा किया, लेकिन वह जंगल में भाग गए। पीड़ित परिवार ने पुलिस को तहरीर दी है। पीड़िता का आरोप है कि रात को जो लोग खनन करते हैं वही ट्रैक्टर-ट्राली में घरों में चोरी कर सामान को ले जाते है। महिला ने कार्रवाई करने की मांग की है।

## एक नजर

### कल बाधित रहेगी कई क्षेत्रों की बिजली

**संभल, अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्र में 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र संभल (ग्रामीण) से पोषित पोषक पर फीडर सेग्रीगेशन का कार्य 8 जून को होगा। एक्सईएन नवीन गौतम ने बताया कि विद्युत उपकेंद्र संभल (ग्रामीण) से पोषित नार्थ पोषक से संबंधित गांवों के साथ 22 केवी हातिम सराय तथा उपकेंद्र संभल (नगरीय) से पोषित 11 केवी एसडीएम कोर्ट लाइन से संबंधित क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक बाधित रहेगी। खानपुर खुम्मार, मोहम्मदपुर कढ़ेरा, मंडलाई, नीमखेड़ा बझेड़ा, परियावली, नाहरठेर, ताजपुर, रामपुर उर्फ यारपुर, ढिल्लूपुरा, एसडीएम कोर्ट, शहजादी सराय क्षेत्र शामिल रहेंगे।

### महिला को फुसलाकर ले गया युवक, रिपोर्ट दर्ज

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव निवासी ग्रामीण ने विवाहित बेटी को बहला फुसलाकर ले जाने के आरोप में युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कहा है कि बेटी की शादी 2 वर्ष पहले बुलंदशहर जनपद के जहांगीराबाद थाने के गांव निवासी युवक से की थी। ससुराल में विवाद होने पर महिला मायके में रहने लगी। उस पर एक बेटा भी है। आरोप है कि महिला को अमरोहा जिले के हसनपुर थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर कुटी निवासी कपिल बहला फुसलाकर ले गया। वह घर से एक लाख रुपये, सोने की चेन, एक जोड़ी चांदी के खड़वा और पाजेब भी ले गई। पुलिस ने कपिल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### हादसे में दो ग्रामीण घायल

**संभल/सौंधन, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र लधनपुर गांव निवासी शेर सिंह और जयनारायण शुक्रवार को दोपहर बाइक से किसी काम से संभल जा रहे थे। जैसे बाइक से गांव रायपुर पहुंचे तो सड़क किनारे खड़ी घोड़ी बाइक के आगे आ गई। हादसे में शेर सिंह और जयनारायण घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। शेर सिंह को रेफर कर दिया गया।

### लोगों ने सरकारी भूमि में लगाया झंडा, विरोध

**कुढफतेहगढ़/ चंदौसी, अमृत विचार :** थाना कुढफतेहगढ़ क्षेत्र के गांव धनुपुरा में शुक्रवार को सड़क किनारे सरकारी भूमि में बाबा साहब आंबेडकर की मूर्ति लगाने की मांग करने के बाद शुक्रवार को झंडा लगा दिया था। जिसका दूसरे वर्ग के लोगों ने विरोध जताया है। कुढफतेहगढ़ पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था के लिए दोनों पक्षों की ओर से 19 लोगों को मुचलका पाबंद किया गया और कार्य रुकवा दिया था। शुक्रवार को फिर से लोगों द्वारा आंबेडकर की प्रतिमा लगाने की अनुमति मांगने के बाद शुक्रवार को सड़क किनारे सरकारी भूमि में झंडा लगा दिया गया। जिसका दूसरे वर्ग के लोगों द्वारा विरोध किया है।

# नगर विकास के विशेष सचिव ने अफसरों के साथ किया मंथन

## जिले के सभी अधिशासी अधिकारियों के साथ की बैठक

- योग दिवस की तैयारियों को लेकर की जानकारी
- बारिश से पहले सफाई को लेकर दिए अधिकारियों को निर्देश

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** शासन से नियुक्त नोडल अधिकारी विशेष सचिव नगर विकास अरुण प्रकाश शुक्रवार को जनपद संभल पहुंचे। उन्होंने बहजोई में डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया, एडीएम प्रदीप वर्मा की उपस्थिति में जिले के सभी नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक की।

पर्यावरण दिवस के साथ ही बकरीद, योग दिवस की तैयारियों को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि नगर निकाय में सफाई, पेयजल, पथ प्रकाश की व्यवस्था दुरुस्त रहनी चाहिए। उन्होंने बरसात के मौसम को लेकर नाला नालियों की सफाई के बारे में जानकारी ली। पेयजल व्यवस्था की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में ईओ संभल डॉ. मणिभूषण तिवारी और अन्य अधिकारी रहे। हालांकि विशेष सचिव के दौरे को लेकर शुक्रवार को सुबह संभल के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में तैयारी की गई थी। यहां साफ सफाई कराने के साथ ही सरकारी तंत्र अलर्ट रहा लेकिन बाद में पता चला कि वह बहजोई में रहेंगे।



बहजोई में अधिकारियों के साथ बैठक करते विशेष सचिव (नगर विकास)।

# सांसद बर्क को 1.91 करोड़ के बिजली बिल मामले में राहत

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संभल के सपा सांसद जियाउर रहमान बर्क के घर पर बकाया 1.91 करोड़ के बिजली बिल पर रोक लगाते हुए कहा कि सांसद दो सप्ताह के अंदर 6 लाख रुपये अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड, संभल के यहां जमा कराएं, साथ ही बिजली विभाग को आदेश दिया कि पैसा जमा करने के बाद सांसद का बिजली कनेक्शन जोड़ दिया जाए। इसके साथ ही कोर्ट ने पावर कॉर्पोरेशन के अधिवक्ता को भी 3 सप्ताह के अंदर सभी जरूरी जानकारी हासिल करने का निर्देश दिया और मामले की अगली सुनवाई 2 जुलाई, 2025 को सुनिश्चित कर दी।

यह आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति संदीप जैन की खंडपीठ ने सपा सांसद द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। मालूम हो कि सांसद बर्क के घर का बिजली कनेक्शन 19 दिसंबर, 2024 को काट दिया गया था। 19 दिसंबर को बिजली विभाग के एसडीओ दीपा सराय में सपा सांसद बर्क के घर गए थे। सांसद बर्क के घर पर 2-2 किलोवाट के दो कनेक्शन थे। एक सांसद जियाउर्रहमान के नाम से और दूसरा उनके दादा के नाम से था। सांसद के घर पर गत 6 महीनों से जीरो यूनिट खपत आ रही थी, इसलिए बिजली अधिकारियों द्वारा सांसद के घर पर बिजली उपकरणों की जांच के बाद स्मार्ट मीटर लगाया था।

जांच में बर्क के घर पर 16 किलोवाट बिजली की खपत मिली। एमआरआई (लैब में मीटर की जांच) रिपोर्ट में दोनों पुराने मीटरों में छेड़छाड़ करके बिजली चोरी की बात सामने आई। इसके बाद सांसद जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई और उनका बिजली कनेक्शन काट दिया। हालांकि सांसद के अधिवक्ता ने कोर्ट के समक्ष तर्क दिया कि याची से 4 हजार 138 दिन पुराना असेसमेंट किया है।

### लाइनमैन की मौत मामले में जेई, एसडीओ पर रिपोर्ट

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र में बिजली लाइन जोड़ते समय करंट लगने से लाइनमैन की मौत मामले में जेई, एसडीओ सहित 4 पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

थाना क्षेत्र के गांव चंदन कटी मौजा निवासी रोहतास पुत्र अशोक कैला देवी बिजलीघर क्षेत्र में लाइनमैन था। गुरुवार को गांव लालपुर में नई लाइन जोड़ने का कार्य करते समय रोहतास करंट की चपेट में आ गया था। अस्पताल ले जाने से पहले ही रोहतास की मौत हो गई थी। परिजनों का कहना रहा कि एसडीओ, जेई, एसएसओ व एनसीसी ठेकेदार को जानकारी देकर लिखित में शटडाउन लिया था लेकिन बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी गई थी। विभाग की इसी लापरवाही की वजह से रोहतास की मौत हुई। इस मामले में रोहतास के पिता अशोक पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था। पुलिस ने बिजली विभाग के एसडीओ, जेई, एसएसओ और एनसीसी ठेकेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# महोत्सव में फौजियों को सम्मानित किया

- 20 जून तक चलेगा सैदनगली महोत्सव, होंगे कार्यक्रम

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** नगर पंचायत सैदनगली में चल रहे महोत्सव में देश की सेवा कर रहे फौजियों व रिटायर्ड फौजियों को सम्मानित किया। स्मृति चिह्न देकर उनकी हौंसला बढ़ाया।

सैदनगली में डॉ. अनुकृति चौधरी के नगर पंचायत अध्यक्ष के दो साल के सफल कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष में सैदनगली महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार रात को विकसित भारत सैदनगली महोत्सव में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रमों का आरंभ किया गया। विशिष्ट अतिथि चेयरमैन धनौरा प्रवीण अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष शरद गर्ग, नगर पंचायत अध्यक्षा डॉ. अनुकृति चौधरी ने किया। इस दौरान देश की सेवा कर रहे फौजियों व रिटायर्ड फौजियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में जिला महामंत्री भाजपा अभिनव कौशिक ने बताया महोत्सव 20 जून तक चलेगा। इस दौरान प्रांत गोरक्षा प्रमुख बजरंग दल मेरठ प्रांत हेमंत सारस्वत, सभासद निकेश कुमार राघव, अमित प्रजापति, वागेश चौधरी, भगवत खड़कवंशी, नीरज कुमार कश्यप, अमित भाटी, मेहरबान, नीटू भाटी, अवनीश शर्मा, नरेश सैनी, सत्यम गुप्ता, शेरपाल सिंह गुर्जर, प्रेम शर्मा, कुलदीप प्रधान, जगपाल सिंह कटारिया, अंकित शर्मा, कमल वर्मा, प्रत्यक्ष शर्मा, दयानंद चौधरी, सुधीर शर्मा, अनुज शर्मा, दीपक त्यागी आदि लोग उपस्थित रहे। इस दौरान लोगों नव महोत्सव में मेले का भी आनंद उठाया।



महोत्सव में फौजियों को करते सम्मानित। ● अमृत विचार

### चिकित्सक से मारपीट का वीडियो वायरल

**बहजोई, अमृत विचार :** पुलिसकर्मियों ने नगर के चिकित्सक से मारपीट की। सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुई। चिकित्सक ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई तो पुलिस कर्मियों ने माफी मांग कर मामला खत्म कराया।

बहजोई चंदौसी मार्ग स्थित अस्पताल के सामने नाले की खुदाई का कार्य चल रहा है। इसको लेकर विवाद हो गया था। विवाद के चलते चिकित्सक वहां पहुंचे और खुदाई को लेकर आपत्ति जताने लगे। इसी दौरान मौके पर दो पुलिसकर्मियों पहुंच गए। उनसे चिकित्सक की कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि चिकित्सक के साथ हाथापाई हुई। वायरल सीसीटीवी फुटेज में दो पुलिसकर्मी चिकित्सक से धक्का मुक्की और मारपीट करते नजर आ रहे हैं। कोतवाल हरीश कुमार ने बताया कि मामला नाले की खुदाई को लेकर हुए विवाद से जुड़ा है। दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौते से निपट गया है।

### प्रधान से मारपीट व अश्लील हरकत करने में 6 पर रिपोर्ट

**कुढफतेहगढ़/चंदौसी, अमृत विचार :** थाना कुढफतेहगढ़ क्षेत्र में पुलिस चौकी स्थापित करने लिए पूर्व में ग्राम प्रधान एवं पुलिस की मौजूदगी में राजस्व टीम द्वारा गांव में ग्राम समाज की सरकारी भूमि की नापजोख की गई थी। जिसमें आरोपियों द्वारा सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की गई थी और हल्का लेखपाल से अभद्रता की गई थी। लेखपाल चन्द्रेश वार्ष्णेय द्वारा आरोपियों पर कुढफतेहगढ़ थाने में मुकदमा दर्ज कराई थी। आरोपियों ने कुछ दिन पहले घुसकर गाली गलौज एवं मारपीट तथा ग्राम प्रधान से अश्लील हरकत की थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शुक्रवार को कुसुमवती, अक्षिता, हेमलता, सर्वेश, आनंदपाल पुत्र पंचम सिंह, मयूर पुत्र आनंदपाल निवासी रतनपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# निरीक्षण में 60 प्रशिक्षु लेखपाल मिले उपस्थित

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** अपर जिलाधिकारी (वि/रा) बिजनौर वान्या सिंह द्वारा राजस्व प्रशिक्षण विद्यालय में किए ए निरीक्षण में 280 प्रशिक्षु लेखपालों में 60 उपस्थित मिले। नाराज अपर जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण मांगने व कार्रवाई के आदेश दिए।

अपर जिलाधिकारी वान्या सिंह ने बताया कि 06 जून को सुबह 10 बजे उन्होंने मण्डलीय राजस्व प्रशिक्षण विद्यालय, स्वाहेड़ी खुर्द (बिजनौर) का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया कि वर्तमान में कई लेखपाल बैच प्रशिक्षण कर रहा है। इसमें सीधी भर्ती के 108 लेखपाल व मृतक आश्रित बैच के 172 लेखपाल वर्तमान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जिनकी उपस्थिति अपर जिलाधिकारी बिजनौर द्वारा स्वयं ली। सीधी भर्ती के 32 तथा मृतक आश्रित बैच के 28 लेखपाल पाए गए। विद्यालय के स्टाफ द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर न देने पर प्रधानाचार्य/तहसीलदार बिजनौर को निर्देशित किया कि सम्बन्धित स्टाफ से स्पष्टीकरण लेकर नियमानुसार कार्रवाई कर अपर जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करें।

## सार-संक्षेप

### गजेंद्र सिंह बने जिला शासकीय अधिवक्ता



**संभल, अमृत विचार :** शासन ने गजेंद्र सिंह एडवोकेट को जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) बनाया है। इस संबंध में विशेष सचिव न्याय अनुभाग-3 (नियुक्तियां) लोकेश नागर ने आदेश जारी करते हुए जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। बताते चलें कि अभी तक गजेंद्र सिंह एडवोकेट सहायक शासकीय अधिवक्ता थे।

### तीन बदमाशों पर गैंगस्टर का मामला दर्ज

**बहजोई, अमृत विचार :** 3 बदमाशों के खिलाफ प्रभारी निरीक्षक बहजोई ने गैंगस्टर में मामला दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक बहजोई हरीश कुमार ने युसूफ निवासी गांव मवई डोल थाना असमोली, इमरान गांव फतेहपुर खास मैनाठेर जनपद मुरादाबाद व शाहरुख खान गांव मझौली खास थाना कुंदरकी जनपद मुरादाबाद के खिलाफ गैंगस्टर में मामला दर्ज कराया है। उनका कहना है कि जब वह भ्रमण पर थे तो इन तीनों का पता चला कि गिरोह के सदस्य हैं। यह मिलकर संगठित अपराध करते हैं।



### निर्जला एकादशी व्रत रखकर बांटा शरबत

**असमोली, अमृत विचार :** विकास खंड असमोली क्षेत्र के गांव भैंसोड़ा में युवतियों ने निर्जला एकादशी व्रत रखा और राहगीरों को शरबत वितरित किया। इस दौरान निर्जला एकादशी व्रत का महत्व बताया। इस दिन जो व्यक्ति श्रद्धा पूर्ण दान करता है उसके जीवन में धन, सुख और समृद्धि बनी रहती है। युवतियों ने निर्जला एकादशी को लेकर विधि विधान से मंदिर में पूजा अर्चना भी की। इस दौरान कुंती, अर्चना, अंजलि, प्राची, स्वीटी, शिवानी, ललिता, मीनाक्षी रहीं।

### अधिवक्ताओं ने अफसरों से की परिचय वार्ता

**संभल, अमृत विचार :** डिस्ट्रिक्ट सीनियर बार एसोसिएशन एवं लाइब्रेरी संभल के बार कक्ष में तहसीलदार धीरेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार सिरसी बबलू कुमार से अधिवक्ताओं की परिचय वार्ता हुई। अधिवक्ताओं का परिचय सचिव खलीक अहमद एडवोकेट ने कराया। अध्यक्ष राजेंद सिंह सैनी एडवोकेट ने कहा कि पूर्व पारित आदेशों का खतौनी में निफास कराया जाए। इस दौरान अन्य अधिवक्ताओं ने भी विचार रखे। तहसीलदार और नायब तहसीलदार ने अधिवक्ताओं को समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान रामपाल सिंह, मुस्तहसिन रजा जैदी, सरदार अहमद, सऊदुल हसन, चौधरी रमेश सिंह, शहाबउद्दीन खां, भूरे खां, गय्यूर अहमद, संदीप भारद्वाज, जाकिर हुसैन, राजेश खड़गवंशी, सुहेल रजा जैदी, अशोक कुमार, आसिम अख्तर, शिमाल अख्तर आदि रहे। संचालन अब्दुल्ला आदिल रिजवी ने किया।

### आंगनबाड़ी सहायिका ने मनरेगा से मजदूरी ली

**बहजोई, अमृत विचार :** विकास खंड जुनावई के गांव खेड़ा फतेहपुर में आंगनबाड़ी सहायिका द्वारा खुद को मनरेगा मजदूर के रूप में दर्ज कराकर मनरेगा मजदूरी का भुगतान लेने का मामला सामने आया है। खेड़ा फतेहपुर निवासी भानु प्रताप ने मनरेगा उपायुक्त और जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार को शिकायत सौंपी है। शिकायत में आरोप लगाया है कि गांव की आंगनबाड़ी सहायिका प्रतिदिन आंगनबाड़ी केंद्र पर कार्यरत रहती है। जहां उसकी नियमित उपस्थिति भी दर्ज होती है और वह इस पद पर काम करने का मानदेय प्राप्त करती है। सूचना का अधिकार के माध्यम से जानकारी प्राप्त करने पर पता चला कि वह मनरेगा योजना में भी कार्यरत दिखाई गई है। उसके नाम पर मजदूरी का भुगतान भी किया जा रहा है। आरोप लगाया है कि उक्त सहायिका ने नौकरी हासिल करने के लिए फर्जी दस्तावेजों का सहारा लिया है। उन्होंने मामले की जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। बाल विकास विभाग ने मामले की जांच के लिए कमेटी गठित कर जांच शुरू कर दी है।

### मदरसे से 12 साल का छात्र पांच दिन से लापता

**नूरपुर, अमृत विचार :** नूरपुर के मोहल्ला इस्लाम नगर स्थित मदरसा तालिम-उल-कुरान से एक छात्र पिछले 5 दिन से लापता है। हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव ऊमरी बड़ी निवासी रहमान नसीम का 12 वर्षीय पुत्र उमेर 31 मई की दोपहर को मदरसे से बिना किसी को बताए चला गया। छात्र चाची अनीसा का मोबाइल फोन भी ले गया है। इस मोबाइल से एक लाख रुपये का ट्रांजेक्शन किया गया है। पिता रहमान नसीम ने बताया कि उनका बेटा मदरसे में कुरान हिफ्ज की पढ़ाई कर रहा था। अब फोन भी बंद आ रहा है। पिता की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह के अनुसार मामले की जांच की जा रही है। लोगों का कहना है कि परिवार को बच्चे के लापता होने का पता ही जब चला है जब अकाउंट से पैसे निकलने का मैसेज दूसरे फोन पर आया। परिवार के लोग जब ट्रांजेक्शन की डिटेल्स तलाश करते हुए नूरपुर पहुंचे तो लड़का स्कूल में नहीं था। पता चला कि 31 मई से स्कूल से गया हुआ है।

### इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर युवती से किया दुष्कर्म

**चांदपुर, अमृत विचार :** चांदपुर में युवती ने इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। पीड़िता ने बताया कि एक साल पहले अफजल खान से मुलाकात हुई। दोस्ती के दौरान अफजल ने युवती से शादी का वादा किया। इसी बीच उसने शारीरिक संबंध बनाने की मांग की। मना करने पर शादी का हवाला देकर युवती के साथ दुष्कर्म किया। 2 अप्रैल को रात 12 बजे पीड़िता की बहन ने दोनों को एक साथ देख लिया। परिवार के जागने पर आरोपी धक्का देकर भाग गया। उसी रात उसने पीड़िता को वीडियो वायरल करने की धमकी दी। पीड़िता ने एफआईआर में बताया कि अब आरोपी शादी से मुकर रहा है। उसे पता चला है कि आरोपी 9 जून 2025 को किसी और से निकाह करने वाला है। पीड़िता ने पुलिस से आरोपी की शादी रुकवाने और कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### डीएम ने बकरीद को लेकर अधिकारियों की लगाई ड्यूटी

**संभल, अमृत विचार :** डीएम ने बकरीद को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए सुपर जोनल, जोनल और सेक्टर बार मजिस्ट्रेट के रूप में अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। जिसमें पांच जोन में जोनल मजिस्ट्रेट, पुलिस सेक्टर प्रभारी से संबंधित 15 सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस सब सेक्टर प्रभारी से संबंधित 42 मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। कहा कि मजिस्ट्रेट अपने तैनाती क्षेत्र में उपस्थित रहकर पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखेंगे। उप जिला मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्र में चिकित्सा, स्वास्थ्य, नगर निकाय, बिजली और अग्निशमन विभाग से समन्वय बनाते हुए शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखेंगे।

### शादी समारोह के दौरान मारपीट, 6 लोग घायल

**चांदपुर, अमृत विचार :** थाना चांदपुर क्षेत्रांतर्गत गांव थुरैला में शादी समारोह के दौरान विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गांव सरकथल से आई बरात में नाचने को लेकर दो पक्षों के बीच तनाव उत्पन्न हो गया। बाद में दोनों पक्षों के लोग भिड़ गए। इस दौरान लात-घूसों से मारपीट हुई और कुछ लोगों ने बेल्ट से भी मारपीट की। इस हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के कुल 6 लोग घायल हो गए। घायलों को तत्काल स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। थाना चांदपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामले में हल्का इंचार्ज हिमांशु कौशिक ने बताया कि बरात में नाचने के दौरान दो पक्ष भिड़ गए थे। दोनों पक्षों के 6 लोग घायल हुए हैं। दोनों पक्षों की ओर से तहरीर आई है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

### जीनत शेरबाज ने ईदगाह की सफाई को लेकर दिए निर्देश

**चांदपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका अध्यक्ष जीनत शेरबाज ने ईद-उल-अजहा के लिए विशेष इंतजाम कराए हैं। नमाज-ए-ईद के समय निर्धारण से लेकर ईदगाह की सफाई और कुर्बानी के प्रबंधन जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा की। ईदगाह कमेटी के जनरल सेक्रेटरी तमिजुद्दीन हाशमी, हाजी बदरूद्दीन, वकारुद्दीन नायब, मौलाना शाहिद और शहर काजी ने मिलकर तय किया कि नमाज़ सुबह 7 बजे ईदगाह में अदा की जाएगी। कमेटी ने मुस्लिम समाज से आग्रह किया है कि समय से पहले ईदगाह पहुंचें और नमाज ईदगाह परिसर में ही अदा करें। इस अवसर पर शेरबाज पठान ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि कुर्बानी खुले स्थानों पर न करें। कुर्बानी के अवशेषों को पालिका द्वारा उपलब्ध कराए वाहन में डालें।

Admission Open
Session 2025-26
BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

FOPS BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
• BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
• BRIT (Intake-80 Seats)
• BPT (Intake-40 Seats)
• B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
• BOTT (Intake-40 Seats)
• M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
• MPT (Intake-20 Seats)
• MMLS (Intake-20 Seats)
Admission Open
Session 2025-26
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
• B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
• M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
• Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
• Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
• Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
• Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
• Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
• Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
• Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## एक नजर

### 14 राजकीय मेडिकल कॉलेजों में स्थापित होंगे अग्निशमन संयंत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** कानुपर में जेके कैंसर समेत प्रदेश के सभी राजकीय मेडिकल कॉलेजों अग्निशम संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए राज्य सरकार ने 33 लाख प्रति संस्थान के आधार पर 14 कॉलेजों के लिए चार करोड़ 64 लाख 70 हजार किए हैं। चिकित्सा शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव मनोज कुमार सिंह ने बजट करते हुए स्पष्ट किया है कि राजकीय मेडिकल कॉलेजों में बदायूं मेडिकल कॉलेज शामिल नहीं है। बजट पाने वालों में आगरा मेडिकल कॉलेज को 32.96, कानुपर को 33.49, प्रयागराज, को 33.50 करोड़, मेरठ में 335 करोड, इसी प्रकार बांदा को मिले 33.50, जालौन, हृदय रोग संस्थान कानपुर को 31 लाख, इतना ही नहीं जेके कैंसर इंस्टीट्यूट को भी 31 लाख दिए गए हैं। इस बजट से फायर फाइटिंग सिस्टम एवं इलेक्ट्रिकल सेफ्टी के उपकरणों का क्रय किया जाएगा।

### मेजर ध्यानचंद हिल का होगा पर्यटन विकास

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र.पर्यटन विभाग द्वारा झांसी स्थित मेजर ध्यानचंद हिल का पर्यटन विकास होगा। यहां पर्यटकों की सुविधाएं विकसित करने के लिए राज्य सरकार ने 2.16 करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य प्रारंभ किए गए हैं। इस परियोजना से न केवल मेजर ध्यानचंद की विरासत को सम्मान मिलेगा, बल्कि झांसी प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा झांसी में हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के श्रद्धांजलि स्वरूप पर्यटन विकास कार्य किया जा रहा है। पर्यटन स्थल पर बैठने की सुविधा, पेयजल की व्यवस्था, छायादार स्थान सहित अन्य पर्यटन अनुकूल सुविधाएं विकसित की जाएंगी। मालूम हो कि मेजर ध्यानचंद का बाल्यकाल और शेष जीवन झांसी में ही बीता, जिससे यह शहर उनके जीवन के महत्वपूर्ण पलों से जुड़ा रहा है।

## मानचित्र स्वीकृति के तीन माह के भीतर कराना होगा पंजीकरण

● रियल एस्टेट परियोजनाओं की मुख्य सचिव ने की समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सभी विकास प्राधिकरणों को अब रियल एस्टेट परियोजनाओं के स्वीकृत किए जाने वाले सभी मानचित्रों की एक प्रति रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) को अनिवार्य रूप से भेजनी होगी। इससे रेरा परियोजनाओं के पंजीकरण की प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से ट्रैक कर सकेगा और परियोजनाओं की गुणवत्ता व समयबद्धता को सुनिश्चित किया जा सकेगा।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने यह भी निर्देश दिए हैं कि मानचित्र स्वीकृति पत्र (सैंक्शन लेटर) में यह उल्लेख किया जाए कि डेवलपर को तीन माह के भीतर परियोजना को रेरा में पंजीकृत करवाकर प्राधिकरण को सूचित करना होगा। उन्होंने कहा कि एग्रीमेंट फॉर सेल को पंजीकृत करने और रजिस्ट्री की व्यवस्था को ऑनलाइन होनी चाहिये। साथ ही, फ्लैट की सेल डीड में रेरा पंजीकरण संख्या को अंकित करना अनिवार्य किया जाए, ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को लंबित आवासीय, व्यावसायिक एवं औद्योगिक परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए एक बैठक आयोजित की गई।

## पछुआ हवा फिर से बढ़ाएगी गर्मी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के कई इलाकों में मानसून से पहले हुई बारिश से भले राहत मिली हो, लेकिन अब मौसम फिर पलटने वाला है। ऐसे में अब गर्मी सताएगी। मौसम विभाग के अनुसार, कुछ दिनों के लिए गर्म पछुआ हवा के चलने से गर्मी बढ़ेगी। इससे अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस और बढ़ सकता है। मौसम विभाग ने हीटवेव का अलर्ट भी जारी किया है। अगले तीन-चार दिनों में कई इलाकों में दिन का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इस दौरान कुछ इलाकों में लू चलने की चेतावनी भी जारी की गई है। मौसम विभाग ने 12 जून तक मॉनसून आने का अनुमान जताया है।

## हर समस्या पर होगी प्रभावी कार्रवाई : मुख्यमंत्री

### जनता दर्शन में सुनीं समस्याएं, अपराधियों व भू-माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में अपराधियों व भूमाफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। लोगों को आश्वस्त किया कि हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई होगी।

जनता दर्शन के दौरान योगी करीब 200 लोगों से मिले। अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। समस्या से जुड़ी शिकायत पर तेजी से कार्रवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित कराएं। अपराध व जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों व भूमाफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा यदि कोई दबंग, माफिया किसी की जमीन जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए। गरीबों को उजाड़ने वाले कतई न बख्शे जाएं। इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए लोगों को भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा।

## 8.39 लाख किसानों ने लिया विकसित कृषि का संकल्प

### अभियान की सफलता के लिए प्रदेश सरकार ने दी 410 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय स्वीकृति

● कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख के साथ की जानकारी साझा की

राजय ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में 8.39 लाख किसानों ने विकसित कृषि का संकल्प लिया है। राज्य सरकार ने इस अभियान के सफलता के लिए 410 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय स्वीकृति दी है। दरअसल, विकसित कृषि संकल्प अभियान को केंद्र सरकार ने किसानों की प्रगति के लिए शुरू किया है। इस विशेष अभियान में किसानों को खरीफ फसलों के लिए नवीनतम कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों, आधुनिक खेती के तौर-तरीकों तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख के साथ शुक्रवार को लोक भवन, लखनऊ स्थित मीडिया सेन्टर में विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 (29 मई से 12 जून) को लेकर तमाम जानकारियां पत्रकारों से साझा कीं। उन्होंने कहा कि यह अभियान एक देश, एक कृषि, एक टीम के संकल्प के साथ प्रदेश के किसानों को नवीनतम वैज्ञानिक तकनीकों और उन्नत किस्मों की जानकारी देकर उनकी आय बढ़ाने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा। कृषि मंत्री ने बताया कि अभियान में प्रदेश के सभी 75 जिलों में 10,125 स्थानों पर



लोक भवन में विकसित कृषि संकल्प अभियान के बारे में पत्रकारों को जानकारी देते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख। अमृत विचार

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थानों, कृषि विज्ञान केंद्रों, कृषि विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों के साथ ही राज्य सरकार के कृषि, उद्यान, पशुपालन, सहकारिता, मत्स्य, रेशम एवं जलशक्ति विभाग के अधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। इन स्थलों पर वैज्ञानिक-कृषक संवाद और प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे अब तक कुल 4,959 स्थलों पर 8,39,617 कृषक लाभान्वित हो चुके हैं, जिनमें 6,48,449 पुरुष एवं 1,91,168 महिलाएं शामिल हैं।कृषि मंत्री ने बताया कि अब तक 550 वैज्ञानिकों एवं विषय वस्तु विशेषज्ञों द्वारा कृषकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है।

अभियान के तहत किसानों को समय से खरीफ फसलों की बुवाई के लिए प्रेरित करने तथा वैज्ञानिक तरीके से खेती को बढ़ावा देने के लिए 5 जून को कृषि मंत्री द्वारा कुल 41067.12 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। इसमें राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के लिए 16290.00 लाख रुपये, फूड एवं न्यूट्रिशन सिक्योरिटी के लिए 10276.92 लाख रुपये तथा कृषोन्नति योजना के अंतर्गत 14500.20 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

## ललितपुर के जेल अधीक्षक निलंबित

● पूर्व सांसद रिजवान जहीर को जेल में सुविधाएं देने के मामले में कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पूर्व सांसद रिजवान जहीर को ललितपुर जेल में सुविधाएं मुहैया कराने के प्रकरण में शुक्रवार को जेल अधीक्षक मुकेश कुमार को भी निलंबित कर दिया गया है। इससे पहले बुधवार को रिजवान के बैरक से आपत्तिजनक बस्तुएं बरामद होने के बाद डिप्टी जेलर जय नारायण भारती को निलंबित कर दिया गया था। जेल अधीक्षक मुकेश कुमार के खिलाफ विभागीय जांच के लिए शासन को संस्तुति की गई है, जबकि जेलर जीवन सिंह पर भी विभागीय कार्रवाई चल रही है।

पहले भी दो प्रधान बंदी रक्षक राजेन्द्र प्रसाद, वीरेन्द्र शाह और बंदी रक्षक रजनेश यादव को निलम्बित किया गया था। 31 मई को डीआईजी और मंडलायुक्त के छापे में रिजवान जहीर को नियम के विरुद्ध सुविधाएं देने का खुलासा हुआ था। इसके बाद ही कानपुर रेंज के डीआईजी जेल को इसकी जांच सौंपी गई थी। जांच में सामने आया था कि जेलकर्मियों की मिलीभगत से रिजवान जहीर को कई सुविधाएं दी जा रही थीं। उनकी बैरक में कई वस्तुएं मिली थीं, जो जेल मैनुअल के अनुसार बैरक में बंदियों को नहीं दी जा सकती है। डीआईजी जेल की छानबीन जारी है।




निर्वाचन के बाद आईआईए के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल को माला पहनाकर बधाई देते कार्यकारिणी के सदस्य।

## दिनेश गोयल बने आईआईए के अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बरेली के उद्योगपति दिनेश गोयल वर्ष 2025-2026 के लिए इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए। चुनाव अधिकारी एसबी जाखोटिया ने परिणामों की घोषणा की। दिनेश 1 जुलाई से कार्यभार संभालेंगे।

वर्ष 1963 में नई दिल्ली में जन्मे दिनेश गोयल चार्टेड अकाउंटेंट हैं। वह मेसर्स रामा श्यामा पेपर्स प्राइवेट लिमिटेड बरेली के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक व वैल्यूमेट पैक-एन-प्रिंट के निदेशक हैं। वह इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के महासचिव और वरिष्ठ उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। वर्तमान में वह इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पैकेजिंग जनरल बॉडी के सदस्य, फारेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट में रिसर्च एनालैसिस ग्रुप देहरादून के सदस्य और रोहिलखंड इनक्यूबेशन फाउंडेशन एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय के मुख्य सलाहकार हैं। उन्हें बरेली के गौरव के रूप में भी सम्मानित किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद गोयल ने कहा कि उनकी प्राथमिकता वैश्विक प्रतिस्पर्धी माहौल में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को बढ़ावा देना है।

## पूर्व अग्निवीरों को 20 फीसदी आरक्षण का शासनादेश जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने पुलिस भर्ती में पूर्व अग्निवीर सैनिकों को 20 फीसदी आरक्षण देने का शासनादेश जारी कर दिया है। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि उप्र. पुलिस में सिपाही, पीएसी, फायरमैन और घुड़सवार के पदों पर सीधी भर्ती में पूर्व सैनिकों की तरह अग्निवीर के रूप में की गई सेवा अवधि को घटाते हुए अधिकतम आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। साथ ही 20 प्रतिशत पदों पर क्षैतिज आरक्षण दिया जाएगा।

गृह विभाग से जारी आदेश के अनुसार अग्निवीर जिस श्रेणी का होगा, उसे उसी श्रेणी में समायोजित किया जाएगा। इसका खास ध्यान रखा जाएगा कि आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से आगे न बढ़े। दरअसल, 2026 के बाद के सेवा से बाहर आने वाले पूर्व अग्निवीरों को ही पुलिस में भर्ती होने पर आरक्षण प्रदान किया जाना है।

## शिकायतों के लिए गांवों में लगेंगी चौपाल

● गोंडा में शुरू की गई अनूठी पहल को पूरे प्रदेश में लागू करने की तैयारी

● डीएम से लेकर बीडीओ तक फील्ड में जाकर सुन रहे हैं समस्याएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोंडा जिला प्रशासन की अनूठी पहल पूरे प्रदेश में लागू करने की तैयारी है। इसके तहत ग्रामीण समस्याओं के स्थलीय समाधान के लिए ग्राम चौपाल लगेगी। ग्राम चौपाल के माध्यम से डीएम की अगुवाई में अधिकारी गांव पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनेंगे। मौके पर ही समस्याओं का समाधान होगा।

प्रशासन गांव की चौखट पर के मूलमंत्र के साथ यह कार्यक्रम गोंडा में 3 जून से शुरू हुआ है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने उन गांवों की पहचान की, जहां से बार-बार और सर्वाधिक शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। इस वैज्ञानिक विश्लेषण के आधार पर ऐसे 40 ग्राम पंचायतों को चिन्हित किया गया, जो प्रशासनिक दृष्टि से अधिक संवेदनशील और शिकायत बहुल मानी गईं।

आईजीआरएस, समाधान दिवस, जनता दर्शन जैसे माध्यमों से प्राप्त बार-बार की शिकायतों को प्राथमिकता में लेते हुए चिन्हित गांवों में अफसरों की पूरी टीम के साथ समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शुरुआत के दिन पथवलिया, पिपरा पदुम, उमरा, पुरैनिया और दत्तनगर विशेन जैसे गांवों में डीएम खुद पहुंचीं। मौके पर ही समाधान सुनिश्चित कराया गया।

### ग्राम चौपाल क्यों है खास

- जन-जन तक शासन की पहुंच
- फील्ड में समाधान, कागजों में नहीं
- शासन-प्रशासन की जवाबदेही तय
- सक्रिय जन सहभागिता से पारदर्शिता
- शिकायत की केस-टू-केस समीक्षा

## पुलिस विभाग में महिलाकर्मियों की संख्या में होगी बढ़ोतरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश पुलिस में महिलाकर्मियों की संख्या में भी बढ़ोतरी होने वाली है। ऐसे में महिला पुलिसकर्मियों की संख्या लगभग 55 हजार हो जाएगी। दरअसल, निकट भविष्य में 24 हजार पदों पर होने वाली भर्ती में भी लगभग 3800 महिलाओं को खाकी पहनने का मौका मिलने जा रहा है।

इस क्रम में पीएसी की तीन नई महिला वाहिनियों में 2388 पद भरे जाने हैं, जबकि नागरिक पुलिस में भी सिपाही और उपनिरीक्षक के 20 प्रतिशत पदों पर महिलाओं को भर्ती होने का मौका मिलने वाला है। प्रदेश पुलिस में वर्तमान में लगभग 37 हजार महिलाएं हैं। इसमें से 35 हजार नागरिक पुलिस में हैं। सिपाही नागरिक पुलिस की भर्ती में भी बीते दिनों 12 हजार महिलाएं शामिल हुई हैं।

## जाति देखकर लिए जा रहे फैसले : अखिलेश

● सपा प्रमुख ने अब्बास अंसारी की विधायकी रद होने को बताया राजनीतिक साजिश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अब्बास अंसारी की विधायकी रद होने को 'राजनीतिक साज़िश' बताया। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में फैसले न्याय नहीं, बल्कि जाति देखकर लिए जा रहे हैं। अब्बास अंसारी की सदस्यता जानबूझकर रद की गई है। आरोप है कि सत्ता में बैठे कुछ लोग पद का इस्तेमाल कर निर्णय करवा रहे हैं। सपा से डीएनए मांगने वालों की सदस्यता क्यों नहीं जाती है, भाजपा सरकार में फैसले जाति-धर्म के आधार पर हो रहे हैं।



प्रेस वार्ता करते अखिलेश यादव।

सपा प्रमुख शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉफ्रेंस संबोधित रहे थे। इस दौरान उन्होंने हाल ही में हुई कार्यवाहक डीजीपी की नियुक्ति को लेकर कहा कि डीजीपी तो अच्छे दिखते हैं, लेकिन उन्हें उस सिस्टम से बाहर कैसे निकाला जाएगा, जो पहले से बिछाया गया है। हालात ये हैं कि यूपी में पुलिस ही पुलिस पर एफआईआर दर्ज करा रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा का अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो गया है। पुलिस प्रशासन से राजनीतिक दबाव में काम कराया जा रहा है। उसे भ्रष्ट कर दिया गया है।

## वर्ग पहेली- 454

**बाएं से दाएं**

4.1. नीली कुईं, कोका, इंदीवर 2. पृथ्वी, भूमंडल।
5.1. घुल-मिल जाना 2. पूर्ण होना 3. मिलना।
7.1. व्यक्ति

**ऊपर से नीचे**

1. शौच कराना, किसी अन्य को मल त्याग कराना।
2.1. तुलना के योग्य 2. जिससे तुलना की जा सकती हो।
3.1. देखने में सुंदर और भला लगने वाला 2. सुंदर, ख़ूबसूरत 3. मनोरम 4. प्रियदर्शन।
4.1. किसी विश्वविद्यालय का प्रधान अधिकारी, (वाइस चांसलर) 2. पितृसत्तात्मक व्यवस्था के अंतर्गत किसी कुल या परिवार का स्वामी, मुखिया 3. प्राचीन काल में गुरुकुल का प्रधान अधिकारी जो छात्रों की शिक्षा और भोजन आदि की व्यवस्था करता था।
6. जानवरों को होने वाला एक रोग।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | ■ | ■ | 2 | ■ |
| | ■ | 3 | ■ | | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ |
| ■ | 4 | | | | ■ |
| 5 | | | ■ | ■ | 6 |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | |
| 7 | | | | ■ | |

### वर्ग पहेली -453 का हल


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 कि | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |
| र | ■ | 2 छि | 3 गु | नी | ■ |
| कि | ■ | ■ | ज | ■ | ■ |
| री | ■ | 4 अ | रा | ड़ | ■ |
| ■ | 5 जं | भि | त | ■ | 6 म |
| 7 यू | ■ | ग | ■ | ■ | ह |
| रो | ■ | 8 म | ज़ | कू | री |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 जून, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- द्वादशी पूर्णरात्रि तक।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल- भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- चित्रा 09.40 तक तत्पश्चात स्वाती।

**मेष** – आज नए व्यवसाय को लेकर योजना बना सकते हैं। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेंगी। आपकी दिनचर्या काफी व्यस्त रहने वाली है। अधिकारियों से संबंध मजबूत होंगे। विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा में आ रही बाधा दूर होगी।

**वृष** – आज सेहत को लेकर आप काफी जागरूक रहेंगे। कार्यक्षेत्र में सब आपके पक्ष में ही होता दिख रहा है। बेवजह सोशल मीडिया पर लोगों से संपर्क न रखें। अनावश्यक बातों में समय व्यर्थ हो सकता है। उधार दिया हुआ धन प्राप्त हो सकता है।

**मिथुन** – आज परिवार को लेकर चिंता दूर होगी। साझेदारी वाले प्रोजेक्ट्स में लाभ प्राप्त होगा। जीवनसाथी से कोई उपहार प्राप्त हो सकता है। विद्यार्थी नए स्टार्टअप और करियर को लेकर गंभीर रहेंगे। भावनाओं में आकर कोई व्यावसायिक निर्णय न लें।

**कर्क** – आज दिन की शुरुआत में कुछ तनाव हो सकता है। व्यावसायिक अनुबंध प्रभावित हो सकते हैं। संपत्ति विवाद के मामले उलझ सकते हैं। डायबिटीज के रोगियों को अपनी सेहत और खानपान को लेकर सावधान रहना चाहिए। आपको छोटी-छोटी बातों पर क्रोध आ सकता है।

**सिंह** – आज दिन सकारात्मक रहने वाला है। मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में बेहतरीन लाभ प्राप्त होगा। अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करेंगे। संतान के करियर को लेकर समस्या दूर होगी। जीवनसाथी से सलाह लेकर काम करें। भाई-बहनों से संबंध अत्यंत मधुर रहेंगे।

**कन्या** – आज दूसरों पर अपने विचारों को लादने से बचें। घर का वातावरण काफी अच्छा रहेगा। लेखन कार्यों से जुड़े लोगों के मन में रचनात्मक विचार जन्म ले सकते हैं। परिवार के साथ घूमने की योजना बनायेंगे। पैरों में अकड़न की समस्या हो सकती है। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें।

**तुला** – आज नए कारोबारी अनुबंध होंगे जो आपके लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध होंगे। कार्यक्षेत्र में बड़े अधिकारियों का सहयोग आपको मिलेगा। आज काफी रोमान्टिक समय बितायेंगे। आपके कार्य व्यवहार की प्रशंसा होगी। आय के नये स्रोत बन सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज आपके बने बनाए काम बिगड़ सकते हैं। जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार नम्र रखें। कारोबार में अस्थिरता हो सकती है। शान्तिपूर्वक मामलों को सुलझाने का प्रयास करें। ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान अधिक धन खर्च हो सकता है।

**धनु** – आज मित्रों से आपके सम्बन्ध मधुर रहेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर तनाव दूर होगा। प्रतिस्पर्धियों पर विजय प्राप्त कर लेंगे। उच्च अधिकारियों से आपको शाबाशी मिल सकती है। परिवार में मांगलिक आयोजन की योजना बन सकती है। सभी कार्यों में प्रगति होगी।

**मकर** – आज नौकरीपेशा लोगों को विदेशी संस्थान से जॉब के ऑफर मिल सकते हैं। लम्बित कार्यों को पूरा करने में अतिरिक्त धन खर्च हो सकता है। भोग-विलास में आप अत्यन्त रुचि ले सकते हैं। आप लोगों की समस्याओं को दूर करने को लेकर भी काफी सक्रिय रहेंगे।

**कुंभ** – आज परिवार में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कमीशन से जुड़े कार्यों से आपको लाभ प्राप्त होगा। सामाजिक और धार्मिक कार्यों में धन खर्च करेंगे। कार्यक्षेत्र में शानदार परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों की आय बढ़ सकती है। आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा।

**मीन** – आज नया कार्य शुरू करने में जल्दबाजी न करें। बीमारियों पर धन खर्च होगा। कार्यक्षेत्र में किसी सहकर्मी के कारण मूड खराब हो सकता है। कारोबारी गतिविधियों में परिश्रम के उपरान्त भी सफलता इच्छानुसार नहीं मिलेगी। आपको पर्याप्त मात्रा में आराम करना चाहिए।

## सुडोकू -1

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 2 | 3 | | |
| 9 | | 7 | | | 1 | | | 8 |
| | 8 | | | | | 9 | 4 | |
| 5 | | 1 | | 7 | | | 3 | |
| | 4 | | 3 | | 6 | | 8 | |
| | 2 | | | 4 | | 7 | | 6 |
| | 9 | 6 | | | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | | 2 | | 5 |
| | | 2 | 8 | | | | | 3 |

### सुडोकू - 177 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 8 | 4 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 | 6 | 1 |
| 7 | 3 | 5 | 1 | 6 | 4 | 9 | 8 | 2 |
| 9 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 | 4 | 3 |
| 2 | 6 | 8 | 3 | 4 | 1 | 5 | 7 | 9 |
| 4 | 7 | 3 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 6 |
| 5 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 6 | 9 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 5 |
| 6 | 1 | 2 | 4 | 5 | 9 | 7 | 3 | 8 |

## एक नजर

### फोनपे ने जीएसपे आईपी का अधिग्रहण किया

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन भुगतान मंच फोनपे ने नए फीचर फोन में एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) पर आधारित भुगतान सेवा लाने के लिए जीएसपे के आईपी का अधिग्रहण किया है। जीएसपे बातचीत के मंच 'गपशप' की प्रौद्योगिकी इकाई है। फोनपे ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि वह अगली कुछ तिमाहियों में भारत में नए फीचर फोन के लिए अपना यूपीआई भुगतान ऐप लाने की योजना बना रही है।

### विदेशी मुद्रा भंडार में 1.24 अरब डॉलर की गिरावट

**मुंबई।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 30 मई को समाप्त सप्ताह में 1.23 अरब डॉलर घटकर 691.49 अरब डॉलर रह गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को विदेशी मुद्रा भंडार के नवीनतम आंकड़े जारी किए। पिछले सप्ताह कुल भंडार 6.99 अरब अमेरिकी डॉलर बढ़कर 692.72 अरब डॉलर हो गया था। विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 के अंत में 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

# रेपो दर में कटौती से गति पकड़ेगी आर्थिक वृद्धि

## विशेषज्ञों ने कहा- 0.5 प्रतिशत की कटौती उम्मीद से भी ज्यादा, कर्ज वृद्धि को मिलेगा बढ़ावा

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय बैंकिंग जगत ने शुक्रवार को रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती और नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में चरणबद्ध कटौती की रिजर्व बैंक की घोषणा का शुक्रवार को स्वागत करते हुए कहा कि इन मौद्रिक उपायों से ऋण वृद्धि में तेजी आएगी। भारतीय रिजर्व बैंक ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद रेपो दर को 0.50 प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत पर लाने और सीआरआर में एक प्रतिशत कटौती करने की घोषणा की।

सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने कहा कि आरबीआई का यह नीतिगत कदम 'सक्रिय, अभिनव, लीक से हटकर और अप्रत्याशित' था। भारतीय बैंक संघ के भी प्रमुख शेट्टी ने कहा



- दिग्गज बैंकरों ने कहा- भारतीय रिजर्व बैंक का यह अप्रत्याशित कदम स्वागत योग्य

कि मौद्रिक नीति समिति ने वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण वृद्धि में संभावित मंदी से जुड़ी सभी चिंताओं पर 'व्यापक रूप से विचार' किया है। शेट्टी ने कहा, यह नीति निश्चित रूप से अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों, विशेषकर बैंकिंग और वित्त के लिए सकारात्मक है। विशेष रूप से उधार लेने की कम लागत किसी भी अनिश्चितता के लिए एक संतुलनकारी कारक के रूप में कार्य करेगी।

पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंध निदेशक अशोक चंद्र ने कहा कि आरबीआई के नीतिगत कदम मूल्य और वित्तीय स्थिरता बनाए रखते हुए वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए एक दूरदर्शी दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा, मुद्रास्फीति में कमी आने और व्यापक आर्थिक संकेतकों में मजबूती दिखाने के साथ, यह नीतिगत कदम ऋण उठाव को समर्थन देगा, निवेशक भावना को बढ़ावा देगा।

इंडियन ओवरसीज बैंक के एमडी एवं सीईओ अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा, रेपो दर को 0.50 प्रतिशत घटाकर 5.50 प्रतिशत करने और सीआरआर को चार चरणों में एक प्रतिशत कम करने का निर्णय एक मजबूत तथा समय पर नीतिगत बदलाव को दर्शाता है जो मूल्य स्थिरता के साथ वृद्धि को संतुलित करने के अनुरूप है।

### रेपो दर में आगे और कटौती की गुंजाइश काफी कम

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि नीतिगत दर रेपो में 0.50 प्रतिशत कटौती की घोषणा के बाद इसमें आगे और कमी करने की बहुत कम गुंजाइश दिख रही है। मल्होत्रा ने द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा के बाद संवाददाताओं से कहा कि भविष्य की मौद्रिक नीति कार्रवाई आने वाले आंकड़ों पर निर्भर करेगी। उन्होंने कहा, वृद्धि का अनुमान लगभग 6.5 प्रतिशत है और हम मुद्रास्फीति के इस साल 3.7 प्रतिशत और अगले वर्ष के लिए चार प्रतिशत से अधिक रहने का अनुमान लगा रहे हैं। यदि ये सब होता है, तो फिर दर में कटौती की बहुत सीमित गुंजाइश है। उन्होंने कहा, ''हम आने वाले आंकड़ों पर नजर रखना जारी रखेंगे और मुख्य रूप से वही कदम उठाएंगे जो आंकड़े हमें सुझाएंगे।

### फिक्की ने कहा- ये कदम साहसिक और सक्रिय

उद्योग जगत ने रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की अप्रत्याशित कटौती के फैसले को साहसिक कदम बताया। वाणिज्य एवं उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (फिक्की) के अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने कहा कि यह बाजार की अपेक्षाओं से कहीं अधिक है और इससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि आरबीआई आर्थिक वृद्धि को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। अग्रवाल ने कहा कि यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब भारतीय अर्थव्यवस्था व्यापार अनिश्चितताओं, वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों और वित्तीय बाजार में अस्थिरता जैसी कई चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होंने कहा, यह समय पर लिया गया कदम घरेलू मांग को मजबूत करेगा।

# यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री मई में तीन प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत-पाकिस्तान संघर्ष के कारण कई राज्यों में ग्राहकों के खरीदारी में देरी करने तथा छोटी कारों की मांग में नरमी आने से मई में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में सालाना आधार तीन प्रतिशत की गिरावट आई। वाहन डीलरों के संगठन फाडा ने यह जानकारी दी।

वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) की ओर से शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार, पिछले महीने यात्री वाहनों का पंजीकरण 3,02,214 इकाई रहा, जबकि मई 2024 में यह 3,11,908 इकाई रहा था। इसमें कहा गया, छोटी कारों की मांग सबसे अधिक प्रभावित हुई है। सीमित वित्तपोषण और कमजोर उपभोक्ता भावना इसकी मुख्य वजह रही।

जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान



- मांग में नरमी आने का असर छोटी कारों की मांग सबसे ज्यादा हुई प्रभावित

और गुजरात में युद्ध संबंधी चिंताएं एवं सीमा पर तनाव बढ़ने से ग्राहकों ने खरीदारी में देरी की। हालांकि, बुकिंग काफी अच्छी रही, लेकिन स्थगित निर्णयों के कारण खुदरा बिक्री में कमी आई। वाहन डीलरों के संगठन के अनुसार, मई में दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर 16,52,637 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 15,40,077 इकाई थी। वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री मई में चार प्रतिशत घटकर 75,615 इकाई रह गई।

# व्यापार वार्ता के लिए पहुंचा अमेरिकी दल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौता सीमा शुल्क को कम कर, व्यापार बाधाओं को घटाकर और आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण में सुधार कर वस्तुओं के लिए अधिक बाजार पहुंच प्रदान करेगा।

एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि दोनों देशों की टीमों के बीच चल रही बातचीत का उद्देश्य बीटीए (द्विपक्षीय व्यापार समझौते) के प्रारंभिक चरण को शीघ्र और पारस्परिक रूप से लाभकारी निष्कर्ष तक पहुंचाना है। बीटीए के लिए चल रही वार्ता के तहत अमेरिका के



- 10 जून तक रहेगा भारत में, वार्ता को निष्कर्ष तक पहुंचाने का उद्देश्य

अतिरिक्त व्यापार प्रतिनिधि नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल चार से 10 जून तक भारत की यात्रा पर है।

अधिकारी ने कहा, दोनों देश अधिक बाजार पहुंच को सुविधाजनक बनाने, शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को कम करने और आपूर्ति श्रृंखला मजबूती और एकीकरण को बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से केंद्रित चर्चाओं में लगे हुए हैं। दोनों पक्ष प्रस्तावित बीटीए के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा में लगे हुए हैं।

दोनों देशों ने 13 फरवरी, 2025 को 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना से अधिक बढ़ाकर 500 अरब डॉलर करने पर सहमति व्यक्त की थी। इस दृष्टिकोण को साकार करने के लिए भारत और अमेरिका ने 2025 की शरद ऋतु तक पारस्परिक रूप से लाभकारी, बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते की पहली किस्त पर बातचीत करने की योजना की घोषणा की।

### एनटीपीसी समूह की स्थापित क्षमता 80,265 मेगावाट पहुंची

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी की अनुषंगी की अनुषंगी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी ने 1,255 मेगावाट की खावड़ा सौर परियोजना से 110.25 मेगावाट की वाणिज्यिक आपूर्ति शुरू कर दी है। इसके साथ एनटीपीसी समूह की स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता 80,265 मेगावाट हो गई है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी की पूर्ण अनुषंगी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड की 1,255 मेगावाट की खावड़ा-I सौर पीवी परियोजना के पहले चरण के तहत 110.25 मेगावाट की क्षमता छह जून को रात 12 बजे बजे वाणिज्यिक रूप से परिचालन में आ गयी। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी एनटीपीसी लि. की एक अनुषंगी कंपनी है। इसके साथ ही एनटीपीसी समूह की कुल स्थापित और वाणिज्यिक क्षमता 80,265 मेगावाट हो गई है।

# रेपो दर में कटौती से 747 अंक उछला सेंसेक्स

**मुंबई, एजेंसी**

नीतिगत ब्याज दर में आधा प्रतिशत की कटौती और बैंकों को कर्ज देने के लिए अतिरिक्त राशि का इंतजाम करने के रिजर्व बैंक के फैसले से उपजी सकारात्मक धारणा के बीच शुक्रवार को सेंसेक्स 747 अंक उछल गया जबकि निफ्टी एक बार फिर 25,000 का स्तर पार कर गया।

भारतीय रिजर्व बैंक ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद रेपो दर 0.50 प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया। इसके साथ ही नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में एक प्रतिशत की कटौती करने की भी घोषणा की गई। विश्लेषकों ने कहा कि आरबीआई के इन कदमों से आर्थिक वृद्धि को समर्थन मिलने



- निफ्टी एक बार फिर 1.02 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,000 के पार
- रियल्टी, वाहन और बैंकिंग सेक्टरों में दर्ज की गई तेजी

की उम्मीद में शेयर बाजार उछल गए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक 746.95 अंक यानी 0.92 प्रतिशत उछलकर 82,188.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 857.85 अंक बढ़कर 82,299.89 अंक पर पहुंच गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी एक बार फिर 25,000 के स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के अंत में यह 252.15 अंक यानी 1.02 प्रतिशत चढ़कर 25,003.05 अंक पर बंद हुआ। ब्याज दर के लिहाज से संवेदनशील रियल्टी खंड में 4.74 प्रतिशत, वाहन खंड में 1.50 प्रतिशत और बैंकिंग खंड में 1.25 प्रतिशत की तेजी आई। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती और सीआरआर को एक प्रतिशत तक कम करने की अप्रत्याशित घोषणा से धारणा एकदम ही बदल गई।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### मणिपुर में आठ उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम और बिष्णुपुर जिलों से सुरक्षा बलों ने विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के आठ उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के घारी माखा लेईकोई क्षेत्र से बृहस्पतिवार को प्रतिबंधित यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलीपाक के तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया गया, जबकि प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के चार सदस्यों को जिले के ताओथोंग खुनौ और बिष्णुपुर से गिरफ्तार किया गया। बृहस्पतिवार को पीआरईपीएके (प्रो) के एक सक्रिय सदस्य को भी गिरफ्तार किया गया था।

### कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामले पांच हजार के पार

**नई दिल्ली।** देशभर में कोराना संक्रमण के 464 सक्रिय मामले बढ़ने के साथ सक्रिय मामलों की संख्या शुक्रवार सुबह बढ़कर 5364 तक पहुंच गयी। पिछले 24 घंटों में संक्रमण से चार और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 55 पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार अभी तक 4724 मरीजों को स्वस्थ्य होने पर अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है। पिछले 24 घंटों में कोराना संक्रमण के कुल 1266 मामले सामने आए हैं। सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं।

### पंजाब में सतर्कता विभाग के एसएसपी निलंबित

**लुधियाना।** पंजाब सरकार ने शुक्रवार को सतर्कता विभाग लुधियाना के एसएसपी जगतप्रीत सिंह को कर्तव्य के प्रति लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया है। पंजाब सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक शेखर ने शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी किया। सतर्कता विभाग ने लुधियाना पश्चिम सीट के उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार और पूर्व कैबिनेट मंत्री भारत भूषण आशु को पूछताछ के लिए समन भेजा था। एसएसपी के निलंबन को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है।

### बीजापुर में नक्सलियों ने ट्रक को आग लगाई

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने गुरुवार देर शाम बीजापुर और गीदम के बीच नेशनल हाइवे में एक ट्रक को आग के हवाले कर इलाके में दहशत फैलाने की कोशिश की। नक्सलियों ने बीजापुर की ओर से जगदलपुर की ओर जा रहे एक ट्रक को भैरमगढ़ के पास रोककर आग के हवाले कर दिया। नक्सलियों के ट्रक में आगजनी से दोनों तरह वाहनों की लंबी कतार लगी रही।

# भगदड़ के जिम्मेदारों पर कार्रवाई शुरू

## आरसीबी और प्रबंधन कंपनी के चार अफसर गिरफ्तार, खुफिया विभाग के एडीजी हटाए गए

**बेंगलुरु, एजेंसी**

बेंगलुरु में चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ के मामले में कर्नाटक सरकार ने कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और आयोजन का प्रबंधन करने वाली कंपनी डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के चार अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके अलावा प्रदेश सरकार ने खुफिया विभाग के एडीजी का ट्रांसफर कर दिया। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव गोविंदराज भी हटा दिए गए।

आईपीएल के फाइनल में आरसीबी की जीत के जश्न में भाग लेने के लिए बुधवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमियों के जुटने के बाद मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई



- मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव गोविंदराज भी पद से हटाए गए

और 56 लोग घायल हो गए थे। गिरफ्तार किए गए लोगों में आरसीबी के विपणन एवं राजस्व प्रमुख निखिल सोसले, 'डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड' के सुनील मैथ्यू और किरण कुमार शामिल हैं। गिरफ्तारी के बाद उन्हें पूछताछ के लिए कब्बन पार्क पुलिस थाने लाया गया।

पुलिस ने आरसीबी, डीएनए और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के खिलाफ गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद यह कार्रवाई की।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने आरसीबी और डीएनए और केएससी के प्रतिनिधियों को तुरंत गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था।

इसके साथ कर्नाटक सरकार ने विधान परिषद सदस्य के गोविंदराज को शुक्रवार को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के राजनीतिक सचिव के पद से मुक्त कर दिया। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक खुफिया विभाग के एडीजी हेमंत निंबालकर का भी तबादला कर दिया गया है। सिद्धरमैया ने बृहस्पतिवार को भगदड़ की घटना के सिलसिले में खुफिया विफलता की बात स्वीकार करते हुए कहा था, इस संबंध में क्या कार्रवाई की जाए, फिलहाल इस बारे में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। हमने इस पर चर्चा की है। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने भगदड़ की घटना के सिलसिले में बृहस्पतिवार को बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त बी दयानंद और चार अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया था।

### केएससीए अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई पर रोक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने शुक्रवार को एक अंतरिम आदेश में प्रदेश पुलिस को निर्देश दिया कि वह भगदड़ के सिलसिले में केएससीए के पदाधिकारियों के खिलाफ अगले आदेश तक कोई दंडात्मक कार्रवाई न करे। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के अध्यक्ष रघुराम भट, सचिव ए शंकर और कोषाध्यक्ष ईएस जयराम ने भगदड़ की घटना के सिलसिले में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने के अनुरोध के साथ हाईकोर्ट का रुख किया था। याचिका पर सुनवाई करने वाले न्यायमूर्ति एसआर कृष्ण कुमार ने केएससीए अधिकारियों को अंतरिम राहत दे दी।

### तहव्वुर राणा की न्यायिक हिरासत नौ जुलाई तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को 26/11 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा की न्यायिक हिरासत नौ जुलाई तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह ने यह आदेश तब पारित किया जब राणा को न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किया गया। राणा के वकील ने उसकी सेहत को लेकर चिंता जताई थी जिस पर अदालत ने तिहाड़ प्रशासन से नौ जून तक रिपोर्ट मांगी है। राणा, 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मुख्य साजिशकर्ता और अमेरिकी नागरिक डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का करीबी सहयोगी है। उसे अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा चार अप्रैल को उसकी भारत प्रत्यर्पण के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिका खारिज किए जाने के बाद भारत लाया गया था।

# कक्षा निर्माण मामले में एसीबी के समक्ष पेश हुए सत्येंद्र जैन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- भाजपा पर लगाया प्रमुख मुद्दों से ध्यान भटकाने का आरोप

दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण में कथित भ्रष्टाचार के मामले में पूछताछ के लिए शुक्रवार को भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) के समक्ष पेश हुए। जैन को दिल्ली सरकार की एसीबी ने पूछताछ के लिए बुलाया था।

एसीबी कार्यालय जाने से पहले जैन ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने दिल्ली की शिक्षा में सुधार की दिशा में काम किया, मौजूदा भाजपा नीत सरकार केवल राजनीति कर रही है। जैन ने कहा कि भाजपा प्रमुख मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। जैन ने कहा, पहले मुझे बताएं कि घोटाला शब्द कहां से आया। भाजपा काम नहीं करना चाहती और निजी स्कूलों को फीस बढ़ाने में मदद कर रही है।

उन्होंने कहा, पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने स्कूलों में बेहतरीन काम किया। उन्हें तलब किया गया। ये सब ध्यान भटकाने के हथकंडे हैं। उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा कहती थे कि सड़कों पर कुत्ते घूम रहे हैं और हम सड़कें साफ करेंगे। अब उन्हें ये काम करवाने चाहिए, लेकिन वे सिर्फ राजनीति कर रहे हैं।

### नई शुरुआत



जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले के संगलदान में वंदे भारत एक्सप्रेस में सवार सुरक्षाकर्मी। पीएम मोदी ने शुक्रवार को कटरा और श्रीनगर के बीच वंदे भारत सेवा को हरी झंडी दिखाई, जो कश्मीर घाटी और जम्मू क्षेत्र के बीच पहली रेल सेवा है। एजेंसी

### जमानत पर जेल से रिहा हुई इन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली

**कोलकाता।** सांप्रदायिक टिप्पणियों वाला वीडियो साझा करने से जुड़े मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय से अंतरिम जमानत मिलने के बाद 'सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर' शर्मिष्ठा पनोली को शुक्रवार को जेल से रिहा कर दिया गया। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पनोली की अंतरिम जमानत याचिका बृहस्पतिवार को मंजूर कर ली थी। अदालत ने कहा था कि पनोली (22) के खिलाफ शिकायत में किसी संज्ञेय अपराध की बात सामने नहीं आई है। कोलकाता पुलिस ने विधि छात्रा पनोली को पिछले हफ्ते हरियाणा के गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया था। उसके खिलाफ कोलकाता के गार्डन रीच पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के बाद यह कदम उठाया गया था।

# कोयला घोटाला : अदालत ने पूर्व कोयला सचिव एचसी गुप्ता समेत कई को बरी किया

**नई दिल्ली।** सीबीआई की एक विशेष अदालत ने कोयला घोटाला मामले में पूर्व कोयला सचिव एच सी गुप्ता, पूर्व संयुक्त सचिव (कोयला) के एस क्रोफा और तत्कालीन निदेशक के सी समारिया को शुक्रवार को बरी कर दिया।

सीबीआई अदालत ने हालांकि जेएएस इन्फ्रास्ट्रक्चर कैपिटल लिमिटेड और उसके तत्कालीन निदेशक मनोज कुमार जायसवाल को धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश का दोषी ठहराया। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश संजय बंसल ने झारखंड के महुगढ़ी कोयला ब्लॉक के संबंध में अपना फैसला सुनाया। इस मामले में सजा पर बहस अब आठ जुलाई को होगी। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, सीबीआई द्वारा जांचे गए कोयला ब्लॉक आवंटन मामलों में यह 19वीं दोषसिद्धि है। शुरुआत में सीबीआई ने 20 नवंबर, 2014 को मामले में अंतिम रिपोर्ट (क्लोजर) दाखिल की थी।

# राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर फिर किया आत्मसमर्पण करने का कटाक्ष

**राजगीर (बिहार), एजेंसी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर फिर आत्मसमर्पण वाला कटाक्ष दोहराया, जिस पर हाल ही में भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया जताई थी। कांग्रेस नेता ने यह बात बिहार में आयोजित 'संविधान सुरक्षा सम्मेलन' में कही।

इससे कुछ दिन पहले उन्होंने मोदी पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने झुकने का आरोप लगाया था। गांधी ने नालंदा जिले के राजगीर में कहा, ट्रंप ने कम से कम 11 बार कहा

- कहा- सीजफायर कराने के ट्रंप के दावों पर कुछ नहीं बोल रहे हैं मोदी

है कि उन्होंने मोदी को मजबूर किया है। हमारे प्रधानमंत्री विरोध में एक शब्द भी नहीं कह पा रहे। कारण यह है कि ट्रंप ने जो कहा है, वही हकीकत है। उल्लेखनीय है कि गांधी ने इस सप्ताह की शुरुआत में भोपाल में दावा किया था कि पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष के चरम पर होने पर ट्रंप ने मोदी से कहा था, नरेंदर, सरेंडर। इस टिप्पणी से भाजपा नाराज हो गई थी।

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने इसे देशद्रोह कहा था। प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया था कि यह बयान हाफिज सईद जैसे आतंकवादियों द्वारा भारत के बारे में कही गई बातों से कहीं अधिक अपमानजनक है। राजगीर में अपने संबोधन में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मैं आरएसएस से लड़ रहा हूं, वे बहुत आसानी से आत्मसमर्पण कर देते हैं। उन्हें दया याचिका लिखने में ज्यादा समय नहीं लगता। बेशक, आधुनिक तकनीक ने पेन और कागज की जगह व्हाट्सऐप को जन्म दे दिया है।

### ऑपरेशन ब्लूस्टार की बरसी पर खालिस्तान समर्थक नारे

**अमृतसर।** ऑपरेशन ब्लूस्टार की 41वीं बरसी पर शुक्रवार को स्वर्ण मंदिर परिसर स्थित अकाल तख्त पर कट्टरपंथी सिख संगठनों के समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने खालिस्तान समर्थक नारे लगाए। इस दौरान स्वर्ण मंदिर और शहर में शांतिपूर्ण बंद का माहौल रहा। दल खालसा के कार्यकर्ता अपने हाथों में उग्रवादी नेता जरनैल सिंह भिंडरावाले के चित्र वाले पोस्टर और खालिस्तानी झंडे लिए हुए नजर आए। अकाल तख्त के निकट स्वर्ण मंदिर का पूरा परिसर खालिस्तानी समर्थक नारों से गूंज उठा। दल खालसा, पूर्व सांसद सिमरनजीत सिंह मान के नेतृत्व वाले शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) और उनके सहयोगी एवं पूर्व सांसद ध्यान सिंह मंड समेत कई संगठनों के कार्यकर्ताओं ने अकाल तख्त पर नारेबाजी की। ऑपरेशन ब्लूस्टार 1984 में स्वर्ण मंदिर परिसर से उग्रवादियों को बाहर निकालने के लिए चलाया गया सैन्य अभियान था।

# मिट्टी के कणों के जरिए कोविड-19 की जांच पद्धति विकसित की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आईआईटी गुवाहाटी के शोधकर्ताओं ने हासिल की उल्लेखनीय उपलब्धि

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-गुवाहाटी के शोधकर्ताओं ने पाया है कि मिट्टी के कण कोविड-19 का कारण बनने वाले वायरस सार्स-कोव-2 की उपस्थिति में अलग तरह से प्रतिक्रिया करते हैं। इस शोध का उपयोग उन्होंने एक सरल, वहनीय जांच विकल्प विकसित करने के लिए किया है।

शोध में पता चला है कि मिट्टी कण वायरस युक्त नमकीन-पानी के घोल में कितनी जल्दी तल पर बैठते हैं। 'एप्लाइड क्ले साइंस' पत्रिका में प्रकाशित शोध में शोधकर्ताओं ने लिखा है, वायरस की उपस्थिति से मिट्टी के कणों के बल में परिवर्तन से मिट्टी की इलेक्ट्रोलाइट प्रणाली की सेडिमेंटेशन दर बदल गई।

टीम ने कहा कि ये निष्कर्ष सार्स-कोव-2 का पता लगाने के लिए फिलहाल उपयोग की जाने वाली जटिल, महंगी विधियों की तुलना में एक सरल और वहनीय विकल्प प्रदान करते हैं। आईआईटी गुवाहाटी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख लेखक टी.वी. भरत ने कहा, ''पॉलीमरेज चेन रिएक्शन (पीसीआर) जैसी मौजूदा विधियां अत्यधिक संवेदनशील हैं, लेकिन समय लेती हैं और भारी उपकरणों की आवश्यकता होती है। इसी तरह, एंटीजेन परीक्षण तेज होता है।

## खेल डायरी

### विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा पेरिस डायमंड लीग में लेंगे भाग

**नई दिल्ली :** मौजूदा भाला फेंक विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा 20 जून को स्टेड सेबेस्टियन-चार्लीटी में होने वाली पेरिस डायमंड लीग 2025 में भाग लेंगे। नीरज आठ साल बाद पेरिस डायमंड लीग में वापसी करेंगे। वर्ष 2017 में वह इस स्पर्धा में 84.67 मीटर के थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे थे। जर्मनी के जोहान्स वेटर ने 88.74 मीटर का थ्रो कर इस स्पर्धा को जीता था। नीरज के 2024 संस्करण में भाग लेने की उम्मीद थी, लेकिन पेरिस ओलंपिक की तैयारी के मद्देनजर वह इस स्पर्धा में भाग नहीं ले सके। मई में दोहा डायमंड लीग में चोपड़ा ने 90.23 मीटर दूर भाला फेंक कर अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा था। नीरज का सबसे हालिया प्रदर्शन 23 मई को पोलैंड के चोरजो में जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल में हुआ था।



### न्यूजीलैंड ने रॉब वाल्टर को मुख्य कोच नियुक्त किया

**वेलिंगटन :** न्यूजीलैंड ने गैरी स्टीड के स्थान पर रॉब वाल्टर को अपनी पुरुष क्रिकेट टीम के तीनों प्रारूपों का कोच नियुक्त किया है। वाल्टर जनवरी 2023 से इस साल अप्रैल तक दक्षिण अफ्रीका की वनडे और टी20 टीमों के कोच रहे। इससे पहले वह न्यूजीलैंड के ओटागो प्रांत और सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स एसोसिएशन में पांच साल तक कोच रहे। वाल्टर के कोच रहते हुए दक्षिण अफ्रीका ने वनडे विश्व कप 2023 और इस साल चैंपियंस ट्रॉफी के सैनी फाइनल में जगह बनाई थी। यही नहीं उन्होंने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका को टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचाने में भी अहम भूमिका निभाई थी। स्टीड 2018 से तीनों प्रारूपों में न्यूजीलैंड के मुख्य कोच थे।

### भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर पहले दौर के बाद शीर्ष 10 में

**टेनेरिफ (स्पेन) :** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने स्पेन में शानदार शुरुआत की। वह यहां खेली जा रही लेडीज यूरोपीय टूर की प्रतियोगिता टेनेरिफ महिला ओपन में दो अंडर 70 का स्कोर बनाकर पहले दिन संयुक्त छठे स्थान पर रहीं। दीक्षा शीर्ष पर चल रही आयरलैंड की लॉरेन वाल्श और डेनमार्क की सोफी किब्सगार्ड नीलसन से तीन शॉट पीछे हैं, जिन्होंने पांच अंडर 67 का स्कोर बनाया। इस प्रतियोगिता में भाग ले रही अन्य भारतीय खिलाड़ियों में अवनी प्रशांत (71), हिताशी बक्शी (72), त्वेसा मलिक (73) और स्नेहा सिंह (77) शामिल हैं। भारतीय खिलाड़ियों में दीक्षा के अलावा अवनी प्रशांत ने अच्छा प्रदर्शन किया और वह पहले दौर के बाद संयुक्त 17वें स्थान पर हैं।

### अय्यर की फाल्कंस ने सूर्यकुमार की नाइट्स को चार विकेट से हराया

**मुंबई :** भारतीय टीम के सीमित ओवरों के सितारों के बीच मुकाबले में श्रेयस अय्यर की सोबो मुंबई फाल्कंस ने शुक्रवार को यहां टी20 मुंबई लीग के एक रोमांचक मैच में सूर्यकुमार यादव की ट्रायम्फ नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्ट को चार विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर नाइट्स की टीम तेज गेंदबाजों की मददगार परिस्थितियों में पांच विकेट पर 145 रन ही बना सकी। फाल्कंस ने चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

### गुकेश व कार्लसन नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट खिताब के दावेदार

**स्टावेंजर (नॉर्वे) :** मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में चीन के वेई यी को हराकर तीन अंक हासिल किए। वह नॉर्वे के स्टार मैग्नस कार्लसन के साथ खिताब के लिए शीर्ष दावेदार बन गए। अब जब कि केवल एक दौर की बाजी खेली जानी बाकी है तब गुकेश 14.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन छह खिलाड़ियों के डबल राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट में उनसे केवल आधा अंक आगे हैं। कार्लसन ने हारने की स्थिति से वापसी करते हुए अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना को हराया और पूरे अंक हासिल किए।

### लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलना बहुत बड़ा क्षण: डिविलियर्स

**लंदन :** एबी डिविलियर्स का मानना है कि लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलना दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट इतिहास का एक बड़ा क्षण है। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया 11 से 15 जून तक विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तीसरे सत्र के फाइनल में खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया गत चैंपियन है। डिविलियर्स ने 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा यह (लॉर्ड्स में फाइनल) दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट के लिए एक बहुत बड़ा पल है। उम्मीद है कि हम जीतने में सफल होंगे। डिविलियर्स ने 114 टेस्ट मैचों में 22 शतकों सहित 8,765 रन बनाए हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका को संतुलित टीम करार देते हुए कहा कि वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उलटफेर करने में सक्षम है।

### भारत ए ने चाय के विश्राम तक तीन विकेट पर 213 रन बनाये

**नॉर्थम्पटन :** सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल की नाबाद 93 रन की पारी के बूते भारत ए ने इंग्लैंड लायंस (ए टीम) के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच के पहले दिन शुक्रवार को चाय तक तीन विकेट पर 213 रन बना लिए। चाय के विश्राम के समय राहुल के साथ विकेटकीपर ध्रुव जुरेल 37 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। राहुल और जुरेल ने चौथे विकेट के लिए अब तक 87 रन की अटूट साझेदारी कर ली है। पहले सत्र में बारिश के कारण गंवाए गए ओवरों की भरपाई के लिए खेले गए लंबे दूसरे सत्र में भारतीय बल्लेबाजों ने अनुकूल पिच पर अच्छा प्रदर्शन किया। क्रिस वोक्स (30 रन पर तीन विकेट) को छोड़कर लायंस का कोई भी गेंदबाज प्रभाव नहीं छोड़ सका। भारत ने दूसरे सत्र में करुण नायर के रूप में एकमात्र विकेट गंवाया। नायर 40 रन पर वोक्स की गेंद पर पगबाधा हुए।

# बैठकों में सिर्फ पुजारा को आउट करने पर होती थी चर्चा: रोहित शर्मा

● पुजारा की पत्नी पूजा की किताब 'द डायरी ऑफ ए क्रिकेटर्स वाइफ' के विमोचन पर बोले- रोहित शर्मा

**मुंबई, एजेंसी**

चेतेश्वर पुजारा को कैसे आउट किया जाए? यह एक ऐसा सवाल था जिस पर रोहित शर्मा और मुंबई के उनके साथी जूनियर क्रिकेट के दिनों में अक्सर चर्चा करते थे, क्योंकि उन्हें पता था कि सौराष्ट्र का यह बल्लेबाज लगातार दो या तीन दिन बल्लेबाजी करके उनकी उम्मीदों पर सकता है। रोहित ने खुलासा किया कि पुजारा का विकेट अक्सर आयु वर्ग के मैचों में उनकी टीम के लिए जीत या हार का अंतर होता था। यह इस दिग्गज बल्लेबाज के शुरुआती लक्षण थे, जिन्होंने 103 टेस्ट मैचों में 43.60 की औसत तथा 19 शतक और 35 अर्द्धशतक की मदद से 7,195 रन बनाए।

रोहित ने गुरुवार को यहां पुजारा की पत्नी पूजा की किताब 'द डायरी ऑफ ए क्रिकेटर्स वाइफ' के विमोचन के अवसर पर कहा मुझे अब भी याद है कि टीम बैठकें सिर्फ इसी पर केंद्रित होती थीं कि उसे कैसे आउट किया जाए। अगर हम उसे आउट नहीं कर पाते हैं तो हम मैच हार सकते हैं। पूर्व भारतीय कप्तान ने मजाक में कहा कि पुजारा के खिलाफ खेलने से उनका चेहरा इतना बदल जाता था कि उनकी मां भी थोड़ी परेशान हो जाती थीं। उन्होंने कहा मुझे बस इतना याद है कि जब मैं 14 साल का था और मैदान से शाम को जब वापस आता था, तो मेरे चेहरे का रंग बिल्कुल बदल जाता था।

रोहित ने कहा क्योंकि वह पूरे दिन बल्लेबाजी करता था और हमें दो-तीन दिन तक धूप में फील्डिंग करनी पड़ती थी। मुझे अब भी याद है कि मेरी मां ने मुझसे कई बार पूछा था कि जब तुम घर से खेलने जाते हो, तो तुम अलग दिखते हो और जब तुम एक हफ्ते या 10 दिन बाद घर आते हो, तो तुम अलग दिखते हो। रोहित ने कहा मैं कहता था, मां मैं क्या करूं। चेतेश्वर पुजारा नाम का एक बल्लेबाज है। वह तीन दिनों से बल्लेबाजी कर रहा है। पुजारा को लेकर हमारी शुरुआती धारणा यही थी। रोहित ने कहा कि करियर की शुरुआत में दोनों घुटनों में एसीएल (एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट) की चोट के बावजूद 100 से अधिक टेस्ट खेलने का श्रेय पुजारा को दिया। उन्होंने कहा (यह) बहुत बड़ी और बहुत बुरी चोट थी। उसकी दोनों एसीएल चली गई थीं। किसी भी क्रिकेटर, एक खिलाड़ी के लिए यह बहुत मुश्किल होता है जब वह अपनी दोनों एसीएल गंवा देता है। इसके बावजूद वह भारत की तरफ से 100 से अधिक टेस्ट मैच खेलने में सफल रहा। इसका पूरा श्रेय पुजारा को जाता है।



रोहित शर्मा।



चेतेश्वर पुजारा।

**2016-17** में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को अपने करियर की सबसे मुश्किल सीरीज बताया पुजारा ने

इस अवसर पर पुजारा ने 2016-17 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को अपने करियर की सबसे मुश्किल सीरीज बताया। पुजारा ने कहा मैं एक घटना का जिक्र कर सकता हूं। भारतीय टीम जब 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 200 रन के आसपास आउट हो रही थी तो वह मेरे करियर का सबसे मुश्किल दौर था। उन्होंने कहा वह बेंगलुरु में खेला गया दूसरा टेस्ट मैच था। हमारी टीम ने पहली पारी में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था और दूसरी पारी में भी हम परेशानी में थे, लेकिन मैंने अनिल (कुंबले) भाई से नाथन लियोन से निपटने के तरीके के बारे में बात की और उन्होंने तकनीक को लेकर एक सुझाव दिया जिससे मुझे फायदा मिला। पुजारा और रोहित दोनों ने अपने माता-पिता द्वारा उनके करियर को आगे बढ़ाने के लिए किए गए संघर्षों को याद किया। पुजारा ने कहा, ''जब मैं 17 साल का था तब मेरी मां का निधन हो गया था लेकिन जब मैं छोटा था तो मेरे माता-पिता ने मेरा पूरा समर्थन किया। पूजा ने किताब में इसका अच्छी तरह से वर्णन किया है। मुझे याद है कि मेरी मां ने मुझसे कहा था तुम जीवन में जो कुछ भी करो उससे पहले तुम्हें एक अच्छा इंसान बनना पड़ेगा। रोहित ने कहा मुझे मेरे माता-पिता का शुरू से भरपूर समर्थन मिला। मैं जानता हूँ कि उन्होंने मेरे और मेरे भाई के लिए कितने त्याग किए हैं।

# उज्बेकिस्तान और जॉर्डन ने रच दिया इतिहास

## विश्व कप के लिए पहली बार किया क्वालीफाई, चीन हुआ बाहर

**सियोल, एजेंसी**

चीन का 2002 के बाद पहली बार विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाने का सपना गुरुवार को इंडोनेशिया के हाथों हार के साथ टूट गया। वहीं, उज्बेकिस्तान और जॉर्डन ने पहली बार इस प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। चीन को जहां करारा झटका लगा वहीं दक्षिण कोरिया ने लगातार 11वीं बार विश्व कप में जगह पक्की की।

विश्व कप फुटबॉल अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में आयोजित किया जाएगा। अबू धाबी में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ उज्बेकिस्तान के लिए ग्रुप ए में ईरान के बाद दूसरा स्वतः क्वालीफिकेशन स्थान हासिल करने के लिए पर्याप्त था। ग्रुप बी में दक्षिण कोरिया ने इराक को 2-0 से हराकर विश्व कप में अपना स्थान पक्का किया। दक्षिण कोरिया की दो गोल के अंतर से जीत जॉर्डन के लिए पहली बार विश्व कप में जगह बनाने के लिए पर्याप्त थी। उसने इससे पहले ओमान को 3-0 से हराकर शीर्ष दो में जगह बनाई थी। जॉर्डन की तरफ से तीनों गोल अली ओलवान ने किए। ग्रुप सी में चीन को जकार्ता में इंडोनेशिया के हाथों 1-0 से हार का सामना करना पड़ा। चीन इस तरह से विश्व कप में क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो गया है। वह 2002 में आखिरी बार विश्व कप में खेला था जब इसका आयोजन जापान और दक्षिण कोरिया में किया गया था। इस ग्रुप के एक अन्य मैच में अजीज बेहिच के अंतिम मिनट में किए गए गोल से ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ में पहले से ही क्वालीफाई कर चुकी जापान की टीम को 1-0 से हराया। इससे ऑस्ट्रेलिया की टीम लगातार छठी बार विश्व कप में खेलने के करीब पहुंच गई।



जीत के बाद जशन मनाते उज्बेकिस्तान के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**प्रो लीग का यूरोपीय चरण**

## भारतीय हॉकी टीम की नजरें विश्व कप में सीधे जगह बनाने पर

**एम्सटेलवीन (नीदरलैंड) :** बेल्जियम और नीदरलैंड में अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने की कवायद में भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में अधिकतम अंक जुटाने की कोशिश में होगी।

हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम इस समय प्रो लीग की तालिका में आठ मैचों में 15 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। बेल्जियम और इंग्लैंड के 16 अंक हैं। प्रो लीग के यूरोपीय चरण में अच्छे प्रदर्शन से भारत की अगले साल होने वाले विश्व कप में सीधे क्वालीफाई करने की संभावना बढ़ जाएगी। कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि टूर्नामेंट की अहमियत को देखते हुए अनुभव पर भरोसा किया गया है।

उन्होंने कहा यह सभी को पता है कि विश्व कप के लिये सीधे क्वालीफाई करने का यह भी एक रास्ता है। हमारी प्राथमिकता वही है कि यहां से सीधे विश्व कप का टिकट कटाएं।



फ्रेंच टेनिस ओपन के सेमीफाइनल मैच के दौरान इटली के लोरेंजो मुसेट्टी के खिलाफ शॉट लगाते स्पेन के कार्लोस अल्काराज। ● एजेंसी

# कोको गाफ का फाइनल में मुकाबला सबालेंका से

**फ्रेंच ओपन**

**पेरिस, एजेंसी**

अमेरिका की कोको गाफ का सामना शनिवार को फ्रेंच ओपन महिला एकल फाइनल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका से होगा।

तीन साल पहले फ्रेंच ओपन में पदार्पण करने वाली 18 साल की गाफ फाइनल में हार गई थी। उन्होंने इस बार फ्रांस की वाइल्ड कार्डधारी लोई बोइसों को 6-1, 6-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। सबालेंका ने मई में मैड्रिड ओपन में गाफ को हराया था। इस बार उन्होंने सेमीफाइनल में गत चैम्पियन इगा स्वियातेक को 7-6, 4-6, 6-0 से मात दी।



कोको गाफ व एरिना सबालेंका।

# टेस्ट में करारी हार होने पर कोहली बदल सकते हैं फैसला: क्लार्क

**नई दिल्ली, एजेंसीः**

आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क का मानना है कि टेस्ट क्रिकेट को सर्वोपरि मानने वाले विराट कोहली इस प्रारूप से संन्यास का फैसला बदल सकते हैं अगर भारत को इंग्लैंड दौरे पर पांच टेस्ट की सीरीज में करारी हार का सामना करना पड़ता है। कोहली ने पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। उन्होंने 123 टेस्ट खेलकर 30 शतक समेत 9230 रन बनाए। क्लार्क ने 'बियोंड23' क्रिकेट पॉडकास्ट पर कहा मुझे ऐसा लगता है। अगर भारतीय टीम इंग्लैंड में 5 . 0 से हार जाती है तो प्रशंसक यही चाहेंगे कि विराट संन्यास का फैसला बदलकर टेस्ट क्रिकेट फिर खेलें। उन्होंने कहा अगर कप्तान, चयनकर्ता और प्रशंसक ऐसा चाहेंगे तो वह वापसी कर सकता है । उसे अभी भी टेस्ट क्रिकेट से प्यार है। उसके शब्दों में टेस्ट क्रिकेट के लिये उसका जुनून झलकता है। आरसीबी के पहला आईपीएल खिताब जीतने के बाद कोहली ने कहा था कि वह इस जीत को टेस्ट क्रिकेट से पांच पायदान नीचे रखेंगे।



क्लार्क ने कहा रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा। मुझे लगता है कि किसी भी टीम को उसकी कप्तानी की कमी खलेगी । वह शानदार कप्तान था। कोहली ने टेस्ट से संन्यास लिया । यह बहुत दुखद था। वह चैम्पियन है और टेस्ट क्रिकेट को उसकी कमी खलेगी। क्लार्क ने आरसीबी की जीत के जश्न में बेंगलुरू में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई। उन्होंने कहा किसी को चोटिल होते देखना या प्राण गंवाते देखना दुखद है। उम्मीद है कि ऐसा फिर कभी नहीं होगा।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी इंडोनेशिया ओपन से बाहर

**जकार्ता :** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल टीम शुक्रवार को यहां क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के मैन वेई चोंग और टी काई वुन से हारकर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

यहां 2023 में खिताब जीतने वाली भारतीय जोड़ी को मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ 43 मिनट तक चले मुकाबले में 19-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। मलेशिया की टीम की पांच मुकाबलों में भारतीय जोड़ी के खिलाफ यह पहली जीत है। सात्विक-चिराग की हार के साथ प्रतियोगिता में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गई। भारतीय जोड़ी को अपनी सर्विस और रिटर्न में संघर्ष करना पड़ा।

# पीयूष ने क्रिकेट से लिया संन्यास

**नई दिल्ली, एजेंसी**

करीब दो दशक लंबे करियर के बाद लेग स्पिनर पीयूष चावला ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। चावला ने आज सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपने संन्यास लेने के फैसले की जानकारी दी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा दो दशक से अधिक समय तक मैदान पर रहने के बाद अब समय आ गया है कि मैं इस खूबसूरत खेल को अलविदा कहूं। वह 2007 में टी-20 विश्वकप और 2011 एकदिवसीय विश्वकप की विजेता टीम का हिस्सा रहे। उन्होंने कहा कि यह उनके जीवन का आशीर्वाद है इसकी यादें हमेशा उनके दिल में बनी रहेंगी।

उन्होंने कहा ऊपर वाले की कृपा से मैं इतने लंबे समय तक क्रिकेट खेल सका। यह सफर कभी बेहद चुनौतीपूर्ण रहा, तो कभी बेहद सुकून देने वाला, लेकिन इसके हर पल ने मुझे बहुत कुछ सिखाया और बहुत कुछ दिया। ये वो यादें हैं जो ताउम्र मेरे साथ रहेंगी। मुझे हमेशा से लगता रहा है कि हर चीज का एक सही समय होता है। और आज वही पल है, जब मुझे लगा कि अब निर्णय लेना चाहिए।



पीयूष चावला। ● एजेंसी

पीयूष चावला ने भारत के लिए तीन टेस्ट, 25 एकदिवसीय और सात टी-20 मैच खेले, जिसमें उन्होंने कुल 43 विकेट लिए। वह 2011 में विश्वकप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। यह उनके करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि रही है। उन्होंने अपना आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मुकाबला वर्ष 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 मैच खेला था। उन्होंने 137 प्रथम श्रेणी मैचों में 446 विकेट लिए। छह शतकों की मदद से 5486 रन भी बनाए। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उनका करियर बेहद सफल रहा। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स टीम में रहते हुए 2012 और 2014 में दो बार खिताबी टीम का हिस्सा रहे थे। उन्होंने आईपीएल में कुल 192 विकेट लिए और वह आईपीएल के इतिहास में संयुक्त रूप से तीसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

## भारतीय कंपाउंड तीरंदाज विश्व कप से बाहर

**अंताल्या (तुर्की) :** भारतीय कंपाउंड तीरंदाजों ने शुक्रवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में निराशाजनक प्रदर्शन किया तथा कोई भी खिलाड़ी व्यक्तिगत तथा मिश्रित वर्ग में पदक दौर तक नहीं पहुंच सका। शंघाई में पिछले चरण में दो स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक के साथ दक्षिण कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर रहने वाला भारत यहां अभी तक पदकों का खाता नहीं खोल पाया है। चौथी वरीयता प्राप्त और पिछले विश्व कप की विजेता मधुरा धामनगांवकर को क्वार्टर फाइनल में मैक्सिको की पांचवीं वरीयता प्राप्त मारियाना बर्नल ने हराया।

मधुरा को महिला व्यक्तिगत वर्ग में 152-159 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियन अदिति स्वामी भी अंतिम आठ चरण में मैक्सिको की दूसरी वरीयता प्राप्त एंड्रिया बेसेरा से 147-152 से हारकर बाहर हो गईं। पुरुष वर्ग में 13वीं वरीयता प्राप्त ऋषभ यादव क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के 28वीं वरीयता प्राप्त निकोलस गिरार्ड से 149-157 से हार गए। यादव ने इससे पहले प्री क्वार्टर फाइनल में अपने सीनियर साथी अभिषेक वर्मा को 157-154 से हराया था। विश्व चैंपियन ओजस देवताले को पहले ही दौर में अमेरिका के जेम्स लुट्ज़ से 157-161 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले भारत रिकर्व और कंपाउंड दोनों वर्गों की टीम स्पर्धाओं से भी बाहर हो गया था।भारत की उम्मीदें कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में भी धराशायी हो गईं।

# मैं कैपिटल्स के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध : स्टार्क

**लंदन, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 10 दिनों के ब्रेक के बाद दोबारा शुरू होने पर उनके वापस नहीं आने का परिणाम चाहे जो भी हो वह अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स के लिए 'पूरी तरह से प्रतिबद्ध' हैं। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 नागरिकों की हत्या के बाद भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के शिविरों को निशाना बनाकर सैन्य अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव के कारण इस लीग को 10 दिनों के लिए रोकना पड़ा था।

लीग जब 17 मई से दोबारा शुरू हुई तो स्टार्क ने ऑस्ट्रेलिया के अपने ज्यादातर साथी खिलाड़ियों के उलट भारत नहीं लौटने का फैसला किया। दिल्ली कैपिटल्स की गेंदबाजी इकाई के अहम सदस्य रहे स्टार्क ने 11 मैचों में 14 विकेट लिए। वह आठ मई को धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले में भी शामिल थे, जब स्टेडियम में अचानक लाइट चली गई और खेल को रोकना पड़ा। स्टार्क की पत्नी और ऑस्ट्रेलिया महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली भी उस समय दर्शक दीर्घा में मौजूद थी। धर्मशाला की अंतरराष्ट्रीय सीमा से निकटता के कारण स्टेडियम को तुरंत खाली करना पड़ा। पैंतीस साल के स्टार्क ने कहा कि तनाव को देखते हुए उन्हें दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच होने वाले आईपीएल मैच में खेलने पर संदेह था।

'द एज' ने स्टार्क के हवाले से कहा मैं अपने फैसले और इस पूरी स्थिति को लेकर मैंने जो महसूस किया और जिस तरह से इसे संभाला, उससे मैं सहज हूं। उन्होंने कहा इसीलिए मैंने अपना निर्णय बाद में लिया और यहां (इंग्लैंड) आने से पहले करीब एक सप्ताह तक मेरा ध्यान टेस्ट क्रिकेट की तैयारी पर केंद्रित रहा। बायें हाथ के इस तेज गेंदबाज ने कहा समय ही बताएगा कि इसका क्या नतीजा होगा या फिर उन खिलाड़ियों के साथ क्या होगा जो वापस नहीं लौटे। उस मैच से पहले हालांकि मेरे मन में कुछ सवाल और चिंताएं थीं। जाहिर है कि हमने देखा कि क्या हुआ। उस घटना ने मेरे निर्णय में अहम भूमिका निभाई। स्टार्क ने कहा कि इन्हीं कारणों से उन्होंने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करने का फैसला किया था।

उन्होंने कहा चैंपियंस ट्रॉफी (पाकिस्तान में) को लेकर मेरे फैसले में कुछ हद तक यही बात थी और फिर जब टूर्नामेंट (आईपीएल) में देरी हुई, तो आप टेस्ट मैच की तैयारी के बारे में सोचना शुरू कर देते हैं। वह 11 जून से लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले जाने वाले ऑस्ट्रेलिया के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल का जिक्र कर रहे थे। स्टार्क ने कहा कि धर्मशाला में अलग-अलग खिलाड़ियों और टीमों के लिए चीजों को अलग-अलग तरीके से संभाला गया। दोनों टीमें प्रसारण दल के साथ पठानकोट से विशेष ट्रेन से दिल्ली लौटी थीं। उन्होंने कहा, '' अलग-अलग खिलाड़ियों और टीमों के लिए चीजों को अलग-अलग तरीके से संभाला गया।

धर्मशाला में पंजाब की टीम से जुड़े लोग भी थे। पंजाब के खिलाड़ियों ने लीग के लिए वापस आने का फैसला किया लेकिन जेक और मैंने ऐसा नहीं करने का फैसला किया। स्टार्क ने कहा यह एक बहुत ही व्यक्तिगत निर्णय था। इसका जो भी परिणाम हो मैं उसके साथ आगे बढ़ने को लेकर खुश रहूंगा।



● आईपीएल में 10 दिनों का ब्रेक होने के बाद वापस भारत न लौटने पर बोले-मिचेल स्टार्क

# संघीय कोर्ट ने हार्वर्ड में विदेशी छात्रों पर ट्रंप के प्रतिबंध पर लगाई रोक

**वाशिंगटन, एजेंसी**



• हार्वर्ड विश्वविद्यालय ने व्हाइट हाउस की मांगों को अस्वीकार करने के कारण उसके खिलाफ प्रतिशोध की भावना से किया गया कार्य कहा

अमेरिका की एक संघीय न्यायाधीश ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय आने वाले विदेशी छात्रों के देश में प्रवेश पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए प्रतिबंध पर अस्थायी रोक लगा दी है। ट्रंप प्रशासन द्वारा बुधवार को जारी इस घोषणा के कारण देश के सबसे पुराने और सबसे धनी कॉलेज के एक चौथाई छात्रों पर असर पड़ सकता है, जिनमें से अधिकतर हार्वर्ड के शोध और छात्रवृत्ति कार्यक्रम का हिस्सा होते हैं।

इससे कुछ समय पहले हार्वर्ड ने संघीय न्यायाधीश से ट्रंप के आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध करते हुए एक याचिका दायर की थी। विवि ने इसे व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) की मांगों को अस्वीकार करने के कारण हार्वर्ड के खिलाफ प्रतिशोध की भावना से किया गया कार्य कहा। गुरुवार को दायर संशोधित मुकदमे में हार्वर्ड ने कहा कि राष्ट्रपति पिछले अदालती आदेश को दरकिनार करने का प्रयास कर रहे हैं। इसके कुछ समय बाद बोस्टन में यूएस डिस्ट्रिक्ट जज एलिसन बरो ने ट्रंप की बुधवार की घोषणा के खिलाफ एक अस्थायी रोक का आदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि हार्वर्ड का कहना है कि मुकदमे में दोनों पक्षों को सुनने से पहले अगर यह रोक लगी तो इससे संस्थान को तत्काल और अपूरणीय क्षति होगी। बरो ने हार्वर्ड में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के नामांकन को समाप्त करने के प्रशासन के पिछले प्रयास पर लगाई गई अस्थायी रोक को भी बढ़ा दिया। गत माह गृह मंत्रालय ने विदेशी छात्रों को दाखिला देने और उनके वीजा के वास्ते कागजात जारी करने के लिए हार्वर्ड के प्रमाणन को रद किया था, लेकिन बरो ने इसको अस्थायी रूप से रोक दिया था।

# रील में बीत रही जिंदगी रियल में जा रही जान

सोशल मीडिया मंचों के बढ़ते प्रभाव के कारण युवाओं की जिंदगी एक रील की तरह बन गई है। सोशल मीडिया मंचों ने हर व्यक्ति को कलाकार बनने का मौका दे दिया है, , लेकिन रील बनाने का यह जुनून कई बार युवाओं के लिए मौत का कारण भी बन रहे हैं। कुछ पलों की वीडियो में पॉपुलर होने की चाहत लोगों को ऐसे जोखिम उठाने पर मजबूर कर रही है। खुले रेलवे ट्रैक, ऊंची इमारतें, दौड़ती सड़कें – सब अब फेमस होने की पृष्ठभूमि बन चुके हैं। ऐसी कई घटनाएं सामने आई है, जिसमें कई लोगों ने अपनी जान गंवा दी है, सवाल ये है कि आखिर लोग ऐसा रिस्क क्यों ले रहे है, रील बनाकर फेमस होने की चाल में लोग वास्तव में अपनी जान गंवा दे रहे हैं...



## कई गंवा चुके हैं जान

रील्स बनाते समय कई घटनाएं हुई, जिनमें लोगों की जान चली गई। उत्तर प्रदेश के आगरा में 6 बहनों की यमुना नदी में डूबने से मौत हो गई, जो नहाते हुए रील बना रही थीं। मध्य प्रदेश के सिवनी में युवक ट्रैक पर रील बनाते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। मेरठ में युवक पानी की टंकी से गिरा, जबकि आगरा में युवक चौथी मंजिल से गिरकर मारा गया। महाराष्ट्र में महिला इन्फ्लुएंसर जलप्रपात के पास रील बनाते समय गिर गई। ये घटनाएं दर्शाती हैं कि लोग सुरक्षा की अनदेखी कर रहे हैं, जिससे उनकी जान चली जा रही है।

## मनोवैज्ञानिक परिदृश्य

**डोपामिन और तात्कालिक संतुष्टि :** सोशल मीडिया पर लाइक्स और व्यूज मिलने से डोपामिन नामक हार्मोन रिलीज होता है, जिससे व्यक्ति को खुशी महसूस होती है। यह अनुभव व्यक्ति को बार-बार जोखिम लेने को प्रेरित करता है।

**पहचान की खोज :** आज की युवा पीढ़ी आत्मपहचान और सामाजिक मान्यता के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर निर्भर होती जा रही है। कई बार रियल लाइफ में पहचान न मिलने पर वर्चुअल दुनिया में हीरो बनने की लालसा हावी हो जाती है।

**फोमो (फेयर ऑफ मिसिंग आउट) :** दूसरे लोग अगर कुछ अलग और साहसी कर रहे हैं तो खुद को पीछे न समझा जाए, इसलिए लोग बिना सोचे-समझे वही ट्राई करते हैं।

## सामाजिक परिदृश्य

**प्रेरणा के गलत स्रोत :** वायरल वीडियो और फेमस रीलर्स को देखकर लोग सोचते हैं कि बिना खास टैलेंट के भी प्रसिद्धि पाई जा सकती है। यह सोच युवाओं को शॉर्टकट की ओर ले जाती है।

**परिवार और समाज का दबाव :** नौकरी, पढ़ाई या जीवन में असफलता के कारण लोग सोशल मीडिया को सफलता का विकल्प समझने लगते हैं, जहां एक वीडियो उनकी किस्मत बदल सकता है।

**सुरक्षा के प्रति लापरवाही :** रील बनाते समय हेलमेट न पहनना, चलती ट्रेनों के पास जाना या ऊंची जगहों से कूदने की एक्टिंग – सब यह दर्शाते हैं कि सुरक्षा का कोई स्थान नहीं है।

रील्स बनाने लेकर लोगों में काफी उत्साह होता है जो एक समय के बाद समाप्त हो जाता है और लोग खतरा उठा बैठते हैं। एक समय उनको उत्साह की अनुभूति नहीं होती है। इसके पीछे का मुख्य कारण डोपामिन का अनियंत्रित होना और रिवार्ड सर्किट होता है।
**डा. आशीष सिंह, मनोचिकित्सक, जिला अस्पताल- बरेली**

## रील देखने में करते हैं समय बर्बाद

लोग प्रतिदिन औसतन 1 से 1.5 घंटे सिर्फ शॉर्ट वीडियो देखने में ही बिता देते हैं। ऑटो-स्क्रोल फीचर, ट्रेंडिंग कंटेंट और तेज डोपामिन रिलीज होने के कारण लोग लगातार वीडियो देखते रहते हैं, जिससे समय का बड़ा हिस्सा अनजाने में व्यर्थ हो जाता है। यह आदत पढ़ाई, काम और नींद पर नकारात्मक असर डालती है। विशेषज्ञों के अनुसार, स्क्रीन टाइम को सीमित कर, एप्स में टाइम लिमिट सेट कर और जागरूक उपयोग से इस लत को कम किया जा सकता है, जिससे समय का बेहतर उपयोग हो सके।

## एक नजर

### सऊदी-सीरिया के बीच उड़ानें 12 साल बाद बहाल

**रियाद।** सऊदी अरब की कम लागत वाली एयरलाइन 'फ्लाईनास' ने रियाद और दमिश्क के बीच सीधी उड़ानें शुरू की हैं और यह सऊदी अरब और सीरिया की राजधानियों के बीच 12 वर्षों में पहली सीधी हवाई संपर्क सेवा है। एयरलाइन ने गुरुवार से रियाद के किंग खालिद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे और दमिश्क अंतर्राष्ट्रीय ह हवाई अड्डे के बीच नॉनस्टॉप उड़ान सेवा शुरू कर दी है। 'फ्लाईनास' के कार्यकारी अधिकारी बांदर अलमोहन्ना ने कहा, एयरलाइन सीरिया के लिए अपनी उड़ानें फिर से शुरू करने से प्रसन्न है। यह कदम दोनों देशों के बीच संपर्क को मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

### नाटो ने रक्षा निवेश मांग पर जताई सहमति

**ब्रसेल्स।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव मार्क रूट ने गुरुवार को कहा कि नाटो में अमेरिका के अधिकतर सहयोगी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस मांग का समर्थन करते हैं कि वे अपने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5 प्रतिशत अपनी रक्षा आवश्यकताओं पर निवेश करें और सुरक्षा खर्च को और भी बढ़ाने के लिए तैयार रहें। रूट ने ब्रसेल्स में नाटो रक्षा मंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता के बाद कहा, ट्रंप के इस प्रस्ताव को व्यापक समर्थन मिला है। हम वास्तव में बेहद करीब हैं और हमें पूरा विश्वास है कि तीन सप्ताह में होने वाले अगले नाटो शिखर सम्मेलन में इस पर सहमति बन जाएगी।

### क्रूज ने सर्वाधिक छलांग लगाने का बनाया रिकॉर्ड

**लास एंजिलिस।** हॉलीवुड अभिनेता टॉम क्रूज ने जलते हुए पैराशूट से 16 बार छलांग लगाने के साथ ही सर्वाधिक बार ऐसा कारनामा करने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बना लिया है। उन्होंने अपनी नवीनतम फिल्म मिशन : इम्पॉसिबल – द फाइनल रेकनिंग के फिल्मांकन के दौरान ये उपलब्धि हासिल की। जून में दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फिल्म में साहसिक दृश्य दिखाया गया है, जिसमें लाइसेंसधारी स्काईडाइवर क्रूज विमानन ईंधन में भीगे पैराशूट से बंधे हुए एक हेलीकॉप्टर से छलांग लगाते है और उसमें आग लगा देते हैं। उन्होंने यह हैरतअंगेज कारनामा (स्टंट) 16 बार किया।

### रूस के मिसाइल हमले से यूक्रेन में तीन की मौत

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के छह क्षेत्रों को 407 ड्रोन और 44 मिसाइलों से निशाना बनाया, जो तीन साल के युद्ध के सबसे बड़े हवाई हमलों में से एक है। यूक्रेन के अधिकारियों के अनुसार, रात के समय हुए हमले में कीव में आपातकालीन प्रतिक्रिया दल के तीन कर्मी मारे गए। यूक्रेनी वायुसेना के प्रवक्ता युरी इहनात ने बताया कि इस बमबारी में बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों के साथ ड्रोन का भी इस्तेमाल किया गया। यूक्रेनी सेना ने बताया कि उसने 30 क्रूज मिसाइलों और 200 से अधिक ड्रोन को मार गिराया। फरवरी 2022 में रूस द्वारा अपने पड़ोसी देश पर आक्रमण शुरू करने के बाद से यूक्रेनी शहरों पर नियमित रूप से बमबारी की जाती रही है।

### बाल पोर्नोग्राफी : 12 देशों से 20 लोग हुए गिरफ्तार

**ल्योन (फ्रांस)।** बाल पोर्नोग्राफी सामग्री के खिलाफ 12 देशों में चलाए अभियान के दौरान यूरोप और अमेरिका में 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वैश्विक पुलिस संगठन इंटरपोल ने यह जानकारी दी है। इंटरपोल के मुताबिक, स्पेन पुलिस के नेतृत्व में चलाया गया यह अभियान पिछले साल के अंत में शुरू हुआ था, जब पुलिस अधिकारियों ने बाल पोर्नोग्राफी से जुड़ी तस्वीरें प्रसारित करने वाले ऑनलाइन मैसेजिंग समूहों की पहचान की थी।

# मस्क ने अंतरिक्ष कैप्सूल की सेवाएं रद्द करने की पहले दी धमकी, बाद में पलटे

## कुछ घंटों बाद ही अरबपति उद्यमी ने कहा- वह अपनी धमकी पर नहीं करेंगे अमल

**वाशिंगटन, एजेंसी**



• स्पेसएक्स और स्टारलिंक के ठेकों को रद्द करने की ट्रंप की धमकी का जवाब दिया था एलन मस्क ने

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और एलन मस्क के बीच सोशल मीडिया पर गुरुवार को बहस हुई तो दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अंतरिक्ष यात्रियों को ले जाने वाले तथा सामान की आपूर्ति करने वाले अंतरिक्ष कैप्सूल की सेवाएं देना बंद करने की धमकी दी। कुछ घंटों बाद मस्क ने कहा कि वह अपनी धमकी पर अमल नहीं करेंगे।

जब ट्रंप ने मस्क की रॉकेट कंपनी स्पेसएक्स और उनकी स्टारलिंक इंटरनेट सैटेलाइट सेवाओं को दिए गए सरकारी ठेकों को रद करने की धमकी दी, तो मस्क ने एक्स पर जवाब देते हुए कहा कि स्पेसएक्स अपने ड्रैगन अंतरिक्ष यान की सेवाएं प्रदान करना तुरंत बंद करेगा। यह स्पष्ट नहीं था कि धमकी कितनी गंभीर है, लेकिन कुछ घंटे बाद एक्स उपयोगकर्ता को दिए उत्तर में उन्होंने कहा कि वह ऐसा नहीं करेंगे। सरकारी ठेके के तहत विकसित किया गया कैप्सूल अंतरिक्ष स्टेशन को संचालित रखने में मुख्य भूमिका निभाता है। नासा अपने अन्य कार्यक्रमों के लिए स्पेसएक्स पर निर्भर है, जिनमें वैज्ञानिक मिशनों का प्रक्षेपण और इस दशक में अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा की सतह पर वापस भेजना शामिल है।

### नासा की बढ़ सकती थीं मुश्किलें

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और एलन मस्क में सोशल मीडिया पर गुरुवार को हुई बहस के बाद सरकारी ठेके के तहत विकसित किया गया कैप्सूल अंतरिक्ष स्टेशन को संचालित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नासा भी अपने अन्य कार्यक्रमों के लिए स्पेसएक्स पर काफी हद तक निर्भर है, जिनमें वैज्ञानिक मिशनों का प्रक्षेपण और इस दशक के अंत में अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा की सतह पर वापस भेजना शामिल है।

**ड्रैगन कैप्सूल :** स्पेसएक्स अकेली अमेरिकी कंपनी है जो अपने चार सदस्यीय ड्रैगन कैप्सूल से अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष स्टेशन तक ले जाने और वापस लाने में सक्षम है। बोइंग का स्टारलाइनर कैप्सूल अब तक सिर्फ एक बार ही अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर उड़ान भर पाया है, पिछले साल की परीक्षण उड़ान इतनी खराब रही कि दो नासा अंतरिक्ष यात्रियों को स्पेसएक्स से धरती पर लौटना पड़ा। स्टारलाइनर का अब उपयोग नहीं हो रहा है, क्योंकि नासा यह तय कर रहा है कि अगली परीक्षण उड़ान में मानव दल भेजा जाए या सिर्फ़ सामान। स्पेसएक्स अपने निजी रूप से संचालित मिशनों के लिए भी ड्रैगन कैप्सूल का उपयोग करता है। ऐसा अगला मिशन अगले सप्ताह उड़ान भरने वाला है, जिसे ह्यूस्टन की कंपनी ऐक्सियम स्पेस ने किराये पर लिया है।

### नासा के लिए दूसरा विकल्प है रूस का सोयूज कैप्सूल



रूस के सोयूज कैप्सूल इस वक्त अंतरिक्ष यात्रयों को अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचाने के एकमात्र अन्य विकल्प हैं। सोयूज़ कैप्सूल एक बार में तीन लोगों को ले जा सकते हैं। फिलहाल, हर सोयूज़ प्रक्षेपण में दो रूसी अंतरिक्ष यात्री और एक नासा अंतरिक्ष यात्री होते हैं, जबकि हर स्पेसएक्स प्रक्षेपण में एक रूसी अंतरिक्ष यात्री शामिल होता है- यह अदला-बदली व्यवस्था के तहत किया जाता है। इस तरह, किसी आपात स्थिति में जब किसी कैप्सूल को वापस लौटना पड़े, तो उसमें हमेशा एक अमेरिकी और एक रूसी अंतरिक्ष यात्री मौजूद रहता है।

## फ्यूगो का तांडव



ग्वाटेमाला के सैन जुआन अलोटेनैंगो से फ्यूगो ज्वालामुखी के गड्ढे से निकले लावे ने अद्भुत लेकिन खतरनाक नजारा पेश किया। रात के अंधेरे में यह दृश्य प्रकृति की प्रचंड शक्ति का प्रतीक बनकर सामने आया। एजेंसी

# जापान का चंद्र मिशन असफल रहा

**तोक्यो, एजेंसी**



• निजी लैंडर चंद्रमा पर उतरते समय हुआ दुर्घटनाग्रस्त

जापान का निजी लैंडर शुक्रवार को चंद्रमा पर उतरने का प्रयास करते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। तोक्यो की कंपनी आईस्पेस ने लैंडर से संपर्क टूटने के कई घंटे बाद मिशन को विफल घोषित किया। प्रक्षेपण नियंत्रकों ने संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उन्हें कोई संदेश नहीं मिला जिसके बाद उन्होंने कहा कि वे मिशन को समाप्त कर रहे हैं।

अंतरिक्षयान के मिनी रोवर के साथ चंद्रमा पर उतरने से दो मिनट पहले ही संचार बंद हो गया। उससे पहले तक ऐसा लग रहा था कि चंद्रमा की कक्षा से उतरने की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। आईस्पेस के संस्थापक ताकेशी हाकामादा ने मिशन में योगदान देने वाले सभी लोगों से माफी मांगी। यह आईस्पेस का दूसरा चंद्र मिशन था। कंपनी का चंद्रमा पर पहुंचने का पहला प्रयास भी दो साल पहले विफल रहा था, जिसके बाद लैंडर का नाम रेसिलिएंस रखा गया। रेसिलिएंस चंद्रमा की धूल के लिए रोवर और सतह पर रखने को खिलौनाघर भी लेकर गया था।

# भारत में हाशिये पर पड़े समुदायों के कुछ लोग सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर : गवई

**लंदन, एजेंसी**



• सीजेआई ने लंदन के ऐतिहासिक ग्रेज इन में डॉ. आंबेडकर की स्थायी विरासत पर प्रकाश डाला

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने कहा कि हाशिये पर पड़े समुदायों के प्रतिनिधि आज भारत के कुछ सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर हैं, जो डॉ. बीआर आंबेडकर के समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व के दृष्टिकोण के अनुरूप है। गवई ने लंदन के ऐतिहासिक ग्रेज इन में गुरुवार शाम को भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर विशेष व्याख्यान में संविधान निर्माता के रूप में डॉ. आंबेडकर की स्थायी विरासत पर प्रकाश डाला।

आंबेडकर ने एक सदी से भी पहले ग्रेज इन से ही बैरिस्टर की उपाधि प्राप्त की थी। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि आधुनिक इतिहास के सबसे महान विधि विशेषज्ञों में से एक डॉ. आंबेडकर की विरासत पर विचार करना उनके लिए अविश्वसनीय रूप से भावनात्मक क्षण है। उन्होंने कहा कि उनके (सीजेआई के) खुद के करियर में भी इनका गहरा असर रहा है। सीजेआई ने कहा कि आंबेडकर की तरह ही हाशिये पर पड़े दलित सामाजिक पृष्ठभूमि वाले प्रतिनिधि आज देश के कुछ सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर विराजमान हैं, जो बाबा साहब के भारतीय समाज के सभी वर्गों के लिए समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए काम कर रहे हैं। गवई ने कहा कि इस ऐतिहासिक संस्थान में खड़े होकर, मुझे डॉ. आंबेडकर द्वारा छोड़ी गई विरासत की याद आती है, जो केवल कानूनी क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की बुनियाद में भी है।

# पाकिस्तान के साथ चीन को नजरअंदाज करना असंभव

**वाशिंगटन, एजेंसी**



कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि भारत एवं पाकिस्तान के बीच हालिया संघर्ष के परिदृश्य में चीन ऐसा कारक है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। थरूर ने जोर दिया कि भारत और चीन के रिश्तों पर जमी बर्फ पिघलने की कवायद इस संघर्ष से पहले, पिछले कुछ महीनों में अच्छी प्रगति करती प्रतीत हो रही थी।

अमेरिका में संसदीय दल का नेतृत्व कर रहे थरूर ने कहा, हम जानते हैं कि चीन का पाकिस्तान में बहुत बड़ा हित है। उन्होंने भारतीय दूतावास में 'थिंक टैंक' के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। थरूर ने कहा कि बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के तहत सबसे बड़ी एकल परियोजना चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा है और 81 प्रतिशत पाकिस्तानी रक्षा उपकरण चीन से आए हैं।


थरूर ने कहा कि जून 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़पों के बाद से चीन और भारत के बीच तनाव के बावजूद चीन के साथ रिश्तों में जमी बर्फ पिछले साल सितंबर में वास्तव में पिघलने लगी थी और यह कवायद भारत-पाकिस्तान संघर्ष के होने से पहले प्रगति कर रही थी। फिर पाकिस्तान के लिए व्यावहारिक समर्थन के मामले में सुरक्षा परिषद में भी हमने अलग चीन देखा। पड़ोस के संदर्भ में हमारे सामने क्या चुनौतियां हैं, इसे लेकर हमें कोई भ्रम नहीं है लेकिन मैं आप सभी को याद दिलाना चाहता हूं कि भारत ने अपने विरोधियों के साथ भी संवाद के माध्यम खुले रखने का रास्ता हमेशा चुना है।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-चीन के बीच हुई पहली कूटनीतिक वार्ता

**बीजिंग।** विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि भारत और चीन के शीर्ष राजनयिकों ने पिछले वर्ष दोनों देशों के नेताओं के बीच बनी सहमति को लागू करने के लिए द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। चीन में भारत के राजदूत प्रदीप कुमार रावत और चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेदोंग के बीच गुरुवार को हुई बैठक ऑपरेशन सिंदूर के बाद दोनों देशों के बीच पहली कूटनीतिक वार्ता है। चीनी विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया कि दोनों पक्षों ने दोनों देशों के नेताओं के बीच बनी महत्वपूर्ण सहमति को गंभीरतापूर्वक लागू करने के लिए मिलकर काम करने की इच्छा व्यक्त की। बयान में कहा गया है कि दोनों पक्ष सांस्कृतिक संबंधों और पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को बढ़ावा देने, मतभेदों को उचित रूप से दूर करने और स्वस्थ व स्थायी तौर पर चीन-भारत संबंधों के विकास को बढ़ावा देने के तरीकों पर भी काम कर रहे हैं। दोनों पक्षों ने साझा चिंता के मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया।

# रूस ने ब्रिटिश काउंसिल को किया अवांछनीय घोषित

**मॉस्को, एजेंसी**



रूस ने ब्रिटिश काउंसिल को अवांछनीय संगठन घोषित करते हुए आरोप लगाया है कि ब्रिटेन की खुफिया सेवा एमआई-6 ब्रिटिश काउंसिल की आड़ में काम करती है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने गुरुवार को जारी बयान में आरोप लगाया कि ब्रिटेन की खुफिया सेवाएं देशों की संप्रभुता को कमजोर करने के उद्देश्य से ब्रिटिश काउंसिल का इस्तेमाल करती हैं।

जखारोवा ने कहा, रूस के सक्षम प्राधिकारियों को जानकारी मिली है कि ब्रिटिश खुफिया सेवाएं स्वतंत्र देशों की संप्रभुता को कमजोर करने के उद्देश्य से अभियानों में ब्रिटिश काउंसिल का इस्तेमाल करती हैं और यह विध्वंसक गतिविधियों में शामिल है। रूसी महाभियोजक के कार्यालय ने ब्रिटिश काउंसिल को अवांछनीय संगठन घोषित किया है, यह 2018 से निष्क्रिय है। जखारोवा ने यूक्रेन अभियान पर कहा कि विशेष सैन्य अभियान की शुरुआत के बाद ब्रिटिश काउंसिल ने ब्रिटेन सरकार के शत्रुतापूर्ण रूसी विरोधी कदमों में साथ दिया। प्रवक्ता ने कहा कि संगठन ने हमारे देश के नेतृत्व की नीति को बदनाम करने और दुनिया के कई क्षेत्रों, विशेष रूप से स्वतंत्र राष्ट्रों के राष्ट्रमंडल में रूसी प्रभाव को कम करने के सामान्य पश्चिमी प्रयास में जोर शोर से मदद की।

# यमुना के प्रदूषण में दिल्ली का योगदान 76 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में यमुना की कुल लंबाई का केवल दो प्रतिशत हिस्सा है, इसके बावजूद नदी में 76 प्रतिशत प्रदूषण के लिए राजधानी जिम्मेदार है। एक अध्ययन में यह बात कही गई है। दिल्ली में यमुना 52 किलोमीटर तक बहती है, जिसमें से 22 किलोमीटर का महत्वपूर्ण हिस्सा- वजीराबाद से ओखला तक- कई नियोजन और नीतिगत प्रयासों का केंद्र बिंदु बन गया है। अनुपचारित और आंशिक रूप से उपचारित मलजल छोड़ा जाना नदी में प्रदूषण का प्राथमिक कारण है। अध्ययन अनुसार शहर में प्रतिदिन 792 मिलियन गैलन (एमजीडी) मलजल उत्पन्न होता है जबकि केवल 618 एमजीडी का उपचार होता है। इस उपचारित जल का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा अब भी निर्धारित निर्वहन मानकों को पूरा करने में विफल रहता है।

**नसीहत** तीन सदस्यीय पीठ ने हत्या के चार आरोपियों को जमानत के आदेश को रद्द कर की टिप्पणी

# बिना सोच-विचार किए अग्रिम जमानत न दें

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गंभीर अपराधों से जुड़े मामलों में अग्रिम जमानत बिना सोच-विचार किए नहीं दी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संजय करोल और संदीप मेहता की तीन सदस्यीय पीठ ने हत्या के एक मामले में चार आरोपियों को अग्रिम जमानत दिए जाने के आदेश को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की।

पीठ ने एक मई के दिए आदेश में कहा, पटना हाईकोर्ट के आदेश में, भारतीय दंड संहिता की धारा 302 और 307 के तहत गंभीर अपराधों से जुड़े मामले में अग्रिम जमानत देने का कोई तर्कपूर्ण आधार नहीं बताया गया है। यह समझ से परे है कि उक्त आदेश क्यों दिया गया और इसमें न्यायिक विश्लेषण का अभाव है। गंभीर अपराधों से जुड़े मामलों में, इस तरह से बिना सोच-विचार किए अग्रिम जमानत देना उचित नहीं है और इसे रद किया जाना चाहिए।

प्राथमिकी और दी गई सामग्री को सरसरी तौर पर पढ़ने पर शीर्ष अदालत ने पाया कि अपीलकर्ता के पिता पर हमला किया गया और उसकी हत्या अपीलकर्ता की उपस्थिति में हुई। शीर्ष अदालत ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि यह घटना एक रास्ते को अवरूद्ध करने से जुड़े विवाद से उपजी है। जैसा कि प्राथमिकी में कहा गया है, आरोपियों की विशिष्ट भूमिकाएं इस बात का संकेत देती हैं कि पीड़ित (जिसकी बाद में मृत्यु हो गई) के अचेत हो जाने के बाद भी उन्होंने हमला जारी रखा।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट मामले में आरोपों की गंभीरता और प्रकृति को समझने में स्पष्ट रूप से विफल रहा। इसलिए, आरोपी को आठ सप्ताह में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया जाता है। यह आदेश मृतक के बेटे द्वारा दायर याचिका पर आया, जिसमें अग्रिम जमानत देने के आदेश को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ता के पिता पर, 2023 में पड़ोसियों के बीच विवाद होने के दौरान सरिया और लाठियों से हमला किया गया था।

### पशु कुर्बानी के आदेश पर तत्काल सुनवाई से इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में विशालगढ़ किले में दरगाह पर ईद-उल-अजहा और उर्स पर पशु कुर्बानी की अनुमति देने वाले बंबई हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर शुक्रवार को तत्काल सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। किला संरक्षित स्मारक है, जिसका हवाला देते हुए अधिकारियों ने परिसर में पशुओं और पक्षियों के वध पर रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट के तीन जून के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया था। वकील ने कहा, कल बकरीद है और हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र के विशालगढ़ में संरक्षित स्मारक में कुर्बानी की अनुमति दी है।